


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
vaartha hindi
@vaartha_hindi
vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 10 (हैदराबाद, विशाखापट्टणम, निजामाबाद, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु. 10 2082 सोमवार, 7 अप्रैल -2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ 16 मूल्य: 8 रुपये

### किसान नेता डल्लेवाल का 131 दिन बाद अनशन खत्म

खन्ना, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद आमरण अनशन खत्म कर दिया है। रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में किसान महापंचायत में उन्होंने इसका ऐलान किया। डल्लेवाल ने कहा कि किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है। काफी समय से किसान उन्हें अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को अनशन शुरू किया था। 19 मार्च को पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर समेत अन्य किसानों को हिरासत में लेकर खनौरी और शंभू बॉर्डर खाली करा लिए थे।




## मोदी बोले- तमिलनाडु के नेता तमिल में सिग्नेचर नहीं करते

### राज्य सरकार डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल में कराए, भाषा विवाद के बीच पीएम का तंज

चेन्नई, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और ट्रायलैंग्वेज को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। उन्होंने यहां एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

उन्होंने भाषा विवाद का जिक्र किए बिना तमिलनाडु के डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी। पीएम ने कहा- मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वो डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल भाषा में कराए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। आश्चर्य की बात है कि कोई नेता तमिल में सिग्नेचर नहीं करता। तमिल का गौरव बने, इसलिए इन लोगों को स्थानीय भाषा में



सिग्नेचर करना चाहिए।

**डीएमके सरकार हिंदी को लागू नहीं करना चाहती :**

तमिलनाडु सरकार पिछले दो महीने से नई शिक्षा नीति के तहत राज्य में ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने का विरोध कर रही है। पॉलिसी के तहत तमिल, अंग्रेजी के अलावा हिंदी को भी शिक्षा के माध्यम में शामिल करने का प्रस्ताव है। डीएमके चीफ और सीएम स्टालिन इसका विरोध कर रहे हैं।

**पीएम ने रामेश्वरम मंदिर में दर्शन किए :**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामनवमी पर तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री 3 दिन के श्रीलंका दौरे से सीधे रामेश्वरम पहुंचे। श्रीलंका से लौटते हुए मोदी ने विमान से रामसेतु देखा। उन्होंने इसका वीडियो भी पोस्ट किया है। मोदी ने लिखा- श्रीलंका से लौटते हुए विमान से रामसेतु के दर्शन किए। यह तभी हुआ, जब अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का सूर्य तिलक हो रहा था। यह दिव्य अनुभव था। प्रभु श्रीराम हम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनकी कृपा सदैव हम पर बनी रहे।

मोदी रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम पहुंचे। हालांकि, उन्हें रिसीव करने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन नहीं पहुंचे। सीएम उदगमंडलम में सरकारी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन कर रहे थे। मोदी पिछले साल भी रामेश्वरम आए थे। यहां अग्नि तीर्थम पर डुबकी लगाने के बाद रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की थी। इस दौरान उन्होंने रामायण पाठ और भजन संध्या में भी हिस्सा लिया था। मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम से जुड़े उन सभी मंदिरों में दर्शन किया था, जिनका रामायण में जिक्र है। इसी कारण से वे रामनाथस्वामी मंदिर आए थे।

## पीएम ने रामेश्वरम में नए पम्बन ब्रिज का उद्घाटन किया




रामेश्वरम, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। नया पम्बन ब्रिज 2.08 किमी लंबा है। इसकी नींव नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ही नवंबर, 2019 में इसकी नींव रखी थी। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। > 14

## रामलला का सूर्य तिलक

### अभिजीत मुहूर्त में ललाट पर 4 मिनट पड़ी किरणें

### अयोध्या में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे



अयोध्या, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। रामनगरी में चहुंओर आराध्य के जन्मोत्सव की खुशी है। उत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासी ही नहीं अपितु सकल प्रदेश और देशवासी उत्सुक रहे। रविवार को सुबह से राम मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम शुरू हो गए। दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया।

इस मौके का साक्षी बनने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। आने वाले भक्तों पर ड्रोन से सरयू के पवित्र जल की फुहारों से बारिश की गई। गली गली में भक्तों की कतारें दिखीं। इस दौरान पूरी नगरी श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रही।

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गईं।

लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर %5 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया। राम जन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण करके भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर ठीक 12 बजे रामजन्म के साथ ही सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक रामलला का ₹सूर्य तिलक किया। अध्यात्म व विज्ञान के इस अद्भुत संगम को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित दिखा। सुबह 3:30 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन का क्रम चलता रहा।

## भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

### नड्डा बोले- भाजपा जो कहती है वो करती है

### कामयाबी के साथ अतीत को भी याद रखना होगा

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस बना रही है। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा का झंडा फहराया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा। हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है। उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

नड्डा ने आगे कहा- हमने राममंदिर बनाने का वादा किया तो पूरा किया। धारा 3%0 खत्म करने का वादा किया तो पूरा किया।



भाजपा जो कहती है वो करती है। यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में बार-बार जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

दरअसल, भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर भाजपा के सभी राज्य मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा के नेता जगह-जगह पार्टी का झंडा फहरा रहे हैं।

साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है।

हमने हमेशा राष्ट्र को हर चीज से ऊपर रखा है, किसी व्यक्ति या विशेष हितों के पक्ष में काम नहीं किया है।

शाहबानो मामले में राजीव गांधी सरकार मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों के दबाव में आकर तुष्टीकरण की राजनीति में फंस गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने तीन तलाक को समाप्त करके ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे मुस्लिम महिलाओं को सशक्त और स्वतंत्र बनाया गया।

हम एक जन-आधारित पार्टी हैं। मैं अपनी पार्टी के लोगों से अनुरोध करता हूं कि जब आप किसी भी बूथ पर जाएं और आपको जनसंघ का कोई सदस्य या भाजपा का कोई संस्थापक सदस्य मिले, तो कृपया उसके घर जाएं।

## उम्मीद का प्रतीक कमल का फूल

### बीजेपी के स्थापना दिवस पर बोले अमित शाह

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, कमल का फूल अब देशवासियों के दिलों में विश्वास और उम्मीद का नया प्रतीक बन गया है।

अमित शाह ने अपनी पोस्ट में कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने पिछले 10 सालों में सेवा, सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरण के जो काम किए हैं, वे आने वाले दिनों में मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि करोड़ों बीजेपी कार्यकर्ता अपनी विचारधारा के प्रति निष्ठावान रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करते रहेंगे।

**वंचितों-महिलाओं का कल्याण सुनिश्चित किया :**

गृहमंत्री ने पार्टी की पुरानी



उपलब्धियों को भी याद किया। उन्होंने अनुच्छेद 3%0 को हटाने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के आंदोलन का जिक्र किया। शाह ने कहा कि पार्टी ने हमेशा गरीबों, वंचितों और महिलाओं के कल्याण को सुनिश्चित किया है। चाहे श्री राम मंदिर आंदोलन को हर व्यक्ति तक ले जाना हो, अनुच्छेद 3%0 को हटाना हो, या गरीबों, वंचितों और महिलाओं का कल्याण सुनिश्चित करना हो, बीजेपी ने हमेशा राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखा है।

## नेता को पार्टी और कार्यकर्ताओं को अपना परिवार समझना चाहिए

### नितिन गडकरी की नसीहत

नागपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एक राजनीतिक नेता के लिए पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए। उसे पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्य की तरह समझना चाहिए। नितिन गडकरी नागपुर शहर में भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक



सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे।

गडकरी ने कहा, एक नेता के लिए उसकी पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए और पार्टी के कार्यकर्ता परिवार के सदस्यों की तरह। आपको पार्टी कार्यकर्ताओं से वैसा ही प्यार करना चाहिए, जैसा आप अपने बच्चों से करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके और फडणवीस जैसे नेताओं को आज जो कुछ भी बनना है, उसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद अनिवार्य है। > 14

## एमए बेबी बने सीपीआई एम के महासचिव

### येचुरी के निधन के बाद से खाली था पद

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल सरकार के पूर्व मंत्री एमए बेबी को सीपीआईएम पार्टी का नया महासचिव नियुक्ति किया गया है। सीपीआईएम पार्टी की 24वीं पार्टी कांग्रेस बैठक में ये फैसला लिया गया। सीताराम येचुरी के निधन के बाद से यह पद खाली था। सीपीआईएम पार्टी की कांग्रेस बैठक रविवार को तमिलनाडु के मदुरैइ में आयोजित हुई। इसी बैठक में पार्टी के अगले महासचिव के तौर पर एमए बेबी के नाम पर मुहर लगी।

कौन हैं एमए बेबी :

%0 वर्षीय एमए बेबी (मरियम एलेक्जेंडर बेबी) ने सीपीआईएम की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया से सक्रिय राजनीति



की शुरूआत की थी। इसके बाद बेबी पार्टी की यूथ विंग डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया से जुड़े। वह साल 1986 से 1998 तक सीपीआईएम की तरफ से राज्यसभा के सांसद रहे। सीपीआईएम महासचिव बनने की रेस में एमए बेबी के अलावा ऑल इंडिया किसान सभा के अध्यक्ष अशोक धवाले का भी नाम भी शामिल था। बीते साल सितंबर में सीताराम येचुरी के निधन के बाद से सीपीआईएम महासचिव का पद खाली था। अभी तक प्रकाश करात अस्थायी तौर पर पार्टी के महासचिव पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीपीआईएम के प्रमुख बनने वाले एमए बेबी केरल से दूसरे नेता हैं। इनसे पहले ईएम नंबूदरीपाद भी ये जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पोलित ब्यूरो के 16 सदस्यों में से 11 सदस्यों ने एमए बेबी के नाम का समर्थन किया। एमए बेबी केरल के कोल्लम जिले के प्रक्कुलम इलाके के निवासी हैं।

## केरल-आंध्र समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार

### गुजरात, राजस्थान और हिमाचल में लू की चेतावनी

### मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में गर्मी बढ़ेगी

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। आज देश के कई हिस्सों में मौसम करवट लेगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक राजस्थान, गुजरात में लू का असर बना रहेगा। साथ ही मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब समेत 6 राज्यों के कुछ हिस्सों में भी गर्मी बढ़ेगी।

वहीं केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, असम और मेघालय समेत 8 राज्यों में बारिश और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। इन इलाकों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी आ सकती है और बिजली गिरने की भी संभावना है। इधर, राजस्थान में गर्मी तेज होनी शुरू हो गई है। बाड़मेर जिले में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। अगले 3-4 दिनों में पारा 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मध्यप्रदेश में भी राजस्थान से जुड़े जिलों में कल से लू चलेगी। राज्य में कल से हीटवैव का अलर्ट है। 7 अप्रैल तक केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं। वहीं पशचिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के कुछ हिस्सों में 9 अप्रैल तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। 8 अप्रैल से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश और तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि की संभावना है।

## रामनवमी पर पश्चिम बंगाल समेत 8 राज्यों में हाईअलर्ट

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। आज देशभर में रामनवमी मनाई जा रही है। राज्यों में शोभा यात्रा-जुलूस निकाले जा रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पशचिम बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार शामिल हैं। किसी भी तरह की हिंसक घटनाओं से बचने के लिए प्रशासन हाईअलर्ट पर है। पशचिम बंगाल में हावड़ा समेत 10 जिले हाईअलर्ट पर हैं। राज्य में 5 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

भाजपा ने कोलकाता में बाइक रैली निकाली। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी है। जयपुर और टोंक के कुछ इलाके संवेदनशील हैं। दोनों ही शहरों में पुलिस हाई अलर्ट पर है।

## आम महिला ने ड्रम में चुनवाया मेरी पत्नी तो अफसर है

### यूपी की डीएसपी श्रेष्ठा के पति बोले- झूठे केस में फंसाया, लेडी सिंघम ने कहा- वो फ्रॉड

आरा (भोजपुर), 6 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी की तेजतर्रार महिला डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर और उनके पति रोहित सिंह के तलाक मामले में नई कहानी सामने आई है। आरा के अमराई नवादा के रहने वाले रोहित सिंह ने अपनी पत्नी श्रेष्ठा ठाकुर पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जेल से बाहर आने के बाद रोहित पहली बार आरा में मीडिया के सामने आए और अपनी पत्नी श्रेष्ठा ठाकुर के साथ रिश्ते को लेकर बड़े खुलासे किए। रोहित का कहना है कि, श्रेष्ठा ने डेट पर मुझे लखनऊ बुलाया। पहली ही मुलाकात में हम दोनों साथ रहे और रात बीतने के बाद अगले ही दिन श्रेष्ठा ने लखनऊ में दबाव बनाकर मुझ से शादी कर ली। एक आम महिला ने पति को मारकर ड्रम में भर दिया, मेरी तो अफसर है। हालांकि, डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर ने इन सारे आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि रोहित कई लड़कियों के साथ फ्रॉड कर चुका है।

**श्रेष्ठा ने शादी के लिए दबाव बनाया था :**

रोहित ने बताया, 2017 में एक दोस्त के जरिए फेसबुक पर श्रेष्ठा ठाकुर से बात होने लगी। श्रेष्ठा ने मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा था। हम दोनों ने करीब दो महीने तक चैटिंग की, फिर मुलाकात हुई तो नजदीकियां बढ़ीं। इसके बाद अपना नंबर शेयर किया। हम दोनों की रजामंदी हुई और लखनऊ में मिलने का प्लान बनाया।

सुविचार
जीवन का सच्चा विश्राम आत्म अनुभूति में है।

# तेलंगाना में डबल इंजन सरकार जरूरी : डॉ.लक्ष्मण



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा सदस्य और बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर देशभर में पार्टी के झंडे को लेकर जश्न मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश भर में हर कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का झंडा फहरा रहा है, बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठकें कर रहा है और लोगों को तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिए गए साहसिक और सकारात्मक फैसलों के बारे में बता रहा है।पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक महान इरादे और उद्देश्य के साथ पार्टी की स्थापना की। नरेंद्र मोदी उन्हीं सिद्धांतों और लक्ष्यों पर कायम रहकर शासन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर बनाया, वह भूमि जहां भगवान राम का जन्म हुआ था। संसद के पहले सत्र में ही वक्फ संशोधन बिल संसद में पेश और मंजूरी दे दी गई. ये वक्फ बिल एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मुसलमानों के गरीब तबके खासकर पसमांदा मुसलमानों को न्याय दिलाने और वक्फ संपत्तियों का फायदा पहुंचाने के इरादे से यह बिल लेकर आई है। मोदी सरकार ने इस वक्फ बिल पर जेपीसी बनाई और लोकतांत्रिक तरीके से लाखों लोगों की राय ली। पार्टी के गठन के उद्देश्य को याद करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के शासन से अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी के सपने साकार हो रहे हैं। विभिन्न राज्यों में हो रहे चुनावों में लोग मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं और बीजेपी को जीत दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग दक्षिण में, खासकर तेलंगाना में डबल इंजन सरकार की आकांक्षा कर रहे हैं। तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को दक्षिण में भाजपा को जिताने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# श्री रामनवमी शोभा यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामनवमी शोभा यात्रा रविवार को पुराने शहर के आसिफनगर स्थित सीतारामबाग मंदिर से शुरू हुई। हजारों लोग इस शोभा यात्रा में भाग ले रहे हैं जो पुराने शहर के कई क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और कोटि के हनुमान टेकरी में एक सार्वजनिक बैठक में समाप्त होगी। रास्ते में, गोशामहल के भाजपा विधायक टी राजा सिंह सहित कई अन्य जुलूस मुख्य जुलूस में शामिल होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोक कलाकार इसमें भाग ले रहे हैं और अपने प्रदर्शन से प्रतिभागियों और दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। पुलिस ने जुलूस के मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस बंजारा हिल्स स्थित कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से जुलूस पर कड़ी नजर रख रही है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 284 लोगों पर मामला

## ज्यादातर लोग दोपहिया वाहन चलाते पकड़े गए



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद यातायात पुलिस ने शनिवार रात शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच के दौरान 284 लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए। सबसे ज्यादा 248 लोग नशे की हालत में दोपहिया वाहन चलाते पकड़े गए। साइबराबाद में सबसे ज्यादा 53 लोगों को मियापुर ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने मामले दर्ज कर वाहनों को जब्त कर लिया है। पकड़े गए सभी लोगों को काउंसलिंग में शामिल होने और कोर्ट में पेश होने को कहा गया है।

# मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने श्री सीताराम स्वामी कल्याणम में भाग लिया



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर और स्थानीय विधायक गणेश ने परिवार के सदस्यों के साथ बोइनपल्ली में टाडबंड अंजनेयस्वामी मंदिर में विशेष पूजा की और श्री राम नवमी के अवसर पर श्री सीता राम स्वामी कल्याणम में भाग लिया। बाद में, वैदिक विद्वानों ने मंत्री पोन्नम प्रभाकर को स्वामी का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि भगवान राम सभी को आशीर्वाद दें और आज तेलंगाना में श्री रामनवमी हर्ष और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वह तेलंगाना के लोगों को राम राज्य की तरह हमारी लोक प्रशासन सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को विकसित करने और सार्वजनिक समस्याओं को हल करने के लिए आशीर्वाद और शक्ति प्रदान करें।

# पीडीएस चावल ट्रांसपोर्टर गिरफ्तार

## 103 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एक पीडीएस चावल ट्रांसपोर्टर को अवैध रूप से पकड़ा गया । आरोपी के पास से 103 क्विंटल पीडीएस चावल और एक डीसीएम वैन जब्त की गई। बरामद संपत्ति की कुल कीमत 4 लाख रुपये है। आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण क्षेत्र, हैदराबाद के अधिकारियों ने नागरिक आपूर्ति अधिकारियों, याकुथपुरा सर्कल और चंद्रायनगुट्टा पुलिस के साथ मिलकर एक आरोपी व्यक्ति को पकड़ा जो आसानी से पैसा कमाने के लिए अवैध रूप से पीडीएस चावल का परिवहन कर रहा था। आरोपी चालक मोहम्मद यूसुफ, इंदिरा नगर, बोराबंडा, हैदराबाद का रहने वाला है। इस मामले में दो फरार आरोपी विक्टर, निवासी चंद्रायनगुट्टा और अलीम, निवासी चंद्रायनगुट्टा की पुलिस तलाश कर रही है। अतिरिक्त पुलिस उप आयुक्त, टास्क फोर्स, हैदराबाद, आंदे श्रीनिवास राव ने बताया कि आरोपी मोहम्मद यूसुफ हैदराबाद का रहने वाला है। उसका पेशा डीसीएम चालक है। वह चंद्रायनगुट्टा निवासी विक्टर और अलीम (फरार) से पीडीएस चावल एकत्र करता था और सामग्री को महाराष्ट्र में भेजने के लिए ले जाता था और अवैध रूप से आसानी से पैसा कमाता था। मुख्य आरोपी विक्टर और अलीम पीडीएस कार्ड धारकों से कम दरों पर पीडीएस चावल एकत्र कर रहे थे और इसे भारी मात्रा में जरूरतमंद ग्राहकों को बेच रहे थे और आरोपी मोहम्मद यूसुफ के माध्यम से अपने डीसीएम वैन का उपयोग करके इसे महाराष्ट्र राज्य में भी ले जा रहे थे। विश्वसनीय जानकारी के आधार पर कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण क्षेत्र ने नागरिक आपूर्ति अधिकारियों सर्कल-II, याकूतपुरा और चंद्रायनगुट्टा पुलिस के साथ मिलकर आरोपी व्यक्ति मोहम्मद यूसुफ को उस समय गिरफ्तार किया जब वह विजया डायग्नोस्टिक सेंटर, चंद्रायनगुट्टा के पास अपने डीसीएम वैन में पीडीएस चावल ले जा रहा था और सामग्री जब्त कर ली। पकड़े गए आरोपी और जब्त पीडीएस चावल को आगे की कार्रवाई के लिए एसीएसओ, सर्कल-II, याकूतपुरा, हैदराबाद के माध्यम से चंद्रायनगुट्टा पुलिस को सौंप दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी एस. राघवेंद्र, पुलिस निरीक्षक, दक्षिण क्षेत्र, उपनिरीक्षक एस/ एम. महेश, के. नरसिमुलु, जी. अंजनेयुलु, एन. नवीन और दक्षिण क्षेत्र टास्क फोर्स, हैदराबाद शहर के कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिक आपूर्ति टीम, याकुतपुरा, हैदराबाद द्वारा की गई।



# संगठित क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व जोन टीम, हैदराबाद के अधिकारियों ने मंगलहाट पुलिस के साथ मिलकर तीन व्यक्तियों विक्की सिंह, वी. राकेश और 3) बी. संदीप गिरफ्तार किया है। वे प्रतिबंधित क्रिकेट सट्टेबाजी कर रहे थे और सट्टेबाजों को लाइन नंबर दे रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर 1,04,000 रुपये की नकदी और 6 सेल फोन जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 3,00,000/- रुपये है। आरोपी विक्की सिंह निवासी नाला मछलीपुरा, धूलपेट, वी. राकेश, निवासी अपर धूलपेट के पास, आकाशपुरी हनुमान मंदिर, धूलपेट, हैदराबाद, बी. संदीप, निवासी चकनवाड़ी, गोशमहल, हैदराबाद से नकदी 1,04,400 रुपए, 6 सेल फोन, सैमसंग एलईडी टीवी बरामद की गई है।अतिरिक्त पुलिस उप आयुक्त, टास्क फोर्स, हैदराबाद, आंदे श्रीनिवास राव ने कहा कि आरोपी व्यक्ति मंगलहाट क्षेत्र में रहते हैं। सट्टा लगाने की आदत के कारण उपरोक्त आरोपियों ने मुख्य सट्टेबाज शैलेंद्र, निवासी चेन्नई, तमिलनाडु से लाइन नंबर प्राप्त किए और नाला मछलीपुरा, धूलपेट में आईपीएल-2025 में क्रिकेट सट्टा स्वीकार किया। इसके लिए वे लाइव क्रिकेट मैचों पर सट्टेबाजों से सट्टा स्वीकार करने के लिए लाइन नंबर का उपयोग कर रहे थे।

सूचना मिलने पर, कमिश्नर टास्क फोर्स, साउथ-ईस्ट ज़ोन टीम, हैदराबाद ने मंगलहाट पुलिस के साथ मिलकर उपरोक्त आरोपियों को पकड़ा और उनसे रकम, सेल फोन और एलईडी टीवी जब्त किया। पकड़े गए आरोपियों और जब्त सामग्री को आगे की जांच के लिए एसएचओ मंगलहाट पीएस को सौंप दिया गया। गिरफ्तारियां एस. सैदाबाबू, पुलिस निरीक्षक, दक्षिण-पूर्व जोन टास्क फोर्स टीम, एसआई एस.के. कविउद्दीन, पी. साईराम और एम. मधु तथा दक्षिण-पूर्व जोन टास्क फोर्स, हैदराबाद की टीम की देखरेख में की गईं।



# मंत्री पोन्नम प्रभाकर-सीतक्का देहरादून के लिए रवाना



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक न्याय के सशक्तिकरण पर केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में इस महीने की 7 और 8 तारीख को देहरादून में चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चिंतन शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों से पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के मंत्री भाग लेंगे। मंत्री पोन्नम प्रभाकर दो दिनों के लिए देहरादून में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में तेलंगाना लोक प्रशासन सरकार के तहत पिछड़े वर्गों के कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं, उनके कल्याण और विकास, देश के लिए दिशा-निर्देश के रूप में जाति गणना, बीसी के लिए राजनीतिक शिक्षा नौकरियों में 42 प्रतिशत आरक्षण पर भाषण देंगे।मंत्री सीतक्का तेलंगाना राज्य में बुजुर्गों, विकलांगों और ट्रांसजेंडरों के कल्याण और विकास और जनता सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और लागू की जा रही योजनाओं पर बोलेंगी। इस चिंतन शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा कल्याण विभागों, राज्यों और केंद्र के मिलकर कार्यान्वित किए जा रहे कानूनों, योजनाओं पर चर्चा होती है। चिंतन शिविर में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, वरिष्ठ नागरिकों, नशा करने वालों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, भिखारियों, मैनुअल स्कैवेंजर्स, खानाबदोश जनजातियों, आर्थिक रूप से पिछड़े विकलांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए विभिन्न कानूनों और योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा होगी। चिंतन शिविर में बीसी कल्याण विभाग आयुक्त बालमायादेवी, बीसी एससी कल्याण विभाग के अधिकारी भी भाग लेंगी।

# हरीश राव ने कालेश्वरम परियोजना को रोकने के लिए सरकार की आलोचना

## किसानों की जरूरतों की अनदेखी का लगाया आरोप



सिद्दीपेट, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने लोगों और बीआरएस पार्टी की बार-बार अपील के बावजूद कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) के तहत सभी कामों को लंबित रखा है। रविवार को चिन्नाकोदुर मंडल के चौडारम में नहर में पानी छोड़ने के बाद किसानों से बात करते हुए हरीश राव ने कहा कि सरकार ने केएलआईपी के विभिन्न जलाशयों के तहत नई नहरों और उप-नहरों की खुदाई के लिए एक एकड़ जमीन का अधिग्रहण नहीं किया।

गोदावरी का पानी बीआरएस सरकार द्वारा बनाए गए जलाशयों तक तो पहुंच रहा है, लेकिन राव ने कहा कि नहरों की कमी के कारण यह पानी अंतिम छोर के खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस संबंध में शनिवार को सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी से भी बात की और विधानसभा में कट मोशन के जरिए इस मुद्दे को उठाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पूर्व मंत्री ने कहा कि किसान नहरें खोदने और अपने गांवों और झीलों तक पानी पहुंचाने के लिए अपनी जेब से पैसे खर्च कर रहे हैं, ताकि बड़े पैमाने पर लाभ मिल सके, जबकि सरकार इस मुद्दे से पूरी तरह अनभिज्ञ है।

उन्होंने कहा कि के चंद्रशेखर राव की अगुआई वाली सरकार ने जलाशय, पंप हाउस, सब-स्टेशन, मुख्य नहरें और वितरण नहरें तो बनवाईं, लेकिन सरकार छोटी-छोटी लिंक नहरें खोदकर खेतों तक पानी पहुंचाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। राव ने कहा कि उन्होंने उत्तम कुमार रेड्डी से रंगनायक सागर के तहत नहर के काम के लिए कम से कम 15 से 20 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया है, लेकिन अभी तक उन्हें उनसे कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। पूर्व मंत्री ने सरकार से मांग की कि वह किसानों के लाभ के लिए नियमित रूप से जलाशयों में पानी पंप करने के लिए मेदिगड्डा बैराज पर मरम्मत का काम शुरू करे।

# रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हैदराबाद में मनाया गया बहु-धार्मिक उत्सव

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में बहु-धार्मिक उत्सव की शुरुआत रक्तदान शिविर के साथ हुई, जिसमें विभिन्न समुदायों के सदस्यों ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्‍घाटन विट्ठल राव आर्य, मुनीरुद्दीन मुजाहिद, शील कुमार जैन, सरदार रछपाल सिंह खालसा और लिजी ने किया - जो पांच अलग-अलग धर्मों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके बाद 'द स्टेज अवेट्स योर सोल!' शीर्षक के तहत सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया।

आइना ए पैंथिस्ट ने नृत्य किया और इरफान ने अपनी संवेदनशील कविता सुनाई जो आत्मा को छू गई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि सुराणा समूह की कल्पना सुराणा ने जैन भजनों के साथ दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव कराया और आशु भजन मंडली ने पारंपरिक धार्मिक भजन प्रस्तुत किए। त्योहारों को मनाने के मेरे विचार विषय पर युवा पैनल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 25 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों ने इस बारे में उल्लेखनीय जानकारी साझा की कि किस प्रकार प्रौद्योगिकी ने उनके त्योहारों को मनाने के तरीके को बदल दिया है तथा पारस्परिक संपर्क कम हो गए हैं। युवाओं की एक और शिकायत यह थी कि अब त्यौहारों का मतलब सिर्फ़ मौज-मस्ती करना नहीं रह गया है, बल्कि दिखावा करना और सोशल मीडिया पर सेल्फी पोस्ट करना रह गया है।

इससे भी ज़्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि समुदाय अलग-अलग त्यौहार मनाने लगे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और संघर्ष बढ़ने लगे हैं। युवा पैनल के सदस्य रमा, शायना, श्याम, प्रशांत, राम्या और प्रणति ने इसमें भाग लिया तथा पैनल का संचालन इम्तियाज ने किया।

# पीआरएलआईएस चरण-I कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए मंच तैयार

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले डेढ़ साल से ठप्प पड़ा पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का काम जल्द ही फिर से शुरू होगा। परियोजना के प्रथम चरण के कार्यों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है और इन्हें दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस आशय का निर्णय शनिवार को सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी द्वारा सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में लिया गया।

परियोजना के नरलापुर और येदुला जलाशयों के बीच करिवेना जलाशय और पैकेज III नहर पर काम तुरंत शुरू हो जाएगा। मंत्री चाहते थे कि अधिकारी अक्टूबर 2025 तक इनका काम पूरा करना सुनिश्चित करें।

पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना के हिस्से के रूप में नियोजित नए जलाशयों को पूरा करने के लिए किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई और उनके पूरा होने के लिए नए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

नरलापुर (6.40 टीएमसी), येदुला (6.55 टीएमसी), वट्टेम (16.70 टीएमसी) और करिवेना (19.00 टीएमसी) जलाशयों के पूरा होने से दिसंबर 2025 तक लगभग 50 टीएमसी पानी का भंडारण हो सकेगा, जिससे पानी की कमी वाले क्षेत्र को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, नरलापुर, येदुला और वट्टेम पंपिंग स्टेशनों पर 400 केवी सबस्टेशन स्थापित करने के लिए ट्रांसको को 262 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पंप संचालन के लिए ट्रायल रन जुलाई 2025 के लिए निर्धारित किया गया है।

प्रियदर्शिनी जुराला परियोजना की मूल सकल भंडारण क्षमता को 12 टीएमसी तक बहाल करने के उपायों के तहत, जो अब घटकर नौ टीएमसी रह गई है, जल्द ही गाद निकालने का कार्य शुरू किया जाएगा।

# इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की मांग

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राजपत्रित जूनियर व्याख्याता संघ-475 ने मांग की है कि तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन (टीजी बीआईई) इंटरमीडिएट व्यावहारिक और सिद्धांत परीक्षाओं और स्पॉट मूल्यांकन कर्तव्यों पर कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक बढ़ाए। टीजी बीआईई के सचिव कृष्ण आदित्य एस, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वी श्रीनिवास और डॉ. के सुरेश को भेजी गई एक ऑनलाइन याचिका में कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों में व्यावहारिक और सैद्धांतिक परीक्षाओं के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि नहीं की गई है। बोर्ड द्वारा तीन साल में एक बार पारिश्रमिक में वृद्धि किए जाने का उल्लेख करते हुए दोनों ने कहा कि वर्तमान पारिश्रमिक तीन साल पहले तय किया गया था। उन्होंने यह भी मांग की कि परीक्षा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को बिना किसी कटौती के पूरा पारिश्रमिक दिया जाए। वर्तमान में इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का 19 स्पॉट मूल्यांकन शिविरों में स्पॉट मूल्यांकन किया जा रहा है।

## बैंक के फील्ड ऑफिसर ने मंदिर के चुराए 9.50 लाख रुपये, कैमरे में कैद हो गई करतूत


मथुरा, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दानपेटी की धनराशि गिनती के दौरान दौरान केनरा बैंक के फील्ड आफिसर ने 9.50 लाख रुपये चुरा लिए। सीसीटीवी में उसकी यह करतूत कैद हो गई। कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। फील्ड आफिसर की जेब से सवा लाख रुपये से बरामद किए गए।इसके बाद उसके द्वारा तीन दिन में गिनती के दौरान चुराए गए 8.21 लाख रुपये भी देर रात बरामद कर लिए। पुलिस रविवार को बैंक कर्मी को जेल भेजेगी।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को अर्पित की जाने वाली भेंट राशि 16 दानपेटियों में डाली जाती है। इसके लिए 16 गोलक लगाई गई हैं। महीने में एक से दो बार यह सभी गोलक खोली जाती हैं। इन गोलक को खोलकर निकलने वाली राशि की गिनती के लिए मंदिर प्रबंधन उन बैंक के कर्मचारियों को बुलाता है, जहां मंदिर के खाते हैं। तीन दिन से गिनती चल रही थी। धनराशि की गिनती के लिए मंदिर प्रबंधन ने अन्य बैंकों के साथ केनरा बैंक के कर्मचारियों को बुलाया था। दोपहर में मंदिर बंद होने के बाद गोलक खोली गईं और फिर धनराशि की गिनती शुरू हुई। गिनती करने वालों में मथुरा स्थित केनरा बैंक का फील्ड आफिसर अभिनव सक्सेना भी था। अभिनव राशि की गिनती करते- करते अपने कपड़ों में नोटों को छिपाने लगा। मंदिर के आंगन में चल रही गिनती पर सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही थी। मंदिर का कर्मचारी अचानक कंट्रोल रूम में पहुंचा और उसकी नजर नोटों की गिनती कर रहे कर्मचारियों पर गई। कर्मचारी ने जब देखा कि एक बैंक अधिकारी कुछ नोट गिन रहा है,

# चांद से धरती पर मिट्टी लाने की तैयारी में जुटा इसरो

**मुजफ्फरपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।**

इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक और चंद्रयान टू व थ्री के ऑपरेशन डायरेक्टर अमिताभ कुमार ने कहा कि भारतीय को स्वदेशी अंतरिक्ष यान में बैठाकर चंद्रमा की सतह पर उतारने के लिए सरकार ने 2040 तक का समय निर्धारित किया है। इस अभियान में कई श्रृंखलाएं जुड़ी हैं।अभी इसरो ने वहां जाने व सतह पर उतरने का प्रयोग किया है। वहां से वापस आने पर प्रयोग होना बाकी है। चंद्रमा की सतह पर उतरकर व्यक्ति वहां से मिट्टी के नमूने प्राप्त कर अपने साथ भारत लाएगा। यह चंद्रयान फोर प्रोजेक्ट है। इसे सैंपल रिटर्निंग मिशन का नाम दिया गया है।



### इस साल इसरो ने हासिल की ये उपलब्धि

इसरो ने इसके लिए डाकिंग व अनडाकिंग पर चार महीने में कार्य किया है। इस वर्ष की यह इसरो की उपलब्धि है। वह शनिवार को डान बास्को चिल्ड्रन पॉइंट में कार्यक्रम में पहुंचे थे। कहा कि डाकिंग एक्सपेरिमेंट को अभी इसरो ने पृथ्वी की कक्षा में पूरा किया है।

### 1200 करोड़ रुपये का बजट

इसे अब चांद की कक्षा में परीक्षित किया जाना है। इसी प्रक्रिया में चांद की सतह से कुछ मिट्टी के नमूने सैंपल के तौर पर अपने साथ अंतरिक्ष यान लेकर आएगा। चंद्रयान फोर पर कार्य चल रहा है। इसे 2027-28 तक पूरा किए जाने की योजना है। इसके लिए करीब 1200 रोड़ रुपये का बजट निर्धारित है।

### केवल गर्व का क्षण मात्र नहीं है चंद्रयान मिशन

मिशन चंद्रयान भारतीयों के लिए केवल गर्व का ही क्षण नहीं है। इससे हमें चंद्रमा और इसकी सतह के बारे में कई ऐसी जानकारी मिली हैं, जो दुनिया के किसी भी देश के पास उपलब्ध नहीं है। चंद्रमा की सतह पर केवल 10 से 15 सेंटीमीटर जाने पर ही तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज होने लगती है। इससे साबित होता है कि चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ या तापमान को कम करने वाली चीज है। इसी तरह दक्षिणी ध्रुव के पास कोई भी देश नहीं गया। भारत इसके करीब पहुंचने वाला पहला देश बना है। ऐसे में साउथ पोल की जानकारी भारत को उपलब्ध हुई है वह पहले की जानकारी से बिल्कुल अलग है।

### चंद्रमा पर भी रहा होगा जीवन

विज्ञानियों का मानना है कि कभी चंद्रमा पर भी जीवन रहा होगा। ऐसे में वहां क्या ऐसी घटना हुई, जिसके कारण जीवन समाप्त हो गया। क्या ऐसी ही कोई घटना पृथ्वी की सतह पर तो नहीं हो रही है, जिससे हजारों या लाखों वर्ष बाद यहां भी जीवन समाप्त हो जाएगा। साथ ही मिशन के दौरान प्राप्त होने वाले साइंटिफिक इनपुट दुनिया के विज्ञानियों को अंतरिक्ष के कई रहस्यों को सुलझाने में सहायता करते हैं। विज्ञानियों ने अपने रिसर्च में पाया है कि चंद्रमा धीरे-धीरे पृथ्वी की सतह से दूर जा रहा है। इसका अर्थ है कि या तो पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण कम हो रहा है या चांद का गुरुत्वाकर्षण बढ़ रहा है। ऐसे में इसका धरती व यहां के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस पर रिसर्च की जरूरत है। हम जानते हैं चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण के कारण ही समुद्र में ज्वार भाटा आते हैं। अगर चंद्रमा पृथ्वी से दूर जा रहा है तो यह ज्वार भाटा बनने का पैटर्न बदलेगा। बादल नहीं बनेंगे। बारिश नहीं होगी। सूखा व अकाल पड़ेगा। ऐसे में मानव जीवन की रक्षा और भविष्य के संकटों से बचाने के लिए मिशन चंद्रयान जैसे प्रोजेक्ट की जरूरत है।

## लूडो की बाजी में हारे 10 हजार रुपये, न देने पर मारकर पेड़ से लटका दिया 16 साल का लड़का

मेरठ, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। लूडो की बाजी में जीते 10 हजार रुपये न देने पर लिसाड़ी गेट के उमर गार्डन निवासी मोहम्मद उमर (16) की हत्या समर गार्डन निवासी अमन उर्फ इकराम ने की थी। इसके बाद मामले को आत्महत्या दर्शाने के लिए नाड़े का फंदा बनाकर शव पेड़ पर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। उमर गार्डन निवासी शान मोहम्मद मजदूरी करता है। वह पत्नी और छह बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता है। शान मोहम्मद के मुताबिक बृहस्पतिवार को पड़ोस में रहने वाला अमन उर्फ इकराम उसके बड़े पुत्र मोहम्मद उमर को घर से बुलाकर ले गया था। रात करीब पौने दस बजे उमर का शव लोहियानगर क्षेत्र के बजौट गांव के जंगल में पेड़ पर लटका मिला था।

# फौजी की ड्रेस में घूमते बदमाश को पुलिस ने दबोचा

पूर्णिया, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्णिया में हथियार के साथ पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। शातिर पुलिस से बचने पहचान छिपाकर फौजी के वेश में घूम रहा था। जिसे पुलिस ने संदेह के आधार पर धर दबोचा। पुलिस ने बदमाश के पास से एक देशी कट्टा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर के सकरा पहाड़पुर पदुम लाल यादव के बेटे अमरेन्द्र यादव उर्फ बदलू (30) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मरंगा थाना के एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि रात्रि गश्ती के क्रम में मरंगा के एनएच 31 के समीप एमआरएफ टॉयर शोरुम के पास पहुंचते ही सड़क किनारे फौजी की ड्रेस पहना एक युवक दिखाई दिया। आधी रात गए अकेले अंधेरे में उसे खड़ा देख पुलिस को संदेह हुआ। वहीं पुलिस की गाड़ी देख युवक वहां से भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पीछा कर पकड़ा गया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी लेनी शुरू की, उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस पकड़े गए बदमाश का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम में मरंगा थाना के एएसआई मनीष कुमार के अलावा सिपाही सनोज कुमार और जितेन्द्र कुमार शामिल रहे। पुलिस ने पकड़ाए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

## पटना में कारोबारी के परिवार को बनाया बंधक

# सवा करोड़ के गहने और लाखों रुपये लूटे, एक्शन में पुलिस

पटना, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने नालंदा कॉलोनी स्थित एक घर से करीब सवा करोड़ के गहने और 1.25 लाख रुपये लूट लिए। पांच हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना कारोबारी संतोष प्रकाश के आवास पर हुई। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अपराधियों की तलाश में जुटी गई है। अपराधियों को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। लूट की इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। रामनवमी को लेकर पुलिस की चौकसी बढ़ाई गई है इसके बावजूद अपराधी लूट की वारदात को अंजाम देने में कामयाब रहे।

बताया जा रहा है कि कारोबारी का दो तल्ला का मकान है। अपराधी ग्राउंड फ्लोर पर रखी अलमारी से नकद रुपये और गहने ले गए। कारोबारी संतोष के अनुसार घटना के वक्त घर में महिलाएं और बच्चे थे। अपराधियों ने उन्हें हथियार का भय दिखाते हुए कमरे में बंद कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद आरोपियों ने घर में कीमती सामान और नकदी की लूटपाट की।

## निकाह के बाद तलाक, हलाला नहीं रुका जुल्म ओ सितम दो भाइयों ने गला दबाकर महिला को मार डाला

बिजनौर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां तलाक, हलाला और कत्ल की वारदात का खुलासा करते हुऐ पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। बिजनौर के थाना हीमपुर दीपा इलाके के सब्दलपुर रेहरा गांव की आसमां ने 26 मार्च को चांदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने पांच साल पहले अपनी बेटी आशिका की शादी बास्टा के रहने वाले कामिल से की थी, लेकिन पिछले सवा साल से वह अपनी लड़की आशिका से नहीं मिली है और न ही उसकी फोन पर ही बात हुई है। उसे शक है कि कामिल और उसके घरवालों ने मिलकर उसकी लड़की आशिका को कहीं गुम कर दिया है या कहीं बेच दिया है। पुलिस ने तलाक और हलाला की बात सुन कर आदिल से आशिका के बारे में पूछताछ की तो आदिल ने बताया कि आशिका का परिवार के ही किसी युवक के साथ चक्कर चल रहा था, जिसके साथ वह कहीं भाग गई। अब उसे नहीं मालूम कि वह कहां है, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती कर आदिल से आशिका के बारे में पूछा तो आदिल ने जो पुलिस को जो बताया उसे सुनकर पुलिस भी चौंक गई। इसके बाद आदिल पुलिस और आशिका के परिजनों के साथ बताए गए स्थान पर गया, जहां चार-पांच फीट गहरे गड्ढे से आशिका की लाश के अवशेष कंकाल हड्डियां बरामद की गईं। इस हैरतअंगेज मामले का खुलासा करते हुए बिजनौर के एसपी देहात विनय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदिल और उसके भाई कामिल को गिरफ्तार कर लिया है

## सपा सांसद का दावा- 'बीएचयू छात्र की बात पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अपशब्द कहे, न्याय नहीं मिला'



लखनऊ, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी से चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह के एक दावा ने हड़कंप मचा कर रख दिया है। दरअसल, उन्होंने कहा है कि बीएचयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अनियमितता को लेकर एक छात्र 12 दिन से परिसर में आंदोलन कर रहा है। हमने और हमारे प्रतिनिधिमंडल ने छात्र शिवम से मुलाकात की। बीएचयू प्रशासन से भी बातचीत करने के बाद से उसे न्याय दिलाने के लिए आश्वस्त किया। सपा सांसद ने कहा कि इसके बाद हम छात्र की मांग को लेकर जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करने पहुंचे तो उनका व्यवहार बिल्कुल अनुचित रहा। सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बीएचयू में आंदोलन कर रहे छात्र शिवम सोनकर की बात को लेकर जब हम, सांसद प्रिया सरोज और छोटेलाल खरवार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करने पहुंचे।

सांसद ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर विचार करने की बात कही। इसके बाद हमारा प्रयास रहा कि इस पर तत्काल निर्णय लिया जाए क्योंकि छात्र शिवम अभी भी आंदोलन कर रहा है। लेकिन तभी उनके द्वारा समाजवादी पार्टी के नेताओं और नीतियों पर सवाल उठाए गए। जिसके बाद हमसे रहा नहीं गया और हमने भी उनका जवाब दिया। इस दौरान सपा सांसद द्वारा अपशब्द प्रयोग होने की भी बात स्वीकार की गई। उनका कहना हैं कि वह पूरे देश के मंत्री हैं या भारतीय जनता पार्टी के मंत्री हैं और इस प्रकार की उनकी सोच को हम स्वीकार नहीं करेंगे।

# 'असली गिरगिट कौन', वक्फ बिल को लेकर बिहार में सियासी संग्राम, राजद और जदयू में जोरदार भिड़ंत

**पटना, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।**

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां चल रही हैं, वहीं संसद में वक्फ बिल के पास होने के बाद राज्य में भयंकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को कड़ा करने के लिए बनाया गया यह कानून एनडीए और महागठबंधन के बीच टकराव का विषय बन गया है, जिसके बाद वाकयुद्ध, पोस्टरबाजी शुरू हो गई है। विवाद के केंद्र में जेडीयू का इस विधेयक का समर्थन है, जिसकी विपक्ष, खासकर आरजेडी ने तीखी आलोचना की है।



### असली गिरगिट कौन

राजद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'गिरगिट' बताते हुए पोस्टर लगाए हैं। जवाब में, जदयू ने लालू प्रसाद पर भी आरोप लगाए हैं। जदयू ने 2010 में लोकसभा में दिए गए लालू प्रसाद के भाषण का हवाला दिया है, जिसमें उन्होंने वक्फ संपत्ति के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की थी। जदयू का कहना है कि लालू प्रसाद अब इस बिल का विरोध कर रहे हैं, जो कि गलत है।

### जदयू ने किया दावा

अपना बचाव करते हुए जेडीयू ने दावा किया कि उसने जेपीसी द्वारा इसकी सभी पांच प्रमुख सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद ही कानून का समर्थन किया।

पार्टी प्रवक्ता अंजुम आरा ने इनमें भूमि को राज्य सूची के तहत रखना, यह सुनिश्चित करना कि कानून भावी रूप से लागू हो, अपंजीकृत वक्फ भूमि पर धार्मिक संरचनाओं की स्थिति को संरक्षित करना, विवादों को सुलझाने वाले अधिकारियों के पद को बढ़ाना और डिजिटलीकरण की समय सीमा को बढ़ाना शामिल हैं।

### तेजस्वी ने खाई कसम

इस विधेयक को असंवैधानिक बताते हुए राजद के पदाधिकारी तेजस्वी यादव ने कसम खाई कि अगर महागठबंधन सत्ता में आया तो इसे खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, यह विधेयक किसी भी कीमत पर लागू नहीं होगा, इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा आग में घी डालने का काम करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विधेयक का समर्थन किया और इसे एक आवश्यक सुधार बताया। उन्होंने पूछा, कौन सा वक्फ बोर्ड वास्तव में गरीबों की सेवा कर रहा है - अनाथालय चला रहा है या अस्पताल? उन्होंने तर्क दिया कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल सार्वजनिक भलाई के लिए किया जाना चाहिए।

## खेत में मिला युवक का शव, पास ही बैठी रो रही थी प्रेमिका

सहारनपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के कुरड़ीखेड़ा-बारूगढ़ मार्ग पर रविवार सुबह खेत में युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास ही एक लड़की बैठी रो रही थी। उसने बताया कि उसकी ही चुनरी से फंदा लगाकर प्रेम ने आत्महत्या की है। वहीं गांव के लोगों ने बताया कि दोनों का काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुबह करीब 6 बजे खेतों की तरफ निकले ग्रामीणों ने लड़की के रोने की आवाज सुनी। उन्होंने पास जाकर देखा वहां एक युवक का शव पड़ा था।

# चंद्रशेखर बोले- भाजपा सरकार में संविधान खतरे में

## सीएम को बिजनौर से चुनाव लड़ने की दी चुनौती, बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

सहारनपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सहारनपुर में नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि संविधान पर हमला करना देश के 140 करोड़ लोगों के साथ अन्याय करने जैसा है। खासतौर पर दलित समाज का अस्तित्व खतरे में है। चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए कहा कि बिजनौर में दोबारा चुनाव कराया जाए और पीएम मोदी को चुनाव लड़ाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर वे उन्हें हरा नहीं सके, तो वे अपना नाम बदल लेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बिजनौर से चुनाव लड़ने की खुली चुनौती दे डाली।

### ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

चंद्रशेखर ने चुनावी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि देश में अब ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर ईवीएम के माध्यम से जनता के साथ धोखा कर रही है।

### बहुजन समाज पर हो रहे हमले

सांसद ने दावा किया कि बहुजन समाज का अस्तित्व खत्म करने की साजिश रची जा रही है। न तो उन्हें रोजगार मिल रहा है, न संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाबद्ध तरीके से बहुजन समाज को दबाने का काम कर रही है। ऐसे में बहुजन समाज को जागरूक करने के




लिए पूरे प्रदेश में 18 मंडलों में कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों को बताया जाएगा कि मौजूदा माहौल से कैसे निपटना है।

### मूलभूत समस्याओं से ध्यान भटकाने की साजिश

उन्होंने भाजपा सरकार पर जनता को भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती हिंसा पर बात होती है, सरकार हिंदू-मुस्लिम मुद्दा सामने ले आती है। इससे असल मुद्दे दब जाते हैं और सरकार अपनी नाकामी छिपाने में सफल हो जाती है। यूपी में पत्रकारों की खुलेआम हत्याएं हो रही हैं, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार को सिर्फ अपनी वाहवाही करवाने की पड़ी है। उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सिर्फ दिखावे के लिए नौकरियां निकालती है, लेकिन उनमें भारी भ्रष्टाचार होता है।

# लखनऊ की सैयद उजमा वक्फ बिल विरोध को लेकर बना रही थी प्लान

## पुलिस को पता चला तो लेने के देने पड़े



लखनऊ, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा-राज्यसभा में पास होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी वक्फ संशोधन बिल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके बाद ये बिल कानून बन गया है। मगर वक्फ बिल का मुस्लिम संगठनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। इस विरोध को देखते हुए कई प्रदेशों की पुलिस अलर्ट पर है। उत्तर प्रदेश का प्रशासन भी पैनी नजर रख रहा है। इसी बीच यूपी की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने सैयद उजमा परवीन को 10 लाख का नोटिस भेजा है और उन्हें हाउस अरेस्ट भी कर लिया है।

दरअसल सीएए-एनआरसी कानून के विरोध में लखनऊ में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। ऐसे में वक्फ बिल को लेकर भी प्रशासन अलर्ट पर बना हुआ है। इसी बीच लखनऊ पुलिस ने सैयद उजमा परवीन के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि सैयद उजमा परवीन सीएए-एनआरसी आंदोलन की लखनऊ में अगुवाई कर चुकी हैं। अब फिर इनपर आरोप लगा है कि ये वक्फ बिल के विरोध में भी आंदोलन की रणनीति तैयार कर रही थी और भीड़ जमा कर रही थी। पुलिस का आरोप है कि सैयद उजमा परवीन सीएए-एनआरसी की तरह ही वक्फ बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही थी। इसको लेकर रणनीति बना रही थी। पुराने लखनऊ में भीड़ जमा करने की तैयारियां चल रही थी और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस को इसका इनपुट मिला, वैसे ही पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस ने फौरन सैयद उजमा परवीन को हाउस अरेस्ट कर लिया। इसी के साथ उन्हें 10 लाख का नोटिस भी थमा दिया।

46 केस हैं दर्ज

सैयद उजमा परवीन के मुताबिक, यह बिल मुसलमानों के हित में नहीं है और अगर वह इस आज़ाद भारत में अपनी आवाज उठा रही हैं तो सरकार उनकी आवाज क्यों दबा रही है? उन्होंने आगे कहा, 10 लाख रुपए का नोटिस किस आधार पर दिया गया है? पुलिस उन पर दबाव बनाना चाह रही है।

# 26 साल पुराने मिलावटी दूध के मामले में कोर्ट ने दूधवाले को दी 3 साल की सजा



बराबंकी, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। बराबंकी की अदालत ने 26 साल पुराने मिलावटी दूध के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत संख्या 17 के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी दूध विक्रेता को दोषी मानते हुए तीन साल की सजा और तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ सहायक अभियोजन अधिकारी (एसपीओ) अनार सिंह ने जानकारी दी है। वरिष्ठ सहायक अभियोजन अधिकारी ( एसपीओ) अनार सिंह बताया कि यह घटना 26 सितंबर 1999 की है। उस दिन खाद्य निरीक्षक मोहित राम ने पुराने इनकम टैक्स ऑफिस के सामने एक व्यक्ति से दूध का सैंपल लिया था। वह व्यक्ति साइकिल से दूध बेच रहा था और उसका नाम राजेश यादव बताया गया, जो नन्हकूपुर गांव का निवासी है। निरीक्षक ने 750 ग्राम दूध 9 रुपये में खरीदा और सैंपल की जांच राज्य प्रयोगशाला, लखनऊ में करवाई गई।

### कोर्ट ने क्या कहा

रिपोर्ट में यह दूध मिलावटी पाया गया। जांच में साफ हुआ कि दूध में मिलावट थी, जो लोगों की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती थी। अदालत ने कहा कि यह अपराध "आर्थिक अपराध" की श्रेणी में आता है क्योंकि इसमें आम जनता के स्वास्थ्य और उनके पैसों के साथ धोखा हुआ है। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी को "पहली बार अपराध" का लाभ देना उचित नहीं होगा क्योंकि मामला जनता की सेहत से जुड़ा है। भारत में मिलावटी दूध की समस्या कोई नई नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 68% से अधिक दूध या तो मिलावटी होता है या गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतरता। खासकर ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में लोग साइकिल या ठेले पर दूध बेचते हैं और कई बार पानी, सिंथेटिक दूध या डिटर्जेंट जैसी चीजें मिलाई जाती हैं, जो सीधे लोगों की सेहत पर असर डालती हैं। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत इस तरह की मिलावट करने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन अक्सर मुकदमे सालों तक चलते हैं और सजा बहुत कम मामलों में होती है। इस केस में अदालत का सख्त फैसला आने से एक सख्त संदेश गया है कि सेहत से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

## सीएम बोले-अधिनियम जवाबदेह प्रबंधन सुनिश्चित करेगा



भोपाल, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और जवाबदेह बनाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब एक कानूनी अधिनियम बन गया है, जो वक्फ संपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करेगा। यह अधिनियम विशेष रूप से मुस्लिम समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगा, क्योंकि इसके तहत वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले संसाधनों का सही तरीके से वितरण किया जाएगा, जिससे उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार के अवसरों में सुधार होगा। सीएम ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा ही समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रयास किए हैं। यह अधिनियम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न्याय और सशक्तिकरण के मूलमंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ग और समुदाय के विकास के लिए कार्य करेगा।

# संविधान खत्म-सौहार्द खत्म वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी आरजेडी, ये है पूरी रणनीति

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने वक्फ कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के लिए याचिका दायर करेगी। इसमें पार्टी की ओर से राज्यसभा सांसद मनोज झा और पार्टी नेता फैयाज अहमद शामिल हैं। दोनों नेता सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में विधेयक के प्रावधानों को चुनौती देंगे। इसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे वक्फ संपत्तियों के मैनेजमेंट पर बहुत प्रभाव पड़ सकता है। वक्फ कानून के खिलाफ आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा कि ये विधेयक संविधान और सौहार्द का हनन की साजिश है और जब दोनों ही खत्म हो जाएगा तो फिर क्या बचेगा? वक्फ कानून ने राजनीतिक गलियारों में विवाद खड़ा कर दिया है, कई विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने भी भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और निगरानी पर इसके संभावित प्रभाव पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में विधेयक के खिलाफ अपनी कानूनी लड़ाई शुरू की थी।

### कांग्रेस सांसद ने भी दी है सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने 4 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून , 2025 को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि ये विधेयक मुस्लिम समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण है। ये उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। याचिका में उन्होंने कहा कि इस विधेयक से मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव होगा, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं जो दूसरे धार्मिक बंदोबस्तों के प्रशासन में मौजूद नहीं हैं। जावेद, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य भी थे। वकील अनस तनवीर की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यक अधिकार) और 300ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करता है। इसमें कहा गया है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होती है। याचिका के मुताबिक, विधेयक शख्स के धार्मिक अभ्यास की अवधि के आधार पर वक्फ के निर्माण पर प्रतिबंध लगाता है। 4 अप्रैल को, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# यूट्यूबर रोजर संधू के घर ग्रेनेड फेंकने के मामले में लॉरेंस बिश्नोई कनेक्शन अमेरिका से रची गई साजिश

जालंधर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जालंधर के गांव रसूलपुर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नवदीप सिंह उर्फ रोजर के घर हुए हैंड ग्रेनेड अटैक की साजिश अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई के करीबी गैंगस्टर भानु राणा ने बनाई थी। फगवाड़ा में मुख्य आरोपी सुखप्रीत सिंह सुक्खा को हैंड ग्रेनेड की डिलीवरी देने वाले लॉरेंस गैंग के गुर्गा कर्ण उर्फ कप्तान समाना को करनाल से देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में यह बात आ रही है कि कर्ण को ग्रेनेड की खेप गुरदासपुर में दी गई थी और खेप सीमा पार से आई थी। गुरदासपुर का कनेक्शन आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। करनाल के थाना बुटाना के एक अधिकारी ने कहा कि पंजाब पुलिस की एक टीम तहसील नीलोखेड़ी के गांव समाना भाऊ के कर्ण को गिरफ्तार कर जालंधर ले गई है। कर्ण पर करीब 4 क्रिमिनल केस दर्ज हैं और ज्यादातर उसकी मूवमेंट दिल्ली में रही है। उधर, रात में डीआईजी नवीन सिंगला ने ग्रेनेड अटैक से जुड़े कर्ण की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस की पूछताछ में सुखप्रीत ने माना था कि 8 मार्च को उसे ग्रेनेड फगवाड़ा में एक टोपी वाला युवक देकर गया था, लेकिन वह उसका नाम नहीं जानता। उसे ग्रेनेड की डिलीवरी दोस्त गौरव के जरिये मिली थी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां टोपी वाले शख्स को ट्रेस करने में जुट गई थीं। सीसीटीवी कैमरे से मिले टोपी वाले शख्स को 15 दिन की जांच के बाद ट्रेस कर लिया गया। पता चला कि यह लॉरेंस का गुर्गा कर्ण उर्फ कप्तान समाना है।

### एनएचआरसी का बड़ा फैसला दमोह में 7 की मौत मामले की होगी इन्क्वायरी, जांच दल गठित करने का ऐलान

दमोह, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मिशनरी अस्पताल में फर्जी हार्ट सर्जन द्वारा सर्जरी के बाद 7 लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद से दमोह में हड़कंप की स्थिति है। इस मामले को मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लेते हुए जांच दल गठित करने का फैसला लिया। जांच दल तीन दिनों तक दमोह में कैंप करेगा। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर ये जानकारी दी है। कानूनगो के मुताबिक मिशनरी अस्पताल में हुई मौतों की शिकायतों को लेकर उनके द्वारा जांच दल बनाया गया है जो कि 7 से 9 अप्रैल को इस मामले की जांच करेगा। मानवाधिकार आयोग द्वारा गठित जांच दल इस मामले में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अस्पताल की भूमिका का भी परीक्षण भी करेगा।

# देसी कॉटन-देसी कलाकार

## टेक्सटाइल इंडस्ट्री समझने कहां पहुंचे राहुल गांधी, सामने आया वीडियो



नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को जानने के लिए एक दुकान पर पहुंचे। यहां उन्होंने हर तरह के कपड़े के बारे में जानकारी ली। राहुल ने दिल्ली में एचपी सिंह फैब्रिक्स के ऑर्नर से मुलाकात की। इसके साथ ही वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की है, इस बातचीत का वीडियो राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर किया है। राहुल ने वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर भारत के टेक्सटाइल मार्केट पर बातचीत की है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत की कपड़ा विरासत बेजोड़ है। ये हर 100 किलोमीटर पर एक नया कला रूप और एक नई कहानी है, लेकिन आज, हमारे कपास के बीज और खेती की तकनीक का अधिकांश हिस्सा विदेशी कंपनियों पर निर्भर है, हमारे किसानों को कम भुगतान किया जाता है, और हमारी सप्लाई चेन बहुत बिखरी हुई है। उन्होंने कहा कि मैंने हाल ही में दिल्ली में एचपी सिंह फैब्रिक्स चलाने वाले परिवार से मुलाकात की, ताकि सप्लाई चेन को समझा जा सके। जो एक साधारण कपास की कली से लेकर उसे सुंदर कपड़ों में बुनती है।

**भारत बन सकता फिर वैश्विक टेक्सटाइल सेंटर- राहुल**

राहुल गांधी ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि भारत जो टेक्सटाइल निर्यात में चीन से लगभग 10 गुना पीछे है। एक बार फिर वैश्विक टेक्सटाइल सेंटर। बन सकता है, अगर सरकार सही उपायों का समर्थन करे। जैसे, स्वदेशी कपास में निवेश करना, एकीकृत कपड़ा क्षेत्र बनाना, और भारत के नेतृत्व वाली ग्लोबल सर्टिफिकेट सिस्टम करना। उन्होंने कहा कि वैल्यू चेन में हर हाथ के लिए सही बुनियादी ढांचे और सम्मान के साथ, भारत एक बार फिर कपड़ा बाजार पर कब्जा कर लेगा। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ स्टोर के अपने दौरे और मालिकों के साथ बातचीत का छह मिनट का वीडियो भी शेयर किया है।

**हर 100 किलोमीटर पर एक नई टेक्सटाइल परंपरा- राहुल**

राहुल गांधी ने वीडियो में टेक्सटाइल व्यापारियों से बातचीत में ने कहा कि सिंह परिवार के साथ उनकी बातचीत सिर्फ कपड़े के बारे में नहीं थी, बल्कि यह सम्मान, स्थिरता और आर्थिक आत्मनिर्भरता के बारे में थी। उन्होंने कहा कि भारत में हर 100 किलोमीटर पर एक नई टेक्सटाइल परंपरा, एक नया कला रूप और एक नई कहानी देखने को मिलती है, लेकिन सुंदरता के पीछे एक गहरी चुनौती छिपी है।


### बॉडी बिल्डर की मौत: प्रेमिका का पूरा परिवार गिरफ्तार

**पुलिस से बचने के लिए हिमाचल में छुपे, सरपंच अभी भी फरार**

हलवारा, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। लुधियाना के हलवारा में बॉडी बिल्डर पवनप्रीत सिंह मुल्लांपुर की मौत मामले में नामजद प्रेमिका किरनदीप कौर समेत सात आरोपियों को थाना सुधार की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हलवारा के सरपंच सुखविंदर सिंह और मुल्लांपुर के पटवारी कुलदीप सिंह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। थाना सुधार के प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि किरनदीप कौर के मामा के बेटे मनजोत सिंह उर्फ जोत निवासी ताजपुर को पनाह देने के आरोप में नामजद किया गया है। उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। किरनदीप और उसका परिवार पुलिस से बचने के लिए श्री आनंदपुर साहिब और हिमाचल के नयना देवी आदि धार्मिक स्थलों में छिपते फिर रहे थे।

# दिल्ली पुलिस के एक और पिट में लगी भीषण आग

## चपेट में आई 345 गाड़ियां; 260 स्कूटी और बाइक जली



नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में गर्मी के बीच आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। नेहरू प्लेस स्थित ट्रैफिक पुलिस की पिट के अब वजीराबाद के पास दिल्ली पुलिस के पिट का है। जहां आग लगने का बड़ा हादसा हुआ। जिसमें काफी संख्या में गाड़ियां जलकर खाक हो गई। फायर कंट्रोल रूम को 4:30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली सात गाड़ियां पहुंची और 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि आग बुझाने के बाद फिर कर्मियों की टीम ने लगातार कूलिंग का काम किया। जिससे कि दोबारा आग ना भड़क सके। स्टेशन ऑफीसर मनोज त्यागी की टीम ने आग को सुबह साढ़े छह बजे के आसपास बुझाया। पूरी तरह कूलिंग करने के बाद फायर की गाड़ियां मौके से लौटी। लेकिन इस आग की चपेट में आकर 345 गाड़ियां जल गई। जिनमें से 260 स्कूटी और बाइक बाकी 85 कार शामिल है। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। 2 दिन पहले नेहरू प्लेस स्थित में आग पिट लग गई थी। इसमें 200 से ज्यादा गाड़ियां जल गई थी।

# ढाबे के वेज खाने से निकली हड्डियां नवरात्र का व्रत खोलने गया था परिवार



चंडीगढ़, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मोहाली के जीरकपुर कस्बे से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। नवरात्र के पवित्र दिनों में, जब लोग व्रत और पूजा में लगे होते हैं, जीरकपुर के एक परिवार का अनुभव दुखद रहा। शनिवार को अष्टमी के दिन जीरकपुर वीआईपी रोड निवासी महिला अमरदीप और कनिका ने अपने परिवार के साथ सेठी ढाबा पर जाकर खाना खाने का फैसला किया। वे वहां स्वादिष्ट शाकाहारी खाने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे, लेकिन खाने में हड्डियां मिलने से वे हैरान और दुखी हो गए। उन्होंने बताया बताया कि वे लगातार 8 दिन से व्रत कर रहे थे और नवरात्र के आखिरी दिन उन्होंने शुद्ध शाकाहारी भोजन खाने का सोचा था। लेकिन जब उन्हें खाने में हड्डियां मिलीं, तो उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। जब परिवार के सदस्यों ने ढाबा मालिक से शिकायत की, तो उन्हें जवाब मिला की आज नवरात्रि खत्म हो गई है।

इस बात ने परिवार को और भी दुखी कर दिया। ढाबा मालिक के बेटे वंश सेठी ने सफाई देते हुए कहा कि यह गलती रसोई के स्टाफ से हुई है और दावा किया कि जो हड्डियां मिलीं वे मांस की नहीं, बल्कि सब्जियों की थीं। फिर भी परिवार इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। अब परिवार ने स्थानीय खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज करवाने की तैयारी कर ली है। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की परेशानी का शिकार न हो।

# 'भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल पारित नहीं होता, धारा 370 नहीं हटती', पार्टी के स्थापना दिवस पर बोले सीएम सरमा



गुवाहाटी, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को कमजोर करने का मतलब भारत के वैश्विक नेता का पद हासिल करने की राह में बाधा खड़ी करना है। भाजपा पार्टी तब तक देश की सेवा करेगी जब तक सूरज और चांद रहेगा। अगर भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल जैसा ऐतिहासिक कानून पारित नहीं होता। अगर भाजपा नहीं होती तो धारा 370 समाप्त नहीं होती या अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से न्याय नहीं मिलता। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सीएम सरमा ने कहा कि भाजपा को कमजोर करने का मतलब किसी व्यक्ति को कमजोर करना नहीं है। इसका मतलब राष्ट्रीय गौरव को कमजोर करना है। भाजपा को कमजोर करने का मतलब भारत को विश्व मंच पर ले जाने की राह में बाधा खड़ी करना है। सरमा ने पार्टी के हर कार्यकर्ता को भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए काम करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रगति और मजबूती की ओर बढ़ रही पार्टी को कई वर्ग कमजोर और बदनाम करने की कोशिश करेंगे। सोशल मीडिया का इस्तेमाल भाजपा को बदनाम और कमजोर करने के लिए किया जा सकता है। इसलिए हमें सोशल मीडिया पर भी मजबूत होना चाहिए ताकि हम लोगों तक सकारात्मक चीजें पहुंचा सकें। सरमा ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण न केवल एक साधारण मंदिर निर्माण प्रक्रिया है, बल्कि 500 साल की गुलामी से खुद को मुक्त करने का एक उदाहरण है। सीएम ने कहा कि व्यक्तिगत आकांक्षाओं से पहले राष्ट्र आता है और राष्ट्र के हित से पहले कुछ भी नहीं आता है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल जैसा ऐतिहासिक कानून पारित नहीं होता। अगर भाजपा नहीं होती तो धारा 370 समाप्त नहीं होती या अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से न्याय नहीं मिलता। भाजपा के बिना पूर्वोत्तर में विकास नहीं हो सकता। भाजपा असम में जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक छाप छोड़ने में सक्षम रही है। इसलिए भाजपा हर स्वायत्त परिषद, नगर परिषद और पंचायत निकायों में सत्ता में है। सीएम सरमा ने कहा कि भाजपा समुदाय के गौरव को ऊपर उठाकर असमिया समाज को मजबूत करने का काम कर रही है। इससे पहले सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने असम भाजपा प्रमुख दिलीप सैकिया के साथ वरिष्ठ नेताओं और आम सदस्यों की मौजूदगी में राज्य मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। सरमा ने कहा कि मैं उन कार्यकर्ताओं को अपनी श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रवाद के लिए समर्पित कर दिया।

# मनाली घूमने के लिए नहीं थे पैसे, 8 नाबालिग लड़कों ने लूट ली दुकान

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में 8 नाबालिग लड़कों ने धारदार हथियार दिखाकर एक दुकान लूट ली। जांच में सामने आया कि इन लड़कों को घूमने के लिए मनाली जाना था, लेकिन इनके पास पैसे नहीं थे। ऐसे में इन लड़कों ने दुकान लूट ली। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दुकान के बाहर खड़े नाबालिग लड़के नजर आ रहे हैं। आरोपी लड़कों ने जनरल स्टोर की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने कुल 30 हजार रूपये लूटे हैं। घटना दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके की है, जहां दिनदहाड़े दुकान में लूट से सनसनी फैल गई। घटना के बाद पुलिस ने 4 नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दो लड़के हिरासत में हैं। सीसीटीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि किराने की दुकान पर अचानक से छह-सात लड़के पहुंचते हैं। दुकान के अंदर घुसते ही पहला लड़का अपनी जेब में रखा धारदार हथियार निकालकर दुकानदार को धमकाना शुरू कर देता है। उसके पीछे पहुंचा दूसरा लड़का भी अपनी जेब से बड़ा सा चाकू निकालता है और दुकान में मौजूद लोगों को धमकाने लगता है। कैमरे के पीछे की तस्वीर नहीं है, लेकिन जिस तरह से ये लड़के हथियार निकालकर अंदर घुसे हैं, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इन लोगों ने किस तरह दुकानदार को धमकाया होगा तभी दुकानदार ने कैस में रखे तीस हजार रुपये दे दिए।दुकानदार से पैसे लेते ही ये सारे लड़के वहां से भाग गए। ये बदमाश लड़के जब भाग रहे थे तब उसी वक्त वहां से एक महिला अपने बच्चे के साथ गुजर रही थी। जैसे उसकी नजर इन हथियारबंद लड़कों पर पड़ी। वो घबराकर वापस जाने लगी।

### हरियाणा से होंडा सिटी में ला रहा था अवैध शराब

# दिल्ली पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा, पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, एंटी नारकोटिक्स सेल एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम के रूप में हुई है। आरोपी होंडा सिटी कार में शराब की बड़ी खेप भरकर हरियाणा के सोनीपत से दिल्ली ला रहा था। पुलिस ने कश्मीरी गेट स्थित युधिष्ठिर सेतु के पास घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा कार की तलाशी लेने पर 70 कार्टन अवैध शराब बरामद हुई, जिसमें 2,500 बोतलें और 240 अलग शराब की बोतलें शामिल हैं। सभी बोतलों पर 'हरियाणा में बिक्री हेतु' लिखा हुआ था। दिल्ली पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि विक्रम कोई नया तस्कर नहीं है बल्कि एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत कुल पांच मामले दर्ज हैं। ये मामले थाना सुभाष प्लेस, केशवपुरम और पंजाबी बाग में दर्ज हैं।

विक्रम ने बताया कि वह 5वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह कोई नियमित रोजगार नहीं करता। हाल ही में उसने एक सेकेंड हैंड होंडा सिटी कार खरीदी थी, जिससे वह अवैध शराब की ढुलाई करता था। पुलिस के अनुसार वह आमतौर पर अलग-अलग रास्तों से तस्करी करता था। ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सके। दिल्ली पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की गई होंडा सिटी कार को भी जब्त कर लिया है, जिसे विक्रम ने रोहिणी निवासी एक व्यक्ति से खरीदा था। इस संबंध में थाना कश्मीरी गेट में आबकारी अधिनियम की धारा 33/58 के तहत मामला दर्ज कर किया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# सनोज मिश्रा मामले में फूटा ऑडियो बम, प्रोड्यूसर ने खोले काले चिट्ठे! व्हाट्सऐप चैट भी की सार्वजनिक



भोपाल, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। महाकुंभ में वायरल हुई लड़की मोनालिसा को मणिपुर में हिंसा पर मूवी बनाने के लिए बतौर अभिनेत्री साइन करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। उन्हें रेप के आरोप में पकड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस केस में सनोज मिश्रा को बतौर डायरेक्टर साइन करने वाले प्रोड्यूसर मारुत सिंह की एंट्री हो गई है। उन्होंने सामने आकर इस मामले में एक ऑडियो बम फोड़ा है। सनोज मिश्रा की व्हाट्सऐप चैट को सार्वजनिक करके उसके काले कच्चे चिट्ठे खोल दिए हैं। पहले पीड़िता ने मोनालिसा और उसके परिवार को रिसॉर्ट में ठहराने को लेकर विस्फोटक बयान दिया था। अब सुशांत सिंह राजपूत अभिनीत शशांक फिल्म में सनोज मिश्रा को बतौर निर्देशक हायर करने वाले मारुत सिंह ने बड़े खुलासे किए हैं। मारुत सिंह ने दावा किया है कि पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव डाला गया है। इसलिए वह अपनी कही बातों से पीछे हट रही है, जबकि सनोज मिश्रा की सच्चाई वही है, जो उसने पहले बताई थी।

मीडिया के सामने आकर मारुत सिंह ने बताया कि सनोज मिश्रा ने पीड़िता को लगातार प्रताड़ित किया। इस बात की पुष्टि पीड़िता ने खुद मारुत सिंह से व्हाट्सऐप पर चैट में और फोन पर बात करके स्वीकार की थी। मारुत सिंह ने इन विस्फोटक व्हाट्सऐप और फेसबुक चैट, रिकॉर्डिंग को भी मीडिया को दिखाया। साथ ही दावा किया है कि पीड़िता पर किसी प्रकार का दबाव डालकर उसके बयान को बदल गया है। जबकि उक्त रिकॉर्डिंग में पीड़िता यह बात स्वीकार कर रही है कि डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने उनके साथ संबंध बनाए। जब वह प्रेग्नेंट हो गई तो उससे किनारा कर लिया और उसे अबॉर्शन कराने के लिए मजबूर किया। सनोज मिश्रा किसी को नहीं छोड़ता तो मोनालिसा क्या चीज है। वह उसे भी अपना शिकार बनाएगा। अभी वह उसे मूवी में साइन करने का लालच देकर अपने साथ मिलाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अब उसकी हरकतों का पर्दाफाश हो गया है। उसे किसी की जिंदगी खराब करने नहीं दिया जाएगा।

# 'महाराष्ट्र के ममता बनर्जी हो गए उद्धव ठाकरे', वक्फ पर क्या बोले संजय निरुपम?



मुंबई, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता संजय निरुपम ने महाविकास अघाड़ी (एमवीए) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को एक रिपोर्ट बनानी चाहिए। वक्फ बोर्ड के पास 90 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन है, यह सबको पता होना चाहिए। कांग्रेस वालों ने इन जमीनों पर अवैध कब्जा कर रखा है, इस बात को उजागर करना चाहिए। बिजनेस करने वाले मौलाना ने भी कब्जा कर रखा है, उसकी जांच होनी चाहिए। शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे गुट पर कहा कि शिवसेना (यूबीटी) ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अपनी भूमिका रखी। राज्यसभा में यूबीटी के लोग तिलमिला गए। संजय राउत ने नीचे स्तर पर जाकर प्रफुल्ल पटेल को दलाल और दाऊद का आदमी बताया। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि वक्फ के बाद उद्धव की पार्टी और संजय राउत की पोल खुल गई। मुझे लगता है कि अब संजय राउत को इस बात का अहसास हो गया है कि उन्होंने गलत भूमिका ले ली है। चंद मुस्लिम वोटों के लिए समझौता किया है। क्या मुस्लिम संगठन से पैसा मिल रहा है, जिसके लिए उन्होंने यह किया। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में रामनवमी के अवसर पर हो रही राजनीति से पूरे देश में अलर्ट है। यह बहुत ही शर्म की बात है। जब पूरे देश का हिंदू श्रीराम का जन्म मनाएगा तो कुछ जिहादी प्रवृति के लोग जानबूझकर माहौल खराब करते हैं, इसलिए सरकार को अलर्ट जारी करना पड़ा। हिंदू त्योहार पर अलर्ट रखना शर्मनाक है, दुर्भाग्यपूर्ण है, हिंदुस्तान में हिंदुओं को अपनी शोभायात्रा निकालने के लिए कोर्ट जाना पड़ता है।

**महाराष्ट्र के ममता बनर्जी हो गए उद्धव ठाकरे : निरुपम**

संजय निरुपम ने आगे कहा कि सेकुलर लोगों के चलते पश्चिम बंगाल की राजनीति चलती है, वहां हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उद्धव ठाकरे भी ममता बनर्जी के नक्शे कदम पर चल रहे हैं, वे महाराष्ट्र के ममता बनर्जी हो गए हैं। मुस्लिमों के नए मसीहा बन गए हैं, मुस्लिम हृदय सम्राट बन गए हैं।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 7 अप्रैल - 2025

# भारत को अलर्ट रहने की जरूरत

चीन इन दिनों बांग्लादेश पर काफी मेहरबान दिखाई दे रहा है। दोनों की बढ़ती नजदीकी को लेकर भारत को अलर्ट रहने की जरूरत है। बांग्लादेश के सुप्रीमो बने मोहम्मद यूनुस नेटवर्किंग के माध्यम से अपनी पहचान बनाने के लिए मशहूर हैं। ऐसे में यह कहना भूल होगी कि यूनुस मियां चीन से लौटने पर दी गई अपनी टिप्पणियों के नतीजों से अनजान रहे होंगे। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के भूमि से घिरे होने और बांग्लादेश के पास 'समुद्र का मालिकाना हक' होने की उनकी राय को भारत-बांग्लादेश तालमेल के संदर्भ में अनाड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन सेवन सिस्टर्स और चीन को लेकर दिए बयान के बाद यूनुस ने कोई गुंजाइश नहीं बाकी नहीं रखी है। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार को अपदस्थ करने के बाद बांग्लादेश के कामचलाऊ प्रशासन ने भारत की अनदेखी कर बीजिंग से पींगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। जाहिर है यूनुस की नजर अपने घरेलू सियासी पिच पर है। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। जनता अवामी लीग सरकार को हटाने के लिए एकजुट होती नजर आने लगी है। बढ़ते तनाव के बाद, बांग्लादेश में सत्ता पर सेना के कब्जे की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है। 25 फरवरी को सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-ज़मान ने सार्वजनिक रूप से अंतरिम प्रशासन को आपसी लड़ाई बंद करने और अपने काम को व्यवस्थित करने की सलाह दी थी। मगर कहना आसान है, करना मुश्किल। यूनुस उन उग्रवादियों पर निर्भर हैं जो उनकी सरकार का हिस्सा हैं और जिन्होंने अपनी खुद की एक राजनीतिक पार्टी भी बनाई है। इस्लामवादियों के हितैषी माने जाने वाले इन छात्र कार्यकर्ताओं ने एक दूसरा इस्लामिक देश बनाने की मुहिम शुरू कर दी है। इन वैचारिक विकृतियों ने उग्र भारत विरोधी रुख को बढ़ावा दिया है। हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को पूर्व शासन के समर्थकों को निशाना बनाने के तौर पर देखा गया लेकिन अंतरिम शासन इसे रोकने के लिए कुछ खास करता नजर नहीं आया। राजद्रोह के आरोप में स्वामी चिन्मय प्रभु को लगातार परेशान करना और उन्हें जेल में डालना हिंदुओं को यह संदेश देने की कोशिश है कि वे सार्वजनिक जीवन से दूर रहें या नतीजा भुगतने के लिए तैयार रहें। भारत ने बांग्लादेश में उथल-पुथल का जवाब अपने खास अंदाज में दिया है। इसमें खाद्य और उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति शामिल है, जिस पर बांग्लादेश सबसे अधिक निर्भर है। भारत मामूली रुकावटों के साथ उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति जारी रखी है। बांग्लादेश के वस्त्र उद्योग के लिए धागे की आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आई है। भारत ने बांग्लादेशियों के लिए मेडिकल वीज़ा सहित अन्य वीज़ा में कटौती की है। इससे वहां का एक वर्ग इस भ्रम में हैं कि इससे कोलकाता की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। लेकिन जामदानी साड़ी विक्रेताओं जैसे छोटे व्यापारियों और तीसरे देश के वीज़ा हासिल करने के लिए भारत आने वाले बांग्लादेशियों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ा है। बांग्लादेश के लिए भारत बहुत महत्व रखता है इसलिए उसके द्वारा उठाए गए हर कदम पर बारीक नजर रहती है। फिलहाल भारत न्यूनतम सीमा से आगे कुछ भी करने से बचना चाहता है। बांग्लादेश के मामले में पाकिस्तान की एंट्री और यूनुस द्वारा चीन को बांग्लादेश को अपने घरेलू बाजार के विस्तार के रूप में देखने के लिए आमंत्रित करने से राष्ट्रीय सुरक्षा भारत की चिंताओं में सबसे ऊपर आ गई है। सही मायने में देखा जाए तो भारत को बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के साथ संबंध मजबूत होने का इंतजार करना चाहिए।

# स्वस्थ समाज की ओर पहला कदम है जागरूकता



योगेश कुमार गोयल

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है।

इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे।

हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है।


# घटनाओं को राष्ट्रीयता के आधार से देखें व हल करें



रघु ठाकुर

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में ओरंगजेब की मजार को हटाने की चर्चा होने के बाद समूचे देश में एक आंतरिक तनाव नजर आ रहा है। कुछ स्थानों पर तो भारी हिंसा भी हुई है। नागपुर में लगभग 1200 लोगों के विरुद्ध तोड़फोड़ वा हिंसा के मामले दर्ज हुए हैं। देश के कई स्थानों पर बड़े-बड़े प्रदर्शन व धरना आदि किए गए है। यह विचित्र है कि आजादी के लगभग 77 साल के बाद भी हम लोग समस्याओं का आपसी समाधान करना तो दूर आपस में संवाद भी नहीं कर पाते और समस्याएं भी अक्सर कुछ लोगों और विशेषतरू कुछ राजनेताओं के अनुचित और असंतुलित बयानों को लेकर शुरु होती है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक श्री अबू आजमी ने बयान देकर औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक कहा था और यह भी कहा था कि उनके बारे में गलत प्रचार किया गया है जिससे विवाद शुरु हुआ। हालांकि बाद में उन्होंने अपना बयान वापिस ले लिया। हर व्यक्ति में कई प्रकार के गुण और कमियां होती है तथा उनके बारे में कोई अंतिम निष्कर्ष निकाल पाना कठिन होता है। जिस आधार पर श्री अबू आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की और कहा कि औरंगजेब ने देश के कुछ मंदिरों को जमीन दान दी तथा उनके एक सिपहसालार ने किसी पंडित की बच्ची के साथ अन्याय किया जिस पर से उन्होंने अपने सिपहसालार को हाथी के पैरों तले दबवा कर मार दिया। इतिहास की घटनाओं के बारे में विशेषतरू किंवदंतियों के बारे में प्रमाणित रुप से कुछ कहना कठिन होता है। परंतु उनके इस बयान के बाद संघ समर्थित संस्थाओं ने अबू आजमी के कथन का जबरदस्त विरोध किया। उन्होंने औरंगजेब के द्वारा छत्रपति शिवाजी के बेटे छत्रपति संभाजी को 40 दिन तक यातना देकर उनकी हत्या करने का आरोप दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगजेब ने अपने 49 वर्षों के शासनकाल में 46 लाख हिन्दुओं को मारा। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांनामा का उल्लेख करते हुए कहा कि शाहजहां ने लिखा था, खुदा करे ऐसी कमबख्त औलाद किसी की न हो। औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर कि चर्चा भी उन्होंने की और प्रतिपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि वे जाकर बिहार के पुस्तकालय में रखी पुस्तकें पढ़े। 49 वर्षों में 46 लाख हिन्दुओं को मारे जाने की सूचना जरूर कुछ अतिरेक लगती है क्योंकि आज से 360 वर्ष पूर्व 1707 में देश की आबादी कितनी रही होगी इसकी गणना आसान नहीं है। 1947 में आज से 77 वर्ष पूर्व देश की आबादी लगभग 30 करोड़ के करीब थी। इसी आधार पर हम लोग आबादी का विश्लेषण करें तो 1707 में आबादी मुश्किल 5-6 करोड़ के आसपास रही होगी और उसके भी पहले 49 वर्ष औरंगजेब के शासनकाल के थे तब आबादी और भी कम हो सकती है। छह करोड़ की आबादी मान भी लें तो तीन करोड़ महिलाएं होगी और लगभग डेढ़ करोड़ बच्चे होंगे तो क्या यह संभव है कि 1.5 करोड़ की आबादी में से 49 लाख लोग मार दिए जाएं यानी हर 3 में से 1 व्यक्ति मैं यह गणना औरंगजेब के पक्ष में नहीं कर रहा हूं बल्कि इसलिए कि तथ्यों की निष्पक्ष विवेचना होना चाहिए, उसे किसी धर्म, जाति समूह के लिए तोड़ना-मोड़ना नहीं करना चाहिए। हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था जो कट्टरपंथी मानस का व्यक्ति था जिसने सत्ता कि हवस के लिए अपने पिता शाहजहां को क्रूर यातनायें दीं जिसका उल्लेख शाहजहांनामा में मिलता है। अपने भाइयों को सत्ता से बेदखल करने के लिये इस्लाम विरोधी करार दिया और उनके साथ भी क्रूर व्यवहार किया। उसने छत्रपति शिवाजी के बेटे संभाजी राव की क्रूर तरीके से हत्या की, वह क्षम्य नहीं है और जजिया कर जिसे कुछ विद्वान लोग तर्क देकर यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि वह सेना में भर्ती के आधार पर लगाया था, गलत है तथा यह कर भी एक प्रकार का मजहबी कर था कुछ मंदिरों को जमीन दान देने से, कुछ लोगों की मदद करने से क्रूरता कम नहीं होती और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक विदेशी आक्रामक सल्तनत का वारिस और नवाब था। उसके जीवन में कुछ चीजें मजहबी रूप में थीं जो उचित थी। जैसे यह कहा जाता है कि वह सरकारी खजाने का उपयोग अपने ऊपर नहीं करता था। इससे उसके आक्रामक, कट्टर व हिंसक होने के कामों का बचाव नहीं हो सकता। दूसरा पक्ष यह है कि औरंगाबाद शहर का नाम जो पहले औरंगजेब के नाम पर था वह अब बदला जा चुका है वह नाम भी अब इतिहास के पटल से ओझल हो रहा है और धीरे-धीरे मिट भी जाएगा। परंतु मजार के हटने से क्या इतिहास की घटनाएं बदल जाएंगी? क्रूरता मिट जाएगी? जो उसके खाते में दर्ज है हालांकि यह अवश्य होगा कि मजार रहने से उसकी क्रूरता को लोग याद करते और अपने देश से विदेशी आक्रमण से परास्त होने के कारणों की खोज करेंगे। हम विदेशियों का मुकाबला क्यों नहीं कर सके इस पर चर्चा होती, परंतु इन सब चर्चाओं का कारण भी मजार के मिटने से खत्म हो जाएगा। मेरा सोचना है कि औरंगजेब की मजार के सामने एक पत्थर लगाया जाता जिस पर लिखा जाता कि औरंगजेब विदेशी आक्रमणकारी क्रूर शासक था और उसकी क्रूरता का उल्लेख उस पर किया जाता जिसमें शाहजहांनामा का संदर्भ और अनेक घटना के संदर्भ उल्लेख होते तथा यह भी की औरंगजेब सच्चा मुसलमान नहीं था वह केवल जन्मना मुसलमान,सत्ता का भूखा और लालची था। जो व्यक्ति सत्ता की ताकत से क्रूरता करता है उस अर्थ में वह क्रूर था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने चतुराई का बयान दिया है कि चूंकि पुरातत्व विभाग की सूची में यह मजार दर्ज है अतरू हम इसे हटा नहीं सकते और इसका संरक्षण हमारा वैधानिक कर्तव्य है। परंतु शासन किसी भी सूरत में औरंगजेब को महिमा मंडित करने की मंजूरी नहीं देगा। उनके बयान का कोई प्रभाव आमजन में नहीं पड़ा। यहां तक कि जिस नागपुर शहर के वे निवासी हैं वहां भी बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ हिंसा की घटनाएं हुई जिसे मीडिया के माध्यम से देश के लोगों ने देखा है। अच्छा होता अगर श्री देवेंद्र फडणवीस मुस्लिम उलेमाओं को बुलाकर उनके तथा अन्य बुद्धिजीवियों के साथ तथ्यों के आधार पर यह अपील जारी करते की औरंगजेब जिसने अपने भाइयों को भी नहीं बख्शा, इस्लाम को बदनाम करने वाला शासक था। उसके प्रति भारतीय होने के नाते कोई भी समाज या व्यक्ति सहानुभूति व्यक्त नहीं कर सकता और हिंदू संगठनों को भी समझाते जो कि उनके परिवार के हैं यह बताते कि जब तक मजार है औरंगजेब की क्रूरता की चर्चा होगी हटने के बाद दब जाएगी। कुछ मीडिया के मित्रों ने मजार को हटाने के पक्ष में रुस का उदाहरण दिया है जहां क्रांति के बाद लगाई गई लेनिन और स्टालिन की मूर्तियों को वहां की जनता ने हटाया है। यह मित्र उत्साह में भूल गए कि लेनिन व स्टालिन की मूर्ति किसी परिवर्तित सरकार ने नहीं हटाई किसी धर्म समूह ने नहीं हटाई बल्कि आम रूसियों ने हटाई थी, जो लोग साम्यवाद के क्रूर मॉडल के खिलाफ थे। अगर औरंगाबाद के छत्रपति संभाजी नगर के हिन्दू या मुसलमान मिलकर फैसला करते की यह मजार हटना चाहिए तो यह एक राष्ट्रीय एकता व इतिहास की विद्धतियों को दूर करने का कार्य होता। परंतु एक गंभीर प्रश्न को राजनैतिक पक्ष विपक्ष में उलझा दिया। कहा जाता है कि एक चादर वहां चढ़ाई जलाई गई थी जिस पर कुरान की आयत लिखी थी यद्यपि इसका मुख्यमंत्री ने खंडन इसका किया है। परंतु महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या एक चादर पर आयात लिख देना इस्लाम है? और आयात लिखे चादर के जल जाने से इस्लाम की अवमानना है। कुरान की आयत, रामायण की चौपाई, बाईबिल, या गुरु ग्रंथ साहिब की छपी हुई किताबें धर्मगुरुओं के सूत्रों का प्रकाशित वर्णन तो है पर किताब धर्म नहीं होती। बल्कि धर्म का मूल तो उसका विचार होता है। कितने ही हिंदू भाई ऐसे हैं जो हिंदू या सनातनी नैतिक परंपराओं का उल्लंघन करते हैं, कितने ही सिख भाई ऐसे हैं जो गुरु ग्रंथ साहब की बातों का उल्लंघन करते हैं और कितने ही ईसाई ऐसे हैं जो ईसा मसीह की सीखों का उल्लंघन करते हैं और कितने ही मुसलमान भाई हैं जो कुरान शरीफ की बातों का उल्लंघन करते है। दरअसल विरोध तो उन लोगों का होना चाहिए जो अपने धर्म के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

# शिक्षक भर्ती घोटाला का चुनाव पर क्या असर पड़ेगा ?



अशोक भाटिया

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती को पूरी तरह टेंटिड और दूषित करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह फैसला दिया है । जिन उम्मीदवारों की नियुक्तियों को धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा गया है उन्हें अपनी सैलरी वापस भी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कड़ी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं इस फैसले का समर्थन नहीं कर सकती।' इसे 'घोर अन्याय' करार देते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह भाजपा द्वारा रची गई साजिश है, जिसका उद्देश्य इन शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी से रोकना है। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी । यह प्रक्रिया शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर शुरू हुई। उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे।साल 2016 में शिक्षक और अन्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई जिसके माध्यम से कुल 24,640 पदों को भरा जाना था। 23 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया। ओएमआर शीट्स के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई, लेकिन बाद में इसमें हेरफेर के आरोप लगे। डब्ल्यूबीएसएससी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित किए और मेरिट लिस्ट जारी की। हालांकि, कई उम्मीदवारों ने परिणामों में गड़बड़ी का आरोप लगाया, जैसे कि कम अंक वाले उम्मीदवारों को ज्यादा रैंक मिलना और टीईटी पास न करने वालों को नौकरी मिलना। साल के अंत तक परिणामों में कथित धांधली के खिलाफ असफल उम्मीदवारों ने राज्य भर में विरोध प्रदर्शन शुरू किए। कई ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं।अप्रैल 2022 में कलकत्ता हाई कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉनड्रिंग के पहलुओं की जांच शुरू कर दी। ईडी ने मनी लॉनड्रिंग एंगल से जांच की और पार्थ-अर्पिता के बीच वित्तीय लेनदेन के सबूत पाए। अर्पिता के घर से बरामद 21 करोड़ रुपये नकदी को घोटाले की कमाई माना गया। 22 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई और ईडी ने अन्य नेताओं और अधिकारियों, जैसे टीएमसी विधायक और डब्ल्यूबी प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य से भी पूछताछ की। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2016 की भर्ती प्रक्रिया में 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इसे व्यवस्थित धोखाधड़ी करार दिया, जिसमें ओएमआर शीट्स में छेड़छाड़ और रैंक जंपिंग जैसे सबूत मिले।

हाईकोर्ट ने पाया था कि जहां सिर्फ 24,640 पदों के लिए भर्ती होनी थी, वहां कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए। कोर्ट ने अवैध रूप से नियुक्त कर्मचारियों को वेतन और लाभ 12% ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया। साथ ही, सीबीआई को जांच जारी रखने और डब्ल्यूबीएसएससी को नई भर्ती शुरू करने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी, लेकिन सीबीआई को जांच जारी रखने की अनुमति दी। कोर्ट ने कहा कि वैध और अवैध नियुक्तियों को अलग करना जरूरी है।सुप्रीम कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई कई पक्षों, जिसमें राज्य सरकार और प्रभावित कर्मचारी शामिल थे, की याचिकाओं पर आधारित थी। ईडी ने 20 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की और 163 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। इसमें बिचौलिए प्रसन्ना रॉय और उनकी कंपनी शामिल थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और धोखाधड़ी के सबूतों पर विचार किया। 3 अप्रैल 2025ः सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इसे सिस्टमिक फ्रॉड करार देते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हेरफेर हुआ। राज्य सरकार को 3 महीने में नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, राज्य सरकार को जुलाई 2025 तक नई भर्ती प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होने की उम्मीद है, जिसमें पिछले अनुभवों से सबक लिया जाएगा। शिक्षक भर्ती घोटाले का प्रभाव अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कुछ लोगों का मानना है कि यह घोटाला ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार की विश्वसनीयता पर गहरा असर डाल सकता है। विपक्षी दल, खासकर भाजपा , इसे 2026 के विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बना सकते हैं।ऐसे में बंगाल की सियासत में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या टीएमसी नेताओं के भ्रष्टाचार में अगले चुनाव में ममता बनर्जी की सरकार डूब जाएगी या फिर पहले की तरह ममता बनर्जी डैमेज कंट्रोल कर लेंगी और चुनाव में जीत का अपना सिलसिला जारी रखेंगी। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि शिक्षकों भर्ती में जेल जाने वाली बनर्जी हरियाणा के ओ पी चौटाला के बाद दूसरी मुख्यमंत्री होंगी। वहीं पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोर देकर कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो कानून की पूरी ताकत उन पर पड़ेगी। संबित पात्रा ने कहा है कि ममता बनर्जी को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी की भावना बची है तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए वे निश्चित रूप से जेल जाएंगी। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक पार्थ मुखोपाध्याय त्रिपुरा के माणिक सरकार के दौरान शिक्षक भर्ती घोटाले का उदाहरण देते हैं। वह बताते हैं कि त्रिपुरा में मुख्यमंत्री माणिक सरकार के नेतृत्व में सीपीएम की सरकार थी। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने 2010 और 2013 में दो चरणों में स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर 10,323 लोगों को शिक्षक नियुक्त किया था, लेकिन नियुक्ति के संबंध में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए त्रिपुरा उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया।उन्होंने कहा कि अगरतला उच्च न्यायालय ने पूरे पैनल को रद्द कर दिया। माणिक की सरकार उस आदेश को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय गयी, लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी पूरे पैनल को रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा। गले वर्ष त्रिपुरा विधानसभा चुनाव हुए और उस चुनाव में माणिक सरकार की सत्ता चली गई।उन्होंने कहा कि त्रिपुरा की तरह की गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में करीब 26,000 शिक्षकों की नौकरियां रद्द कर दी। एक साल बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने अप्रैल 2024 में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश को बरकरार रखा।

# तंत्रमंत्र से करोड़पति बनाने का झांसा देकर यौन शोषण का षडयंत्र!



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तरप्रदेश के संभल में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसके बारे में सुनकर लोगों के होश उड़ गए। एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य धन वर्षा के नाम पर लड़कियों के साथ गंदी हरकतें करते थे। जिनके पास से करीब 200 लड़कियों के अश्लील वीडियो भी मिले है। संभल में धनवर्षा के नाम पर गिरोह के पास से पुलिस जांच में 200 से अधिक लड़कियों के अश्लील वीडियो के साथ-साथ कई और भी चीजें मिली हैं जिससे इनके अपराधों का खुलासा हुआ है।ये गिरोह गरीब परिवारों को धनवर्षा के नाम पर फंसाते थे। गिरोह के सदस्य धनवर्षा कराने के नाम पर लोगों को ठगने की योजना बनाते थे। वे गरीब परिवारों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनकी बेटी में कोई विशेष शक्ति है जिससे तांत्रिक क्रिया करने पर घर में अपार धनवर्षा हो सकती है। इसके लिए किसी दुर्लभ वस्तु जैसे 20 नख वाला कछुआ, दो मुंहा सांप, उल्लू या विशेष नंबर के नोट पर अनुष्ठान करने की बात कही जाती थी। परिवार को इस लालच में फंसाकर उनकी बेटियों को तांत्रिक क्रिया के लिए तैयार किया जाता था। इस दौरान घर के अन्य सदस्यों को बाहर भेज दिया जाता था, और अनुष्ठान के नाम पर लड़कियों के साथ गंदा खेल खेला जाता था। गिरोह में तीन कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था। कारीगर, मीडिया और आर्टिकल। इस गैंग में दो टीम होती थीं। लोगों को गुमराह वाली टीम को मीडिया कहा जाता था। तंत्र-मंत्र करने वालों कारीगर कहे जाते थे। लड़के, लड़कियों और महिलाओं को आर्टिकल कहा जाता था। गिरोह के ठग तंत्र क्रिया के दौरान लड़कियों के शरीर का पहले पूजन करते थे और फिर कथित अनुष्ठान शुरू किया जाता था। इस दौरान पीड़ित लड़कियों को क्या किया जाता था, इसकी कोई जानकारी नहीं रहती थी, क्योंकि पूरी प्रक्रिया को गुपचुप तरीके से रिकॉर्ड किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि इन वीडियो को अवैध वेबसाइटों पर बेचा जाता था। लड़कियों के परिवारों को इस बात की भनक तक नहीं लगती थी कि उनकी मासूम बेटियों को किस घिनौनी साजिश का शिकार बनाया जा रहा है जानकारी के अनुसार धनवर्षा गिरोह गरीब लड़कियों के परिवारों को झांसे में लेकर तंत्र क्रिया करता था। तंत्र क्रिया के दौरान परिवार के लोगों को बाहर कर दिया जाता था और तंत्र क्रिया के दौरान लड़कियों के प्राइवेट पार्ट की पहले पूजा की जाती थी, फिर तंत्र क्रिया शुरू होती थी। तंत्र क्रिया के बाद लड़कियों के साथ क्या होता था, उन्हें खुद भी नहीं पता है। सामने आया है कि उनके वीडियो बना लिए जाते थे। फिर इन वीडियो को पोर्न साइट पर बेचा जाता था। गिरोह तंत्र क्रिया से धनवर्षा का झांसा देकर गरीब लड़के-लड़कियों की तस्करी कर यौन शोषण करता था और दुर्लभ वन्य जीवों की अवैध तस्करी में भी शामिल था। गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान में फैला हुआ था। पुलिस ने आगरा से गिरोह के 14 आरोपियों को पकड़ा है। गिरोह से पुलिस ने मोबाइल फोन, तांत्रिक विधाओं में प्रयुक्त सामग्री, दुर्लभ कछुआ और अवैध हथियार बरामद किए हैं। गिरोह का खुलासा तब हुआ जब राजपाल नामक युवक के अपहरण और तंत्र क्रिया कर उसे मारने के प्रयास की सूचना थाना धनारी पुलिस को मिली। गिरोह लोगों को नकदी की बारिश कराने का लालच देता है। गिरोह के सदस्य गरीब परिवारों को यह कहकर फंसाते थे कि उनकी लड़की विशेष गुणों वाली है और उसके ऊपर तांत्रिक क्रिया करने से धन की बारिश होगी। इसके बाद लड़कियों के साथ गंदा खेल करते थे। तंत्र-मंत्र के नाम पर यह गिरोह सिर्फ लड़कियों का शोषण ही नहीं करता था बल्कि यह वन्य जीवों की अवैध तस्करी में भी शामिल था। इस गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों तक फैला हुआ था। कई जिलों में इस गिरोह का नेटवर्क बहुत तेजी से फैल रहा थापुलिस ने इस गिरोह के पास से मोबाइल फोन, तांत्रिक क्रिया में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री, दुर्लभ प्रजाति के कछुए और अवैध हथियार बरामद किए हैं। गिरोह के मोबाइल फोन में 200 से अधिक अश्लील वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली हैं, जिनसे इनके घिनौने कृत्यों का खुलासा हुआ है। एक पीडित युवक राजपाल की शिकायत पर संभल पुलिस ने अजय, संतोष और दुर्जन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनके मोबाइल खंगाले तो सभी हैरान रह गए।मोबाइल में तमाम लड़कियों के न्यूड फोटो-वीडियो मिले। एक प्रोफार्मा भी था, जिसमें लड़कियों-लड़कों से उनकी हाइट से लेकर प्राइवेट पार्ट तक की जानकारी भरवाई गई थी। पुलिस ने 14 आरोपियों को अरेस्ट कर धनवर्षा तंत्र क्रिया गिरोह का खुलासा किया। ये लोग तंत्र क्रिया तो करते थे, क्योंकि इन लोगों के फोन से कई ऐसे वीडियो मिले हैं, जिनमें ये लोग तंत्र-मंत्र करते दिख रहे हैं। जो स्टेशन मास्टर रघुवीर सिंह है, वो तो सूखे नारियल पर बैठकर पूरा लट्टू की तरह घूम जाता था।

# मोहब्बत और नफरत साथ साथ



डॉ टी महादेव राव

"भैया। मुझे यह बताएं कि प्रेम की भावना पशु पक्षी और मानवों में नई ऊर्जा भर देता है। उसे सक्रिय कर देता है और वह झूमने लगता है। इस मदहोशी में पता नहीं क्या क्या कर बैठता है। ऐसा क्यों?" "मैंने संगीत के बारे में ये सारी बातें सुनी थीं प्रेम प्रवचन के प्रेमदास। तुमने उसे प्रेम पर डाल दिया। आखिर हुआ क्या?" "भैया! अपने मोहल्ले में सांडों की तरह लड़ते भिड़ते दो नेता हैं। मालूम हैं न? "हां। दोनों जीजा और साले हैं। फिलहाल जीजा विधायक है और साला पूर्व विधायक, अलग अलग पार्टियों से। दोनों में सांप नेवले सी दुश्मनी। मौका मिलते ही छोड़े गए सांड की तरह एक दूसरे को गरियाने में लगे रहते हैं।""सही पकड़े हैं। दोनों की आदत है सुबह सुबह अपने अपने पालतू कुत्ते लेकर सैर करने की। एक ही दिशा में, एक ही सड़क पर कुत्तों को घुमाते हुए वे चलते हैं। कुत्ते तो शांत चलते रहते हैं लेकिन जीजा और साला एक दूसरे पर कुत्तों की तरह भौंकने के अंदाज में बहस करते रहते हैं। पीछे पीछे उनके कारिंदे।" "तो कुत्ते क्या उनको देखकर भौंकने लग गए?" "न। साले का कुत्ता और जीजे का मादा कुत्ता (ऐसा इसलिए कि मेरे शब्द गाली न लगे) दोनों टिबेट पामेरियन नस्ल के प्यारे से छोटे और श्वेत वर्णीय श्वान। ये दोनों बहस करते लेकिन कुत्ते आपस में थूथन चाटते और एक दूसरे को सूंघते प्यार करते रहते।""तभी आपने प्रेम विषयक प्रसंग उठाए छोटू बने प्रेमदास जी।" "जी। आज सुबह बहस कुछ ज्यादा बढ़ गई। मैं उनके पीछे पीछे अपने दोस्तों संग सैर के लिए निकला था। कुत्ते आपस में मिलते तो वे खींच लेते थे। बेचारे क्या करते। भारी पैसे देकर दोनों ने अपने अपने समय पर टिकट खरीदी थी लेकिन एक दूसरे को चोर, बेईमान और मक्कार कह रहे थे। बातों के साथ गाली गलौच बढ़ गया। बढ़ गई थी आवाज भी। कुत्ता युगल अपने प्रेम में लीन था। अपने प्रेम की पराकाष्ठा पर पहुंच ही रहा था कि दोनों जीजा और साले ने कुत्तों को खींचा और लात मारकर उन पर गुस्सा निकालने वाले थे कि उनके अपने कुत्तों ने उनकी अपनी अपनी पिंडली कसके ऐसा काटा कि छोड़ने का नाम न ले। दोनों के पाजामे फट गए। सफेद पजामे लाल हो गए खून से। "पास के डॉक्टर धुरंधर के क्लीनिक पर दोनों पहुंचे और इलाज करवाया। इंजेक्शन लगवाकर पैरों में पट्टी बंधवाई और बाहर आए तो देखा दोनों कुत्ते प्यार से एक दूसरे को चाट रहे थे। डॉक्टर बाहर आया और कहा "लड़ाई झगड़े मत करो। प्यार से रहो।"

# बिजनेस बढ़ाने में मां लक्ष्मी खुद करेंगी मदद ! कामदा एकादशी का ये उपाय

**कामदा एकादशी की तिथि कब से कब तक वैदिक पंचांग के अनुसार, कामदा एकादशी का व्रत 8 अप्रैल को किया जाएगा।चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 7 अप्रैल को रात 8 बजे शुरू होगी। यह तिथि अगले दिन, 8 अप्रैल को रात 9 बजकर 12 मिनट पर खत्म होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि को खास माना जाता है, इसलिए, कामदा एकादशी का व्रत 8 अप्रैल को होगा।**



सनातन धर्म में एकादशी व्रत का बेहद खास महत्व है। मान्यता है कि एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मृत्यु पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है। हर महीने दो एकादशी की तिथि पड़ती है, एक कृष्ण पक्ष तो दूसरी शुक्ल पक्ष। हालांकि, इन सभी एकादशी का नाम तिथि और महत्व अलग-अलग होता है।

फिलहाल चेत्र माह चल रहा है। इस महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है तो इस एकादशी पर व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करने से वो पूर्ण होता है। एकादशी के दिन अगर आप कुछ उपाय भी कर लेते हैं तो व्यापार में जो समस्या चल रही है, वह समाप्त होगी।

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी कहते हैं। 8 अप्रैल को कामदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा एकादशी के दिन विधि विधान के साथ करनी चाहिए। एकादशी के पूर्व व्यक्ति को सात्विक भोजन करना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। एकादशी के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करना पीला रंग का वस्त्र पहनकर करना चाहिए। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। सभी संकट समाप्त हो जाएंगे।

**एकादशी पर जरूर करें ये उपाय**

ज्योतिषाचार्य ने बताया, अगर व्यापार में घाटा चल रहा हो या व्यापार मंदा पड़ा है तो एकादशी के दिन एक छोटा सा उपाय अवश्य कर लें। कामदा एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा पीला वस्त्र पहनकर करें। एक पीले कपड़े में दो हल्दी की गांठ, एक चांदी का सिक्का और एक पीली कोड़ी बांधकर माता लक्ष्मी को अर्पण करें। पूजा के उपरांत पीले कपड़े की पोटली बनाकर व्यापार की तिजोरी में रख लें। जातक के व्यापार में जो भी समस्या है, वह समाप्त हो जाएगी। माना जाता है कि ऐसा करने से माता लक्ष्मी स्वयं व्यापार को आगे बढ़ाएंगी।

**कामदा एकादशी का महत्व**

एकादशी का व्रत बहुत खास माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्रती के सारे पाप धुल जाते हैं और साथ ही, सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधि-विधान से की जाती है और कई लोग श्रीहरि को खुश करने के लिए कई उपाय भी करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के मंत्रों का जप करने का खास महत्व बताया गया है। कामदा एकादशी पर दान पुण्य का महत्व भी शास्त्रों में बहुत खास बताया गया है। इस दिन अगर कोई व्यक्ति सच्चे दिल से कुछ चीजें दान करता है, तो भगवान विष्णु उसकी इच्छा पूरी कर सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि दान करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा फल देते हैं।

**कामदा एकादशी की पूजाविधि**

कामदा एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन सुबह उठकर स्नान करके लकड़ी की चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर विष्णुजी की प्रतिमा स्थापित करें। फिर उन्हें फल, फूल और पंचामृत अर्पित करें।

घी का दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें और कथा पढ़ें। व्रत के बाद ब्राह्मण या गरीब को भोजन कराएं और अगले दिन द्वादशी तिथि में व्रत खोलें।

कामदा एकादशी का पारण समय कामदा एकादशी का व्रत रखने वाले लोग 9 अप्रैल को व्रत का पारण करेंगे। व्रत खोलने का शुभ समय सुबह 6 बजकर 2 मिनट से 8 बजकर 34 मिनट तक है। व्रत खोलने के बाद अनाज और पैसे का दान करना अच्छा माना जाता है।

## इन दोनों राशि वालों को रहना है विशेष सावधान

**कुंभ राशि –** आपकी जन्म राशि से द्वितीय स्थान पर गोचर करने वाले शनि को ज्योतिषियों ने पूज्य की श्रेणी में रखा है। कर्मों में सुधार कर जब हम शनि की पूजा करते हैं, तो शनिदेव हानि को रोककर शुभ प्रभाव प्रारम्भ कर देते हैं। गोचर ज्योतिष के अनुसार आपकी कुम्भ राशि पर शनि साढ़ेसाती उतरती हुई अवस्था में अर्थात अन्तिम चरण में है। कुम्भ राशि के असंख्य जातक हैं, इसलिए साढ़ेसाती को पढ़कर बिल्कुल भी परेशान न हों, क्योंकि आपका व्यक्तिगत शुभ फल आपकी जन्मपत्री में नवग्रह की स्थिति एवं चलने वाली महादशा, अन्तर्दशा इत्यादि पर भी निर्भर है। सामान्य रूप से कुम्भ राशि वालों को साढ़ेसाती के दौरान आर्थिक एवं पारिवारिक समस्याओं के



कारण कठिन एवं संघर्षपूर्ण हालातों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन पाया विचार के अन्तर्गत शनि का पाया रजत (चाँदी) होने से रुकावटों के बावजूद कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा तथा निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।

**मीन राशि –** आपकी मीन राशि पर 29 मार्च 2025 से शनि आकर बैठ गए हैं। शनि का पाया सुवर्ण होने से घरेलु एवं आर्थिक उलझनें, धन का खर्च अधिक रहेगा, अत्यधिक संघर्ष के बावजूद भी अन्य ग्रह दशा मानक प्रबल होने पर बीच-बीच में धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। मीन राशि में जन्मे बच्चों और बुजुर्गों को लेकर स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, स्वास्थ्य कष्ट की सम्भावनाऐं अधिक हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं, जिसके कारण मानसिक तनाव होगा। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में अनावश्यक विलम्ब होगा। लेन-देन के मामलों में भी सावधानी बरतें। सन्तान पक्ष से निराशा प्राप्त होने के योग हैं। जन्मस्थ शनि को पूज्य माना गया है, जब शनि स्वयं की राशि पर विराजमान हो जाते हैं तो अपने कर्मों का अवलोकन कर शुभ कर्मों में वृद्धि करते हुए शनि की उपासना, गरीबों को दान-पुण्य करना, स्वास्थ्य आदि कष्टों से मुक्ति दिलाता है।

## केतु का गोचर, अगले 48 दिनों तक सतर्क रहें सिंह सहित इन 5 राशियों के लोग



केतु का गोचर इस समय कन्या राशि में हो रहा है और संवत के आरंभ से अब 18 मई तक केतु कन्या राशि में गोचर करेंगे इसके उपरांत केतु सिंह राशि में प्रवेश कर जाएगे। लेकिन इस समय शनि की स्थिति में बदलाव और मीन राशि में कई ग्रहों की युति होने से केतु का सभी राशियों पर अलग-अलग प्रभाव दिखेगा। लेकिन सिंह समेत 5 राशियों के लिए केतु का गोचर कष्टकारी और कंटक के समान रहेगा। तो आइए जानते हैं केतु की प्रतिकूलता से सिंह समेत इन राशियों को क्या फल मिलने वाला है।

**केतु का सिंह राशि पर प्रभाव**

इस अवधि में आपके खर्चे काफी ज्यादा रहने वाले हैं। आपको इस दौरान बहुत ही संभलकर निवेश करना चाहिए। क्योंकि, आपको अचानक धन हानि होने की संभावनाएं हैं। आपको पारिवारिक मामलों में भी काफी उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौराहो सकता है कि आपको अपनों का सहयोग न मिल पाए। जिस वजह से आप थोड़ा असहाय महसूस कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को भी कार्यस्थल पर कुछ न कुछ संघर्ष करना पड़ सकता है।

**केतु का कन्या राशि पर प्रभाव**

केतु आपके सभी कार्यों में बाधा डालने वाले हैं। आपके बने बनाए काम अचानक से रुक सकते हैं। साथ ही आपको कार्यों में काफी रुकावटों का सामना भी करना पड़ सकता है। इस दौरान आपकी आय कम और खर्चे काफी ज्यादा रहेंगे। साथ ही आपको सेहत को लेकर भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको क्रोध अधिक आ सकता है इसलिए खुद पर थोड़ा काबू रखें।

केतु का तुला राशि पर प्रभाव

केतु के प्रभाव से तुला राशि के लोगों को अपने शत्रुओं से भय रहेगा। तनाव के कारण आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। आपके शत्रु आप पर हावी हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को इस दौरान कामकाज में थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। साथ ही खुद पर क्रोध को हावी न होने दें। आपको इस दौरान क्रोध अधिक आ सकता है।

**केतु का धनु राशि पर प्रभाव**

केतु के प्रभाव से धनु राशि के जातकों के साथ अपने भी पराये जैसा व्यवहार करेंगे। आपको किसी का साथ इस दौरान नहीं मिलेगा। साथ ही आपके खर्चे भी काफी बढ़ सकते हैं। आपको स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। किसी न किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे। आपको इस दौरान निर्णय लेने में थोड़ा उलझन हो सकती है।

**केतु का मकर राशि पर प्रभाव**

केतु मकर राशि के जातकों को काफी संघर्ष कराने वाले हैं। आपको सफलता पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। वाहन आदि पर आपको काफी पैसा खर्च होगा। साथ ही आपको अपनी मेहनत के हिसाब से लाभ नहीं मिल पाएगा। आपको इस दौरान कम ही आराम मिलेगा। वाहन का प्रयोग थोड़ा संभलकर करें दुर्घटना होने की आशंका है।

## 10 अप्रैल को गुरु का नक्षत्र बदलना 3 राशियों को चुनौतियों का सामना करना पडेगा

गुरु ग्रह अप्रैल के महीने में नक्षत्र परिवर्तन करने वाले हैं। 10 अप्रैल को गुरु राहिणी नक्षत्र से निकलकर मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु के इस परिवर्तन से राशिचक्र की कुछ राशियों के जीवन में प्रतिकूल बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर करियर और शिक्षा के क्षेत्र में इन राशियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं इन राशियों के बारे में।

**मिथुन राशि**

गुरु ग्रह आपकी हानि भाव में विराजमान हैं। 10 अप्रैल को नक्षत्र परिवर्तन करने के बाद गुरु आपके जीवन में चुनौतियां बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बीते समय में कोई गलती की थी तो उसके कारण किसी तरह की कार्यवाही इस राशि के लोगों पर हो सकती है। बेरोजगार लोगों को कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता हासिल होगी। धन आपके पास पर्याप्त मात्रा में होगा लेकिन बेवजह के खर्च इस दौरान बढ़ सकते हैं। अनचाही यात्राएं आपका धन और वक्त बर्बाद कर सकती है।

**तुला राशि**

स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों के कारण तुला राशि के जातकों को परेशानी आएगी। बढ़ रहे वजन के कारण कोई नई स्वास्थ्य समस्या सामने आ सकती है। छोटे-छोटे खर्चे भी इस दौरान आपकी मोटी कमाई को खत्म कर सकते हैं। इस राशि के जिन लोगों ने हाल ही में जॉब बदली है उनकी कड़ी परीक्षा नए संस्थान में होगी। पारिवारिक जीवन में आपकी किसी योजना को लेकर लोगों की असहमति आपको निराश कर सकती है। विद्यार्थियों की एकाग्रता भंग हो सकती है, गलत संगति से इस राशि के लोगों को संभलकर रहना होगा।

**मकर राशि**

शनि के स्वामित्व वाली मकर राशि के लोगों की कुछ योजनाएं इस दौरान अटक सकती हैं। घर या वाहन खरीदना चाहते थे तो किसी व्यक्ति की वजह से खरीदने में असफल हो सकते हैं।

व्यक्तिगत रूप से आप आगे तो बढ़ेंगे लेकिन परिवार में धन की कमी आपकी चिंता का कारण बनेगी। इस दौरान एक मार्गदर्शक की तरह आपको घर के छोटे सदस्यों को समझाने की कोशिश करनी होगी। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम पाने के लिए गुरुजनों से खुलकर बात करनी होगी। किसी पुराने मित्र से जुड़ी कोई बुरी खबर आपको उदास कर सकती है।

## दक्षिण–पश्चिम है धन कुबेर का स्थान दुकान या फैक्ट्री में यहीं बनाएं कैश काउंटर



वास्तु शास्त्र में धन की देवी माता लक्ष्मी और कुबेर महाराज को प्रसन्न करने के उपाय बताए गए हैं। खासकर बिजनेस करने वालों को वास्तु का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे उनके व्यापार में आने वाली बाधाएं न सिर्फ दूर होती हैं, बल्कि दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी भी होती है। कर्मचारी बातें मानते हैं। आपकी व्यापारिक प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होती है। इसलिए व्यावसायिक कार्यों के लिए प्लॉट लेते समय वास्तु का ध्यान रखना जरूरी है। साथ ही किस जगह कैश काउंटर बनाने से आपका व्यापार समृद्ध होगा और इसे कहां स्थापित करना चाहिए,

**व्यापार में फायदे के लिए वास्तु टिप्स**

अगर आप कारोबार करते हैं और अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नया प्लॉट खरीदने जा रहे हैं तो आपको इन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए-

**आयताकार या वर्गाकार प्लॉट सर्वश्रेष्ठ माना जाता है**

अगर आयताकार प्लॉट ले रहे हैं तो इसका अनुपात 1:2 से ज्यादा न हो प्लॉट के दक्षिण-पश्चिम हिस्से की सतह ऊंची हो

**ज्यादा से ज्यादा निर्माण दक्षिण-पश्चिम हिस्से में कराएं**

उत्तर-पूर्व हिस्से को खुला छोड़ दें और इसकी सतह नीचे रखें

मां लक्ष्मी की दिशा है उत्तर-पूर्व

मान्यता है कि ईश्वर, गंगा और माता लक्ष्मी का निवास उत्तर-पूर्व दिशा में है। ऐसे में उत्तर-पूर्व की ओर ढलान होने और इस खुले स्थान पर पानी भरे रहने से व्यापार में धन की आवक बनी रहती है। धन लक्ष्मी बढ़ती जाती है। यही नहीं इस तरह के वास्तु उपाय से कम मेहनत में ज्यादा फल की प्राप्ति होती है। बिजनेस करने वालों की किस्मत चमक जाती है। अगर आप प्लॉट लेकर निर्माण कार्य करवा रहे हैं तो उत्तर-पूर्व दिशा में अंडरग्राउंड टैंक, स्विमिंग पुल, तालाब आदि बना सकते हैं। यही नहीं जिन लोगों के व्यापार में परेशानियां आ रही हैं वे भी इसके अनुसार वास्तु सुधार कर सकते हैं। इससे व्यापार में विवाद और कर्ज आदि की दिक्कतें भी दूर होती हैं।

## मूलांक 9 वालों का समाज में बढ़ेगा दबदबा, इन लोगों के रुके काम होंगे पूरे

**मूलांक 1–** मित्रों से मिलने उनके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती और मजबूत होगी।

**मूलांक 2–** काम के मामले में कुछ लोग एक्सपर्ट के तौर पर आपसे सलाह मांग सकते हैं।

**मूलांक 3–** आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, ऐसा करके आपको अच्छा लगेगा।

**मूलांक 4–** आज काफी दिनों के बाद परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे।

**मूलांक 5–** आज आप मन ही मन में किसी बात की कल्पना करके खुश होंगे।

**मूलांक 6–** नए बिजनेस में अपने बजट के अनुसार ही पैसे इन्वेस्ट करना अच्छा रहेगा।




**मूलांक 7–** किसी काम को करने से पहले आप उस विषय के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे।

**मूलांक 8–** आज आप वे काम करने में सफल होंगे, जो कई दिनों से रुका था।

**मूलांक 9–** राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा, आप कुछ अच्छे काम करेंगे।

**ऐसे जान सकते हैं अपना मूलांक**

**उदाहरण के तौर पर यदि आपकी जन्म** तारीख 02, 11, 20 और 29 है तो इस तरह आपका मूलांक 2 बनेगा। मूलांक निकालने का तरीका, यदि जन्म की डेट 11 तारीख है तो इसे 1+1 करने पर 2 आएगा।

## नीच राशि में पहुंचकर मंगल इन 2 राशियों को पहुंचाएंगे फायदा

मंगल ग्रह 3 अप्रैल से 7 जून तक चंद्रमा की राशि कर्क में संचार करेंगे। इस राशि में मंगल की स्थिति अच्छी नहीं मानी जाती क्योंकि कर्क राशि में मंगल नीच के होते हैं।


**मिथुन राशि**

मंगल का कर्क राशि में होना आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। करियर के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे, बीते समय में बनाई गई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में भी मिथुन राशि वालों को सफलता मिलेगी। कारोबारियों को नए संपर्कों से लाभ मिल सकता है। इस राशि के कुछ जातक पारिवारिक संपत्ति से भी लाभ अर्जित कर सकते हैं। परिवार के बीच आपकी बातों को सराहा जाएगा। हालांकि अपने स्वास्थ्य पर इस राशि के जातकों को ध्यान देने की आवश्यकता होगी। इस दौरान अचानक से धन लाभ के कुछ मौके आपके पास आ सकते हैं, दिल और दिमाग खुला रखें और इन मौकों का फायदा उठाएं। मंगल को और मजबूत करने के लिए आपको व्यायाम, योग आदि का अभ्यास इस दौरान करना चाहिए।

**तुला राशि**

मंगल के गोचर के बाद आपको अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिल सकता है। एक अच्छे लीडर की तरह आप अधीनस्थ कर्मचारियों की बात को सुनेंगे और इससे कार्यक्षेत्र में आपकी छवि सुधरेगी। हालांकि, मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है लेकिन साथ ही अच्छे परिणाम भी आपको इस दौरान अवश्य मिलेंगे। इस राशि के कारोबारियों की नई योजनाएं किसी व्यक्ति के निवेश से पूरी हो सकती हैं। इस राशि के कुछ जातकों का भूमि, भवन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। वहीं उन विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा जो रिसर्च कार्य में लगे हुए हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के तुला राशि के जातक अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए नया कोर्स ज्वाइन कर सकते हैं।

# मुश्किल दौर में थे सदी के महानायक अमिताभ बच्चन होस्ट किया था केबीसी, कर्ज से निकलने में की थी मदद



अमिताभ बच्चन एक बार फिर 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) लेकर आ रहे हैं। फरवरी में इसका पिछला सीजन 16 खत्म हुआ था। नया सीजन 14 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन शुरु होने वाला है। अटकलें थीं कि यह सीजन अमिताभ बच्चन नहीं होस्ट करेंगे। इस शो को होस्ट करने के लिए शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय का नाम सामने आ रहा था। आखिरकार अमिताभ बच्चन के नाम पर मुहर लगी। इस खबर में हम जानेंगे कि कौन बनेगा करोड़पति को अमिताभ बच्चन के अलावा और किसने होस्ट किया, यह भी जानेंगे कि केबीसी ने अमिताभ बच्चन की कर्ज से उबरने में किस तरह मदद की थी?

**मुश्किल दौर में थे सदी के महानायक**

अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। उन्होंने बॉलीवुड को 'शोले' और 'जंजीर' जैसी फिल्में दीं हैं। 90 के दशक में अमिताभ बच्चन की कंपनी एबीसीएल दिवालिया हो चुकी थी। ऐसे में अमिताभ बच्चन को कर्ज से निकालने में केबीसी ने भी मदद की थी। वीर सिंघवी के साथ एक इंटरव्यू में अमिताभ बच्चन ने बताया कि यह उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर था। उनके ऊपर 90 करोड़ का कर्ज था। 55 लीगल केस चल रहे थे। सब कुछ बिकने की नौबत आ गई थी। अमिताभ ने बताया न मेरे पास पैसा था, न कोई फिल्म और मैं पूरी तरह दिवालिया हो चुका था। कर्ज वसूलने वाले रोजाना दरवाजे पर आते और बुरा-भला बोलकर जाते। प्रताड़ित करते। एक सुबह अपनी ऑफिस में जाकर बैठा और सोचा मैं सबसे बेहतर क्या कर सकता हूं। तब फैसला किया कि मैं अभिनय कर सकता हूं और वही करूंगा।

**कर्ज से इस तरह बाहर निकले थे अमिताभ**

अमिताभ बच्चन ने बताया तब मैं घर के पीछे ही रहने वाले अपने प्यारे दोस्त यश चोपड़ा के पास गया। मैंने कहा कि मेरे पास कोई काम नहीं है, मुझे काम दो। उन्होंने पल भर में कहा, मैं एक फिल्म 'मोहब्बतें' बना रहा हूं, जिसमें आपके लायक एक रोल है। क्या आप इसमें काम करेंगे। मैंने कहा, जी बिल्कुल और यहीं से उठकर खड़े होने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके साथ ही अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में काम करना शुरू किया। बताया जाता है कि इस शो ने भी अमिताभ बच्चन को दोबारा खड़ा करने में बहुत साथ दिया।

**अमिताभ बच्चन के अलावा किसने होस्ट किया केबीसी?**

केबीसी का पहला सीजन तीन जुलाई 2000 को शुरू हुआ था। इसे अमिताभ बच्चन ने होस्ट किया था। केबीसी का दूसरा सीजन पांच अगस्त 2005 को शुरू हुआ था। इसका नाम 'केबीसी 2' रखा गया। इसे भी अमिताभ बच्चन ने होस्ट किया। केबीसी के सीजन तीन को 22 जनवरी 2007 को शुरू किया गया। इस सीजन को शाहरुख खान ने होस्ट किया था। सीजन तीन में इसलिए बदलाव किया गया क्योंकि अमिताभ बच्चन बीमार थे और उन्होंने केबीसी की शूटिंग के लिए मना कर दिया था। इसके बाद केबीसी के सभी सीजन को अमिताभ बच्चन ने ही होस्ट किया। केबीसी का सबसे आखिरी 'सीजन 16' इसी साल फरवरी में खत्म हुआ है।

# मनोज कुमार की अंतिम विदाई के बाद भावुक हुए धर्मेंद्र, कहा- मेरे यार तेरे साथ बीता हर पल याद आएगा





दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के निधन के बाद पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के लोग उन्हें याद कर रहे हैं। दिग्गज स्टार धर्मेंद्र ने शनिवार को उनके साथ पुरानी यादों को ताजा किया और दिवंगत मनोज कुमार के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की। थ्रोबैक तस्वीर में दोनों सितारे मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपने कैप्शन में धर्मेंद्र ने उल्लेख किया कि वह मनोज कुमार के साथ बिताए पलों को हमेशा याद रखेंगे।

**अंतिम विदाई के बाद भावुक हुए धर्मेंद्र**

धर्मेंद्र ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक संदेश लिखा। उन्होंने अपनी पोस्ट के कैप्शन में मनोज कुमार को याद करते हुए लिखा, मनोज, मेरे यार तेरे साथ बीता हर पल बहुत याद आएगा। मनोज कुमार के निधन की जानकारी मिलने के बाद धर्मेंद्र उनके आवास पर भी गए थे।

# रकुल प्रीत को 'पसंद है सजना-संवरना'




रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में गुडी पड़वा का त्यौहार मनाया। महाराष्ट्र में हिन्दी नव वर्ष नवसम्वत्सर पर मनाए जाने वाले इस त्यौहार के अवसर पर उसने बताया कि यह उसके लिए नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है।

पूछे जाने पर कि गुडी पड़वा पर उसकी पसंदीदा डिश कौन-सी है, रकुल ने कहा, "पूरन पोली, इसमें कोई शक नहीं! यह मीठी, मुलायम और घर जैसा एहसास देती है । मैं बचपन से ही त्यौहारों के दौरान इसका लुत्फ उठाती रही हूं और इसका हर निवाला मुझे उन खुशनुमा पारिवारिक पलों की याद दिलाता है। इसे इतने प्यार से बनाया जाता है कि आप खुद को रोक नहीं पाते । रकुल ने आगे बताया, "मेरे लिए गुडी पड़वा नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का दिन है। यह साल का वह समय है जब सब कुछ नया लगता है। इस दिन नई एनर्जी, उम्मीदें और उत्सव भी रहता है। मुझे पसंद है कि यह परिवारों को एक साथ लाता है, चाहे वह पूजा के लिए हो, अच्छे भोजन के लिए हो या फिर सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए। यह खुशी के साथ बदलाव को अपनाने की याद दिलाता है।

उसको त्यौहारों पर सजना-संवरना बहुत पसंद है। उसने बताया, गुड़ी पड़वा साड़ी पहनने का बेहतरीन बहाना है । मैं आमतौर पर पीली या लाल रंग की साड़ी पहनती हूं, बिंदी, बड़े झुमके और बालों में ताजा गजरा लगाती हूं । त्यौहारों के दिनों में भारतीय परिधान पहनने में कुछ खास बात होती है - इससे सब कुछ और ज्यादा उत्सवपूर्ण लगता है।

गुडी पड़वा चैत्र नवरात्रि के आसपास पड़ता है। चैत्र नवरात्रि को उत्तर भारत में व्यापक रूप से मनाया जाता । उसने इससे जुड़ी कुछ यादें भी सांझा कीं । उसने कहा, उत्तर भारत में पले- बढ़े होने के कारण चैत्र नवरात्रि हमेशा एक खास समय होता था । मुझे हर जगह उत्सव का माहौल याद है- सुबह की प्रार्थना, भजन की आवाज और घर पर स्वादिष्ट सात्विक भोजन की सुगंध । आखिरी दो दिन हमेशा मेरे पसंदीदा होते थे क्योंकि हमें रिश्तेदारों के घर कन्या पूजन के लिए आमंत्रित किया जाता था और मुझे उपहार और प्रसाद मिलते थे । यह एक ऐसी परम्परा है, जो आज भी खूबसूरत यादें ताजा कर देती है। मुझे मौका मिलता है, तो मैं परम्पराओं, खासकर घर पर उपवास और उत्सवों को निभाने की कोशिश करती हूं।

पति को लेकर किया खुलासा बॉलीवुड के पसंदीदा जोड़ों में से एक, रकुल और जैकी भगनानी 2021 से साथ हैं। अब रकुल ने अपने पति जैकी को हैरान करने वाला खुलासा करते हुए कहा, "हम दोनों अपने आप में खुश हैं और साथ में और भी खुश रहते हैं। मुझे उन्हें बार-बार फोन करने की जरूरत नहीं पड़ती ।

रकुल ने आगे यह भी बताया कि शादी के बाद उसके और जैकी के रिश्ते में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। दोनों ने डेटिंग शुरू करते वक्त ही इस बारे में बात कर ली थी। कुल ने कहा कि उनका खूबसूरत रिश्ता खुशी पर टिका है, न कि किसी कमी को पूरा करने पर। वे दोनों अपने काम पर ध्यान देते हैं और साथ में समय बिताते वक्त काम को भूलने की कोशिश करते हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी गहरी दोस्ती है, जिसमें वे सब कुछ एक-दूसरे से साझा कर सकते हैं।

# क्या ऋतिक रोशन ने 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' के सीक्वल बनने पर लगा दी मुहर?

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' 2025 में अपनी रिलीज के 14 साल पूरे कर लेगी। ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की यह रोड ट्रिप ड्रामा फिल्म फैंस के दिलों में आज भी बसी हुई है। लंबे समय से लोग इसके सीक्वल को लेकर उम्मीदें लगाए बैठे हैं। अब ऋतिक ने उनकी उम्मीदों को एक बार फिर से जगा दिया है। उन्होंने संकेत दिया कि उनकी अंतरात्मा कह रही है कि दूसरा हिस्सा जरूर बनेगा।

अमेरिका के अटलांटा में हुए रंगोत्सव इवेंट में ऋतिक रोशन शामिल हुए थे। वहां भारी भीड़ के बीच उन्होंने 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के बारे में बात की। इस कार्यक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें जब होस्ट ने उनसे फिल्म को एक शब्द में बताने को कहा। जवाब में ऋतिक ने इसे अपनी 'फेवरेट' फिल्म बताते हुए कहा कहा, मैं इसे पांच शब्दों में बयां करूंगा... मन के बंधनों से आजादी। यही है 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा'।

**सीक्वल की ओर किया इशारा**

जब होस्ट ने पूछा कि क्या इसका सीक्वल बनेगा? इस पर ऋतिक ने मुस्कुराते हुए कहा कि उनका भी यही सपना है। फिल्म के सीक्वल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, मेरी जो अंतरात्मा है, वो कह रही है कि यह होगा। कब होगा, यह नहीं पता, लेकिन होगा। उनकी इस बात से फैंस की उम्मीदें बढ़ गई हैं।



**फिल्म में दिखी थी तीन दोस्तों की कहानी**


'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' तीन दोस्तों की जिंदगी और स्पेन की सैर की कहानी है। इसमें ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल के साथ कैटरीना कैफ और कल्कि केकलां भी हैं। फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया था और फरहान अख्तर व रितेश सिधवानी इसके प्रोड्यूसर थे। यह फिल्म दोस्ती, आजादी और जिंदगी को नए नजरिए से देखने की सीख देती है।

**इन फिल्मों में दिखेंगे ऋतिक रोशन**

वहीं, ऋतिक की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वे 'वॉर 2' में नजर आएंगे। इस एक्शन थ्रिलर में जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी भी हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके अलावा, ऋतिक 'कृष 4' में भी दिखेंगे। इस सुपरहीरो फिल्म को वह खुद ही निर्देशित करेंगे।

# सनी देओल ने बहू दृशा को दिया सारा क्रेडिट

## जब से बेटी हमारे घर आई, हमारे घर लक्ष्मी आ गई हैं



जैसा कि सनी देओल की नई फिल्म 'जाट' का ट्रेलर भी कहता है, उनके ढाई किलो के हाथ का अंदाजा पहली बार साउथ सिनेमा को भी होने जा जा रहा है। 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' बनाने वाली कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स ने सनी देओल के साथ फिल्म 'जाट' में हाथ मिलाया है। फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है। इसके अलावा सनी देओल अपनी नई फिल्मों 'लाहौर 1947', 'बॉर्डर 2' और 'रामायण' को लेकर भी खासे उत्साहित हैं।

मैत्री मूवी मेकर्स वाले ये फिल्म बना रहे हैं। फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी मेरे पास पहले जो कहानी लेकर आए थे, वह मुझे पसंद नहीं आई लेकिन जब ये 'जाट' का विषय लेकर वह मेरे पास आए तो मुझे ये बहुत ही प्यारा लगा। और, जैसा प्यार फिल्म के ट्रेलर को मिल रहा है, उससे भी लगता है कि मेरा चुनाव सही रहा।

इसमें मेरा नहीं मेरी इमेज का ज्यादा कसूर है। मेरी इमेज बन गई है परदे पर ऐसी कि सनी देओल है तो हाथ में जो आएगा, उखड़ ही जाएगा। ये एक तरह से मेरी शख्सियत की अब जिम्मेदारी या कहें कि उत्तरदायित्व भी बन गया है। जब तक इस तरह के विषय मेरे पास आते रहेंगे, लोगों का मनोरंजन होता रहेगा।

मेरा मानना है कि इससे एक काम और जो होगा, वो ये कि अब हमारी फिल्में साउथ में डब होकर और बड़े रिलीज होने लगेंगी। वहां की डब फिल्में तो हिंदीभाषी लोग खूब देखते रहे हैं, लेकिन हिंदी फिल्में उतने बड़े पैमाने पर डब होकर वहां रिलीज नहीं होती रही हैं। अब हिंदी के कलाकारों के साउथ सिनेमा की मुख्यधारा की सिनेमा करने से हमारी फिल्मों की पहुंच भी वहां बढ़ेगी। मेरा मानना है कि 'गदर 2' को साउथ की भाषाओं में डब करके रिलीज करना चाहिए था।

फिल्म 'जाट' के जो तकनीशियन हैं, सब शूटिंग के समय मेरी पुरानी फिल्मों की बाते करते रहते हैं। सबने मेरी फिल्में 'घातक' आदि खूब देखी हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा दुनिया भर का सिनेमा देखा है और तकनीकी रूप से खूब तरक्की भी की है। उनकी सोच भी लगातार बदलती रही है। हिंदी सिनेमा का सोच और तकनीक, दोनों स्तर पर विकास रुका हुआ है।

देखिए, भारतीय सिनेमा भावनाओं का सिनेमा है। हमारे पूरे देश में भावनाएं एक जैसी हैं। इसीलिए साउथ सिनेमा की फिल्मों के डब संस्करण यूट्यूब या टीवी पर इतने ज्यादा हिट हुए। लेकिन, हिंदी फिल्में भारतीय भावनाओं से दूर हुई हैं। बीते डेढ़ दो दशक से इसमें और इजाफा ही हुआ है। हिंदी सिनेमा इस बीच अपनी जड़ों से भी दूर होता चला गया। हमारे नए निर्देशक कमाल के हैं लेकिन वह मुंबई के बाहर का हिंदुस्तान अपने सिनेमा में नहीं सोच पा रहे। वह तभी होगा, जब वे इसका एहसास खुद करेंगे।

पापा कहते हैं कि बच्चों में पिता का खौफ बना रहना चाहिए। इससे उन्हें अपने पैरों पर खुद खड़े होने में मदद मिलती है। अपने बड़ों की इज्जत करना हमें संस्कार में मिलता है। लेकिन, हां मैं अपने बेटों से थोड़ा ज्यादा करीब हूं। लेकिन, वह भी मुझसे डरते तो हैं ही। अब भी उन्हें कुछ कहना होता है तो मम्मी के जरिये ही मुझ तक बात आती है।

मेरा मानना है कि आप बच्चों को सिखा नहीं सकते। ये उन्हें खुद सीखना होता है। जैसे हमने सीखा कि पानी में फेंक दिया और कहा कि जाओ, सीखो तैरना। तो हमने तैरना पानी में उतरकर सीखा है। राजवीर, करण और आर्यमान (बॉबी देओल का बेटा) सब अपनी तरह से ही सीख रहे हैं।

मुझे नहीं लगता कि ऐसा होगा कभी। हम दोनों का जो प्यार रहा है, हमारी जो पहचान रही है। उसमें मुझे लगता नहीं कि कोई निर्माता ऐसा कुछ सोचेगा भी। बॉबी के प्रति मेरा जो प्यार है, उसमें हम दोनों को हीरो और विलेन के तौर पर आमने सामने सोचना भी मुश्किल लगता है।

जब से हमारे घर एक और बेटी (करण की पत्नी दृशा) आई है, ऐसे लगता है कि हमारे घर लक्ष्मी आ गई हैं। रही बात मेरी नई फिल्मों की तो 'जाट' की तो बात हम कर ही चुके। 'लाहौर 1947' हम लोग बहुत दिनो से बनाने की सोच रहे थे। राज (राजकुमार संतोषी) को तब फिल्म के लिए निर्माता नहीं मिल रहा था। 'गदर 2' के बाद चीजें बदलीं। आमिर को भी ऐसी ही फिल्म बनानी थी तो सब मिल गए और काम शुरू हो गया। 'बॉर्डर 2' पर इसके बाद काम पूरा करना है मुझे, वह भी मेरी जिम्मेदारी ही है। और, इसके बाद मैं 'रामायण' में हनुमान के अपने किरदार पर काम शुरू करूंगा।

सिनेमा या कहें कि मनोरंजन के साधन अब बदलते जा रहे हैं। पहले लोग सिर्फ सिनेमाहॉल में ही फिल्में देखने आते थे, अब इसके लिए भी अलग अलग प्लेटफॉर्म बन गए हैं। मंच के हिसाब से सिनेमा बन रहा है। वेब सीरीज बन रही हैं। एक वेब सीरीज को लेकर मेरी भी बात चल रही है। इसकी जानकारी विस्तार से जल्दी ही आपको मिलेगी।

# 'लव एंड वार' में नजर आएंगी दीपिका रणबीर कपूर संग करेंगी रोमांस



निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' बहूप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। अब, कथित तौर पर दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म में शामिल हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री को संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में एक भूमिका के लिए चुना जा रहा है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की रणबीर कपूर के साथ 40 मिनट की भूमिका होगी।

**दीपिका रणबीर कर सकते हैं रोमांस**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रणबीर और दीपिका के बीच रोमांटिक सीन भी होंगे। इसलिए फिल्म को सीबीएफसी से 'ए' सर्टिफिकेट मिल सकता है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म में भंसाली कैटरीना को भी ले सकते हैं। शायद, एक खास डांस नंबर के लिए!

**फिल्म की कहानी के बारे में नहीं है पता**

'लव एंड वॉर' ने रिलीज से पहले ही शानदार चर्चा बटोरी है क्योंकि इसमें कमाल की कास्टिंग है। फिल्म देखने वाले हमेशा संजय लीला भंसाली की फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन कहा जा रहा है कि 'लव एंड वॉर' राज कपूर की फिल्म 'संगम' से प्रेरित है जो एक लव ट्राइएंगल थी।

**अगले साल मार्च में रिलीज होगी फिल्म**

हम सभी जानते हैं कि रणबीर और दीपिका एक दूसरे को डेट कर रहे थे। बाद में, रणबीर कैटरीना कैफ के साथ रिलेशनशिप में थे, जो अब विक्की कौशल से शादी कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में पहले से ही रणबीर की रियल लाइफ पत्नी आलिया भट्ट हैं। 'लव एंड वार' अगले साल मार्च में रिलीज हो सकती है। उम्मीद है फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काई अच्छा कमाल करेगी।






# न बाल अच्छे और न स्किन

## 4 चीजों का असर बढ़ा देंगी खूबसूरती



अगर न ही आपके बाल काले-घने, सिल्की शाइनी हैं और न ही स्किन क्लीयर है, जो चेहरे पर तरह-तरह की ची दें लगाने से बहतर बै कि आप हमारी बताई 5 चीजों को अपनी डेली लाइफस्टाइल में शामिल कर लें। फिर आपका चेहरा और बाल, दोनों ही इतने खूबसूरत हो जाएंगे कि कुछ ओर करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। आजकल हमारा लाइफस्टाइल इतना बदल गया है कि न ही हम सही से अपने बालों का ध्यान रख पा रहे हैं और न ही स्किन का, ऐसे में दोनों का खराब होना तो लाजमी है। भले ही आप केमिकल वाले स्किन और हेयर केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर लें, लेकिन उनमें इतना केमिकल मिला होता है बाल पतले और रूखे तो स्किन ड्राई होने लगती है। इसलिए आज हम आपको इस लेख में 4 ऐसी नेचुरल चीजों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें आप सही तरीके से इस्तेमाल करके अपने बालों और चेहरे की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा सकते हैं। इनके लिए न ही आपको पैसे खर्च करने की जरूरत है और न ही इनके इस्तेमाल में आपकी मेहतन लगेगी। आपको मिलेगा बस फायदा ही फायदा। तो फिर बिना देर किए आइए जानते हैं इन 4 फायदेमंद चीजों के बारे में। चाहे आप ड्राई स्कैल्प, हेयर फॉल, डैंड्रफ या फिर बालों को टूटने और दो मुहे होने से परेशान हों, या फिर चेहरे पर खुश्की और फोड़े-फुंसी होने से, नारियल का तेल बालों से लेकर स्किन तक की हम समस्या को ठीक करने में फायदेमंद होता है। आप इससे स्कैल्प पर मसाज भी कर सकते हैं और चेहरे पर 3-4 बूंद लेकर फेस मसाज भी। स्किन को क्लीयर बनाने और बालों में शाइन लाने के लिए कोकोनट ऑयल फायदेमंद है। एलोवेरा एक ऐसा पौधा है जो ज्यादातर लोगों की छत पर पाया जाता है। इसे आप अपने चेहरे पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं और बालों पर भी। जहां ये चेहरे से रेडनेस, एक्ने-पिंपल्स और ड्राईनेस को दूर करने का काम करता है। वहीं बालों पर ये हेयर कंडीशनर की तरह असर दिखाता है और उन्हे सिल्की, शाइनी और मजबूत बनाता है। आप एलोवेरा चेहरे और बालों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। जिन लोगों को स्कैल्प पर बार-बार खुजली होती है, डैंड्रफ से परेशान रहते हैं या फिर बाल रूखे नजर आते हैं तो उनके लिए दही वरदान की तरह है। ऐसा इसलिए क्योंकि दही में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है जो बालों को जड़ से मजबूती देता है और फिजीनेस को दूर करता है।

वहीं चेहरे पर बार-बार तेल आने, एक्ने बढ़ाने और स्किन के जुड़ी अन्य समस्याओं को ठीक करने के लिए भी दही फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें लैक्टिक एसिड होता है जो स्किन को नरिश और मॉइस्चराइज रखता है। बात चाहे बालों की हो या स्किन कि, आंवला में इतनी ज्यादा मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है कि उसे खाने से आपकी स्किन और बालों, दोनों से जुड़ी समस्याएं ठीक हो सकती है। आप रोज आंवला खाना शुरु कर सकते हैं। इसके अलावा आंवला पाउडर से तैयार हेयर मास्क भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

# प्रेमानंद महाराज की सलाह: दूर रहें ऐसे रिश्तों से जहां गहराई न हो

रिश्तों की नींव विश्वास और पारदर्शिता पर टिकी होती है, लेकिन आजकल एक नया ट्रेंड रिश्तों में खटास पैदा कर रहा है-जिसे 'पॉकेटिंग' कहा जाता है। इसमें कोई एक पार्टनर अपने रिश्ते को छिपाकर रखता है और अपने करीबी लोगों से इंट्रोड्यूस नहीं कराता। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज का मानना है कि ऐसे रिश्तों से दूर रहना ही बेहतर है, जहां गहराई न हो और केवल एकतरफा कोशिशें की जा रही हों।

हर रिश्ता पारदर्शिता और आपसी सम्मान पर टिका होता है, लेकिन जब कोई व्यक्ति अपने पार्टनर को जानबूझकर अपने परिवार और दोस्तों से दूर रखता है, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। इसे 'पॉकेटिंग' कहा जाता है। इस ट्रेंड में एक पार्टनर, चाहे जानबूझकर या अनजाने में, दूसरे को रिश्ते में असुरक्षित महसूस कराता है। आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज का कहना है कि ऐसे रिश्ते ज्यादा समय तक नहीं टिकते, क्योंकि इनमें न तो सच्चाई होती है और न ही कोई भविष्य। आमतौर पर पॉकेटिंग तब होती है जब कोई व्यक्ति अपने रिश्ते को पब्लिक करने के लिए तैयार नहीं होता या फिर पार्टनर को लेकर गंभीर नहीं होता। यह भावनात्मक रूप से थका देने वाला अनुभव हो सकता है, क्योंकि जब कोई व्यक्ति खुद को रिश्ते का हिस्सा मानता है, लेकिन उसका पार्टनर उसे अपनाने से हिचकिचाता है, तो यह रिश्ते को कमजोर कर



देता है। महाराज जी का मानना है कि सच्चे रिश्ते में कोई भी व्यक्ति अपने पार्टनर को छिपाने की कोशिश नहीं करेगा, बल्कि गर्व के साथ उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएगा। अगर किसी को अपने रिश्ते में पॉकेटिंग का एहसास हो रहा है, तो इसे नजरअंदाज करना सही नहीं है। यह संकेत हो सकता है कि रिश्ता केवल एकतरफा है और इसमें गहराई नहीं है। प्रेमानंद महाराज की सलाह है कि ऐसे रिश्तों में समय बर्बाद करने से अच्छा है कि खुद की वैल्यू समझें और ऐसे व्यक्ति के साथ रहें जो रिश्ते को लेकर गंभीर हो। रिश्तों में पारदर्शिता और इमोशनल कनेक्शन ही उनकी लंबी उम्र तय करता है, न कि छिपाने और झूठ के सहारे बनाए गए रिश्ते। आजकल रिश्तों में एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है जिसे ₹पॉकेटिंग₹ कहा जाता है। पॉकेटिंग का मतलब है कि आपका पार्टनर आपको अपने जीवन के महत्वपूर्ण हिस्सों से दूर रखता है, खासकर अपने परिवार, दोस्तों या सोशल सर्कल से। पहले के समय में रिश्ते पारिवारिक और सामाजिक दायरे में तेजी से स्वीकार किए जाते थे, लेकिन अब लोग अपने रिश्तों को प्राइवेट रखने लगे हैं। कई बार यह गोपनीयता सही कारणों से होती है, लेकिन जब आपका पार्टनर आपको अपने करीबियों से मिलाने से बचता है, तब यह पॉकेटिंग कहलाता है। इसका चलन तेजी से इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि लोग अपने रिश्तों को लेकर असमंजस में रहते हैं। कई बार किसी की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को अलग रखने की इच्छा पॉकेटिंग का कारण बन सकती है, तो कभी-कभी यह असली कमिटमेंट से बचने का तरीका होता है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के चलते भी यह ट्रेंड बढ़ रहा है, क्योंकि कई लोग अपनी छवि को मेंटेन करने के लिए अपने रिश्तों को छिपाते हैं।

# एक दिन के लिए डिलीवरी एजेंट बनी यूट्यूबर

## कमाए 145 रुपए गिग वर्कर्स ने बताया- कभी रोज 2 हजार कमाते थे, अब 500 भी मुश्किल

इन दिनों सोशल मीडिया पर यूट्यूबर निशु तिवारी का व्लॉग काफी वायरल हो रहा है। दरअसल गिग वर्कर्स की कंडीशन्स दिखाने के लिए निशु ने खुद एक दिन गिग वर्कर बनकर काम किया। वीडियो में वो ब्लिंक-इट का बैग टांगे और ब्लिंक-इट की टीशर्ट में नजर आ रही हैं। वीडियो में निशु ब्लिंक-इट की डिलीवरी एजेंट बनकर लोगों के घर उनका सामान डिलीवर करने जाती हैं। बिल्डिंग के दूसरे माले पर चढ़कर सामान पहुंचा भी देती हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें मिलते हैं सिर्फ 16 रुपए कमीशन, जिसकी निराशा उनके चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। निशु की ये पहली डिलीवरी थी। इसके बाद निशु अपना ब्लिंक-इट का बैग लेकर स्कूटी से ब्लिंक-इट के डिस्पैच सेंटर पर पहुंचती हैं। जहां उनकी मुलाकात बाकी डिलीवरी एजेंट्स से मिलती है जो खुलकर अपना दर्द निशु के साथ शेयर करते हैं। एक डिलीवरी एजेंट कहता है- कंपनी को हमारे पैसे बढ़ाने चाहिए। कंपनी दिन पर दिन हमारे पैसे कम करने में लगी हुई है। एक दूसरा डिलीवरी एजेंट समझाता है- पहले ब्लिंक-इट डिलीवरी के जरिए हम दिन के 2 हजार से 3 हजार रुपए कमाया करते थे। लेकिन अब सिर्फ 500-700 की ही कमाई हो पाती है। कोई मजदूर दिनभर मेहनत करके 700-800 रुपए कमाता है। लेकिन उसे घर से कुछ नहीं लगाना पड़ता। हम लोग तो अपनी 50 हजार, 70 हजार रुपए की बाइक लाते हैं। हर दिन का 200-300 रुपए का पेट्रोल लगाते हैं। 12 से 14 घंटे कम करते हैं। इसके बावजूद भी 1000 रुपए का काम भी नहीं होता। तीसरा डिलीवरी एजेंट कहता है- चौथी-पांचवी मंजिल तक लोगों का सामान पहुंचाते हैं। कोई लिफ्ट भी नहीं होती। कस्टमर कह देता है कि मैं ब्लिंक-इट को पैसा दे रहा हूं, तो आपको आना ही पड़ेगा। टिप भी नहीं देता कोई। कई बार कस्टमर उल्टा-सीधा भी बोलता है, डांट देता है। लेकिन वो अपने ऑर्डर के साथ कंप्रोमाइज नहीं



करता। अंत में निशु कहती हैं- हमारी जिंदगी आसान बनाने के लिए राइडर्स हर तरह का जोखिम उठाते हैं। भागते हैं, रैश ड्राइविंग करते हैं। दस-दस मंजिल की बिल्डिंग में बिना लिफ्ट के चढ़ते हैं। वहीं कस्टमर्स इनके थोड़ा लेट हो जाने पर बिना-सोचे समझे इन्हें डांट देते हैं। आखिर में वो दिखाती हैं कि पूरा दिन काम करने के बावजूद वो सिर्फ 145 रुपए ही कमा पाई हैं।

ज़ोमैटो के सीईओ दीपेंद्र गोयल पिछले साल डिलीवरी पार्टनर्स का दर्द समझने के लिए डिलीवरी बॉय की यूनिफॉर्म पहनकर खुद ही खाना डिलीवर करने पहुंच गए थे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। डिलीवरी के दौरान दीपेंद्र ने वीडियो रिकॉर्ड किया था जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वीडियो में दीपेंद्र डिलीवरी बॉय की यूनिफॉर्म में दिखे। वो खाना लेने गुरुग्राम के एम्बियंस मॉल पहुंचे जहां गार्ड ने उन्हें रोका और दूसरे रास्ते से आने के लिए कहा।

# यूजीसी के फॉरेन डिग्री एजुकेशन के नए नियम जारी

## विदेशी इंस्टीट्यूट भारत में ही एकेडमिक क्वालिफिकेशन की डिग्री दे सकेंगे

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने शनिवार को फॉरेन डिग्री एजुकेशन के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसे यूजीसी (रिकॉग्नाइजेशन एंड ग्रांट एक्यूवलेंस टू क्वालिफिकेशन फॉरेन एजुकेशनल इंस्टीट्यूटस) रेगुलेशन 2025 नाम दिया गया है। इसके मुताबिक भारतीय छात्रों को देश में ही एकेडमिक क्वालिफिकेशन की डिग्री विदेशी इंस्टीट्यूट दे सकेंगे। इस नियम का उद्देश्य स्टूडेंट्स फॉरेन यूनिवर्सिटी जाने से रोकना है। नए नियमों के मुताबिक स्कूलों और हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूटस से फॉरेन क्वालिफिकेशन का आकलन करने के लिए सरल और आसान मैकेनिज्म बनाया जाएगा। ये रेगुलेशन मेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग,लॉ, आर्किटेक्ट और भारत में लॉ से जुड़े विषयों में दी जाने वाली डिग्रियों में लागू नहीं होंगे। यूजीसी एम जगदीश ने



कहा- भारत में शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनेगा. एम जगदीश ने कहा- 'अगर भारतीय संस्थानों को विदेशी छात्रों को आकर्षित करना है तो हमें विदेशी डिग्री की निष्पक्ष और समय पर मान्यता सुनिश्चित करनी चाहिए।' एम जगदीश ने कहा- 'अगर भारतीय संस्थानों को विदेशी छात्रों को आकर्षित करना है तो हमें विदेशी डिग्री की निष्पक्ष और समय पर मान्यता सुनिश्चित करनी चाहिए।''यह सुधार एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती में एक बेहतर कदम है और भारत को शिक्षा के लिए वैश्विक केंद्र में बदलने के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य के साथ जुड़ा हुआ है। ये एक ट्रांसपेरेंट प्रोसेस होगा और इसके नियमों का उद्देश्य विदेशी डिग्री के आकलन में देरी और गड़बड़ियों को खत्म करना होगा। जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप बनाया जा सके। इसे उदाहरण से समझिए जैसे कोई स्टूडेंट देश में ग्रेजुएशन की डिग्री लेने के बाद जर्मनी के किसी संस्थान में हायर स्टडीज के लिए जाता है, तो उसे अब वहां जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि अब देश में ही उसकी फ्रेंचाइजी में वो ये सर्टिफिकेशन पूरा कर सकता है।

जैसे सऊदी अरब में आईआईटी दिल्ली। इसके तहत हायर रैंक वाली फॉरेन यूनिवर्सिटी,ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुएशन,डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट लेवल पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री, रिसर्च और अन्य प्रोग्राम के लिए फॉरेन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स इसके लिए आवेदन करेंगे।

# आखिर जीवन में किन्हें ज्यादा मिलता है?

आज बहुत गर्मी है, सीधे घर जाना और ये सूंघते हुए जाना।' हम सभी स्कूली छात्रों ने अपने शिक्षकों से कई बार यह निर्देश सुना होगा। वे स्कूल के गेट के बाहर कंधे पर कपड़े का एक छोटा-सा थैला लटकाए खड़े रहते थे, जिसमें से वे कटे हुए प्याज का एक टुकड़ा उठाकर हमें देते थे। एक प्याज को अमूमन चार टुकड़ों में काटा जाता था। वे जानते थे कि स्कूल से दूर रहने वाले कौन हैं, जिन्हें वे प्याज के साथ निर्देश देते थे। जबकि स्कूल से पांच मिनट की दूरी पर रहने वाले बच्चों को प्याज दिए बिना ही कहा जाता था कि वे तेजी से भागकर घर पहुंचें। हमारे स्कूल- सरस्वती विद्यालय, नागपुर में यह एक आम बात थी। और आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि उन प्याज के लिए कौन पैसे देता था। उसमें सभी का योगदान होता, पैरेंट्स, ट्रस्टी या स्वयं शिक्षकों का भी। लेकिन हमसे कभी इसके लिए पैसे नहीं मांगे जाते थे। उनका एकमात्र फोकस इसी बात पर था कि कोई भी बच्चा भीषण गर्मी की चपेट में न आए। लेकिन उन्हें कभी इस बात की चिंता नहीं होती थी कि प्याज कहां से आएगा। वे बच्चों को प्याज बांट देते थे और कहीं से प्याज की अगली खेप भी आ जाती थी। इसी तरह, मेरे घर के पास मौजूद होटलें, दुकानदार और यहां तक कि कुछ घर भी ऐसे थे, जो गर्मी से बेहाल लोगों को छाछ बांटते थे। अगर आप उस छाछ को चखते तो पाते कि वह पानीदार होती- उसमें नाममात्र का दही और बहुत सारा पानी होता। लेकिन ढेर सारे कड़ी पत्ते, अदरक और थोड़े-से मसाला पाउडर के चलते वह बहुत स्वादिष्ट लगती थी। उसमें कुछ देने की भावना भी घुली-मिली होती थी ताकि शहर के लोग गर्मियों के मौसम का सामना कर पाएं। यही कारण है कि वह मट्ठा-छाछ प्यासे कंठों को राहत देती थी। यह कई दशक पहले की बात है। मुझे अपने बचपन की यह बात तब याद आ गई, जब 21 मार्च, 2025 को महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग ने हीटवेव प्रिकॉशन गाइडलाइंस पर 13 पन्नों का निर्देश जारी किया। निर्देशों में शिक्षा विभाग से कहा गया कि वह सभी सरकारी स्कूलों के प्रशासन से छात्रों को छाछ उपलब्ध कराने को कहे। यह अधिसूचना 25 अप्रैल तक स्कूल चालू रखने के सरकार के फैसले का परिणाम थी। हालांकि, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि महाराष्ट्र में इस साल इतनी जल्दी भीषण गर्मी पड़ने लगेगी।दुर्भाग्य से इस निर्देश ने स्कूल प्रबंधनों को नाराज कर दिया, जो जानना चाहते थे कि छाछ के लिए धन कहां से आएगा।

शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के संगठनों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ये निर्देश अव्यावहारिक हैं, क्योंकि छाछ के प्रत्येक गिलास की कीमत 10 रु. है और छात्रों की संख्या को देखते हुए स्कूल पर खर्च का बहुत बोझ पड़ेगा। एक तरफ जहां यह विवाद चल रहा है, वहीं मुझे 2013 में इसी कॉलम में लिखी एक कहानी याद आती है। अमेरिका में कन्सास सिटी के बिली रे हैरिस नामक एक भिखारी ने हीरे और प्लैटिनम की एक इंगेजमेंट रिंग एक महिला को लौटा दी थी।

# निशांत, चिराग या तेजस्वी: तीनों में कौन है ज्यादा पढ़ा-लिखा?



बिहार की सियासत में तेजस्वी यादव एक बड़ा नाम बन चुके हैं। चिराग पासवान भी राजनीतिक पॉपुलैरिटी के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार फिलहाल राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन जदयू के कई नेता उन्हें सक्रिय राजनीति में देखने की इच्छा जताते रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि पढ़ाई-लिखाई के मामले में इन तीनों में सबसे आगे कौन है? इस आर्टिकल में हम जानने की कोशिश करेंगे कि निशांत, चिराग और तेजस्वी- इन तीनों में असली 'एजुकेशन चैंपियन' कौन है? चिराग पासवान की शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बात करें तो उन्होंने बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की है। इसके अलावा, उन्होंने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स भी किया है। चिराग ने साल 2003 में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग से अपनी 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी।पढ़ाई के साथ-साथ उनका रुझान कला और रचनात्मक क्षेत्रों की तरफ भी रहा, जिसका असर उनके व्यक्तित्व में साफ झलकता है। राजनीति में आने से पहले चिराग ने बॉलीवुड में भी अपनी किस्मत आजमाई थी, लेकिन फिल्मों में ज्यादा सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने राजनीति की राह पकड़ ली।तेजस्वी यादव की गिनती बिहार के सबसे चर्चित युवा नेताओं में होती है। उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल, आरकेपुरम से 9वीं तक पढ़ाई की, लेकिन उसके बाद पढ़ाई छोड़ दी। तेजस्वी शुरू में क्रिकेटर बनना चाहते थे, इसीलिए 10वीं की परीक्षा तक नहीं दी। उन्होंने झारखंड और दिल्ली की टीम से अंडर-19 क्रिकेट भी खेला और आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स की टीम का हिस्सा भी रहे। वहीं दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अब तक सक्रिय राजनीति से दूर ही रहे हैं। हालांकि, समय-समय पर उन्हें लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा जरूर होती है कि क्या वह भी अपने पिता की तरह राजनीति में कदम रखेंगे। कई जदयू नेताओं ने भी उन्हें राजनीति में लाने की इच्छा जताई है। निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार के साथ कुछ खास सरकारी कार्यक्रमों में नजर आते हैं। हालांकि, उन्होंने कभी खुद को राजनीति में लाने की खुलकर इच्छा नहीं जताई है। निशांत का जीवन सादा और लाइमलाइट से दूर बताया जाता है। शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बात करें तो निशांत कुमार ने बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट), मेसरा से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है।


# मुंबई के किशोर ने लॉन्च किया 'ज़ुल'

## रोबोटिक्स और कोडिंग में हाथ आजमाएंगे जम्मू-कश्मीर के छात्र

मुंबई के एक 17 वर्षीय किशोर आरव कौल ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों में रोबोटिक्स और कोडिंग के प्रति दिलचस्पी जगाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की है जिसका नाम है 'ज़ुल' (ज़ुल)। यह एक STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पर आधारित परियोजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई के छात्र आरव ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों को माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्रामिंग जैसी व्यावहारिक तकनीकों से लैस करने के लिए की।

उनका कहना है, "यह पहल इनोवेशन को प्रोत्साहित करने और क्षेत्र में तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए है, ताकि युवा पीढ़ी भविष्य के लिए तैयार हो सके।" आरव ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस प्रयास की सराहना की और इसे राज्य में तकनीकी बदलाव और युवा सशक्तिकरण के लक्ष्य से जुड़ा बताया। आरव कहते हैं, "रोबोटिक्स सिर्फ तकनीक नहीं, यह समस्या सुलझाने और रचनात्मक



सोच का माध्यम है।" उनके अनुसार शिक्षक भी इस ट्रेनिंग को उत्साह से अपना रहे हैं और इसे अपनी कक्षाओं में शामिल कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि आरव एक अंतरराष्ट्रीय रोबोटिक्स चैंपियन हैं और उन्होंने पहला, रोबोटेक्स और मेकएक्स जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनके पिता जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं, इसलिए यह पहल उनके लिए भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण है। वे बताते हैं, "मैंने 15 सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षकों को इन-पर्सन और ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया है, ताकि वे रोबोटिक्स को प्रभावी ढंग से पढ़ा सकें।" साथ ही, छात्रों को मुफ्त आर्डुइनो किट्स भी बांटी गईं, ताकि वे वास्तविक मशीनें बनाना सीख सकें। इस पहल से अब तक 1000 से अधिक छात्र लाभान्वित हो चुके हैं। मार्च और अप्रैल महीने में यह कार्यक्रम पूरे जोर-शोर से चल रहा है, जिसमें बुनियादी सर्किट्री, सेंसर्स, कोडिंग और प्रोजेक्ट डिजाइन तक की जानकारी दी जा रही है। महीने के अंत में एक फाइनल शोकेस होगा, जहां छात्र अपने बनाए इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करेंगे। अनुपमा शर्मा (जम्मू संस्कृति स्कूल) ने कहा: "हमें ऐसी और पहलों की आवश्यकता है जो हमारे तकनीकी कौशल को बढ़ाएं और छात्रों को बेहतर ढंग से जोड़ सकें।" मीनाक्षी गुप्ता (डीपीएस): "सर्किट बनाना मेरे लिए बहुत रोमांचक अनुभव था। इस प्रोजेक्ट ने छात्रों को सीखने का एक अनूठा तरीका दिया है।"

इस प्रोजेक्ट की नींव फरवरी में रखी गई थी, जब आरव ने जम्मू-कश्मीर के कई स्कूलों से संपर्क किया। स्कूलों ने इस अवसर को उत्साहपूर्वक स्वीकार किया और उन्हें किट्स, सिलेबस प्लान और लगातार मार्गदर्शन मिला। यह पहल छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को प्रयोगात्मक अनुभव से जोड़ने का मौका दे रही है।

आरव इस पहल को और आगे बढ़ाने के लिए स्कूलों, टेक-प्रेमी शिक्षकों और समाज के सहयोगियों से सहयोग की अपील कर रहे हैं। वे लैपटॉप, समर्पित लर्निंग स्पेस और शोकेस के प्रचार में मदद की भी मांग कर रहे हैं।



# ट्रंप टैरिफ से क्या मेक इन इंडिया को लगेगा झटका

## भारत को दोबारा बनानी पड़ेगी ये स्कीम?

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 2 अप्रैल को भारत सहित दुनिया के कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर दिया. जिसके बाद से दुनिया भर के शेयर मार्केट से लेकर कमोडिटी मार्केट में हलचल मची हुई है. भारतीय शेयर बाजार पर भी इसका असर दिख है. लेकिन क्या इसका असर भारत के मेक इन इंडिया प्लान पर पड़ेगा. इस प्लान के तहत शुरू की गई स्कीम को क्या फिर से शुरू करना पड़ेगा. आइए समझते हैं.



देश में मेक इन इंडिया के तहत कई सारी योजनाएं चलाई गई हैं. उन में एक प्रमुख स्कीम पीएलआई स्कीम है. ट्रंप की टैरिफ घोषणा के बाद से ही इस स्कीम पर दबाव आने की संभावना जताई जा रही है. भारतीय स्टेट बैंक ने एक रिपोर्ट पेश की है, जिसमें ग्लोबल टेंशन के बीच पीएलआई स्कीम को और मजबूती के साथ काम करने लिए सचेत किया गया है.

**पीएलआई पर फोकस की जरूरत**

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को अपना दोस्त बताते हुए भी 26 प्रतिशत की टैरिफ लगा दी है और चीन पर 34 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है, जिसके बाद चीन ने भी शुक्रवार को अमेरिका से आने वाले प्रोडक्ट्स पर 34 फीसदी का ही टैरिफ लगा दिया. दुनिया में टैरिफ वॉर के बीच भारत अपने मैसिव वर्कफोर्स और कम लागत मूल्य की वजह से मजबूत स्थिति में हैं. हालांकि, देश को ग्लोबल टेंशन के बीच ज्यादा नुकसान न झेलना पड़े इसको लेकर एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में पीएलआई स्कीम को और मजबूत करने के लिए कहा है.

एसबीआई ने रिपोर्ट में कहा कि भारत सरकार को मौजूदा पीएलआई योजनाओं का विस्तार करना चाहिए और उनकी अवधि को 3 साल तक बढ़ाना चाहिए, जिससे घरेलू उद्योगों के निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा. टैरिफ वॉर के बीच अमेरिका में स्टील, फुटवियर और कपड़ों का मार्केट भारत के लिए और खुलेगा. लेकिन इसके लिए देश को अपने प्रोडक्शन को बढ़ाने की जरूरत होगी. इसके लिए सरकार को पीएलआई स्कीम पर फोकस करना होगा.

# जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा, कहा- नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने के लिए उठाया कदम

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बताया कि उन्होंने नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला लेते हुए पांच अप्रैल को इस्तीफा दिया है। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं। पिछले दिनों फूड डिलीवरी एप जोमैटो ने पिछले साल शुरू किए गए जोमैटो एसोसिएट एक्सेलरेटर प्रोग्राम के तहत करीब 600 कस्टमर सपोर्ट कर्मचारियों को निकाल दिया था। इन्हें एक साल के भीतर ही भर्ती किया गया था। कंपनी अपने कस्टमर सपोर्ट डिविजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ा रही है। छंटनी का असर गुरुग्राम और हैदराबाद के कर्मचारियों पर पड़ा है। पिछले महीने जोमैटो ने अपनी मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड कर दिया था। इटरनल में चार वर्टिकल होंगे। इनका नाम है- फूड डिलीवरी बिजनेस जोमैटो, क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट , गोइंग-आउट वर्टिकल डिस्ट्रिक्ट और बिजनेस-टू-बिजनेस (B2B) किराना सप्लाई कंपनी हाइपरप्योर। इटरनल नाम अपनाने के साथ कंपनी दूसरी बार खुद को रीब्रांड कर रही है। 2008 में जोमैटो की स्थापना फूडीबे के रूप में हुई थी और 2010 में इसका नाम बदलकर जोमैटो कर दिया गया था।



# रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई: 9 अप्रैल से शुरू हो रही मीटिंग

मुंबई,6 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग कल यानी, सोमवार 7 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस मीटिंग में रेपो रेट में 0.25% की कटौती का अनुमान लगाया गया है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग आमतौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है।

**इस साल फरवरी में आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25% कटौती की थी**

फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई।

**रेपो रेट के घटने से क्या बदलाव आएगा?**



रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। आपके सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और ईएमआई भी घटेगी। ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे।आरबीआई जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों के लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी, बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है।

# हम मंदी में जी रहे हैं... 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक ने क्यों कहा ऐसा? निवेशकों को दे डाली खास सलाह



नई दिल्ली,6 अप्रैल (एजेंसियां)। क्या दुनिया में मंदी आ चुकी है? क्या हम मंदी में जी रहे हैं? 'रिच डैड पुअर डैड' किताब के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी की मानें तो यह बात पूरी तरह सच है। कियोसाकी ने चेतावनी देते हुए कहा है, 'हम मंदी में हैं"। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह साल 2012 से लोगों को इसके बारे में बता रहे हैं। उन्होंने अपनी किताब 'रिच डैड्स प्रोफेसी' का हवाला दिया। अब उनका कहना है कि काम करने का समय पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। कियोसाकी समय को एक संपत्ति बताते हैं। उन्होंने कहा, 'क्या सीखने और बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है? नहीं। समय हमेशा आपके लिए एक संपत्ति है।' उन्होंने पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था की आलोचना की। उन्होंने इसे 'एफओएमएम- गलती करने का डर' बताया। उनके अनुसार यह डर लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से रोकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया है कि इस मंदी को निवेशक के जरिए बड़े अवसर में कैसे बदला जा सकता है।

**पिछली पोस्ट का किया जिक्र**

अपनी पोस्ट में उन्होंने पिछली पोस्ट का भी जिक्र किया है। कियोसाकी ने लिखा है, 'मैं एक्स पर अपनी पिछली पोट में एफओएमएम यानी फियर ऑफ मिसिंग आउट (पीछे छूट जाने का डर) की तुलना एफओएमएम यानी फियर ऑफ मेकिंग मिस्टेक्स (गलती करने का डर) से की थी। यह डर स्कूलों में सिखाया जाता है।

**किसे बताया सबसे अच्छा निवेश?**

कियोसाकी का तर्क है कि आज सबसे अच्छा निवेश स्टॉक में नहीं है। बल्कि खुद को शिक्षित करने में है। वह लोगों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन सावधानी बरतने की सलाह भी देते हैं। उन्होंने कहा, 'यूट्यूब कुछ सबसे बुद्धिमान लोगों तक पहुंच प्रदान करता है... लेकिन इसमें धोखेबाज पुरुष और महिलाएं भी हैं।'कियोसाकी लंबे समय से केवल वॉल स्ट्रीट निवेश पर निर्भर न रहने की सलाह देते रहे हैं। अपने पहले के ट्वीट्स में, उन्होंने रियल एस्टेट, सोना, चांदी और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक संपत्तियों की सलाह दी है। उनका मानना है कि आर्थिक मंदी के दौरान ये सभी बेहतर विकल्प हैं।कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि मंदी में क्या करें। वह लिखते हैं, 'तथ्य यह है कि दुनिया में मंदी है। तथ्य यह है कि महंगाई बढ़ रही है और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आप इस मंदी के बारे में क्या करने जा रहे हैं? क्या यह मंदी आपको अमीर बनाएगी या गरीब? चुनाव आपका है और आपकी शिक्षा का चुनाव मुफ्त हो सकता है।' उन्होंने आगे लिखा है, 'अपना ख्याल रखें और इस मंदी को अपने जीवन की सबसे अच्छी चीज बनाएं।'रॉबर्ट कियोसाकी लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# ट्रंप के टैरिफ का था खौफ

## एप्पल ने चीन और भारत से भर-भरकर अमेरिका भेजे अपने सामान

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ से बचने के लिए कंपनियों में आखिरी समय में एक्सपोर्ट करने की होड़ सी मच गई. इसके चलते भारत को पिछले साल के 437 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लेवल तक पहुंचने में मदद मिली. आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भी इस मामले में काफी आगे रहा. ऐसा कहा जा रहा है कि टैरिफ बढ़ने से पहले अपने गोदामों में स्टॉक भरने के लिए कंपनी ने सिर्फ तीन दिनों में आईफोन और अपने अन्य प्रोडक्ट्स से भरे पांच विमान अमेरिका भेजे.

**चीन और भारत से एप्पल ने भेजे अपने सामान**

बीते शनिवार को टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि एप्पल ने भारत और चीन दोनों देशों से भारी संख्या में शिपमेंट भेजे हैं, जबकि यह एक कम खरीदारी वाला सीजन है. एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट के मामले में भी यही रूझान देखा गया. जेम्स और ज्वैलरी का निर्यात भी इस दौरान खूब बढ़ा. 1 से 4 अप्रैल के बीच मुंबई में कस्टम के लिए कीमती कार्गो क्लीयरेंस सिस्टम के जरिए अमेरिका को रत्न और आभूषण निर्यात लगभग छह गुना बढ़कर 344 मिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह सिर्फ 61 मिलियन डॉलर था. ऐसा शायद शनिवार आधी रात से लागू हुए 10 परसेंट बेसलाइन टैरिफ से बचने के लिए किया गया. इसी तरह से कपड़ों के शिपमेंट में भी इसी तरह की तेजी आई है.



**800 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है एक्सपोर्ट**

मार्च में खत्म हुए वित्तीय वर्ष के दौरान भारत का गुड्स और सर्विस एक्सपोर्ट के 800 बिलियन डॉलर पार पहुंचने की संभावना है. 2023-24 में भारत के गुड्स एक्सपोर्ट में 3 परसेंट की गिरावट आने के बाद टोटल एक्सपोर्ट 778 बिलियन डॉलर तक पहुंचा.टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बताया, "मार्च के आखिरी हफ्ते में एक्सपोर्ट में जबरदस्त उछाल आया है."फियो के डायरेक्टर जनरल अजय सहाय ने कहा, "ऐसे सेक्टर्स से एक्सपोर्ट ज्यादा हुआ, जिनमें हवाई मार्ग से अमेरिका में सामान पहुंचाना संभव था. मुझे मार्च 2025 में 40 बिलियन डॉलर से अधिक के एक्सपोर्ट की उम्मीद है." व्यापार डेटा 15 अप्रैल को जारी होने वाला है.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय - 06-09 सूर्यास्त - 18-27
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मीन | मे | मीन.... | 04-56 बजे |
| चंद्र- | कर्क | मे | मेष--- | 06-31 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | वृष--- | 08-16 बजे |
| बुध- | मीन | मे | मिथुन.. | 10-17 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कर्क.... | 12-29 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | सिंह--- | 14-41 बजे |
| शनि- | मीन | मे | कन्या--- | 16-48 बजे |
| राहु- | मीन | मे | तुला---- | 18-53 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | वृश्चिक... | 21-04 बजे |
| | | | धनु...... | 23-16 बजे |
| | | | मकर... | 01-23 बजे |
| | | | कुंभ.... | 03-13 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- दशमी 20-00 तक उपरान्त एकादशी
मास - चैत्र शुक्ल , सोमवार 07 April
नक्षत्र - पुष्य 06-24 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - धृति 18-18 तक उप शूल
करण- तैतिल 07-36 तक उप गर
विशेष:- श्री धर्मराज दशमीं, नवरात्रि व्रत पारणा
व्रत -त्योहार - विश्व स्वास्थ्य दिवस

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 07:40 से 09:13 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:09 - 07:40 | शुभ | चंचल | 18:27 - 19:56 | शुभ |
| काल | 07:40 - 09:13 | अशुभ | रोग | 19:56 - 21:24 | अशुभ |
| शुभ | 09:13 - 10:46 | शुभ | काल | 21:24 - 22:51 | अशुभ |
| रोग | 10:46 - 12:18 | अशुभ | लाभ | 22:51 - 00:18 | शुभ |
| उत्पात | 12:18 - 13:51 | अशुभ | उत्पात | 00:18 - 01:45 | अशुभ |
| चंचल. | 13:51 - 15:24 | शुभ | शुभ | 01:45 - 03:12 | शुभ |
| लाभ. | 15:24 - 16:57 | शुभ | अमृत | 03:12 - 04:39 | शुभ |
| अमृत. | 16:57 - 18:27 | शुभ | चंचल | 04:39 - 06:09 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । आपको संक्रमणों की काफी आशंका है।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आपके अफसर आपसे पुरानी रंजिश निकालने के लिए आपके काम में देर कर सकते हैं । आप इसके कारण बहुत चिंता करेंगे,क्योकि इससे न केवल आपकी वर्त्तमान स्थिति बल्कि आगे आने वाली योजनायें भी प्रभावित होंगी । इस समय अपनी घरेलू खुशियों के कारण खुश रहें क्योकि इससे आपको नया उत्साह मिलेगा ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आज कोई अप्रत्याशित और काफी दबाव वाला काम मिलेगा लेकिन आप चिंता ना करें,आप आसानी से ओइसे पूरा कर लेंगे और आपको सबकी प्रशंसा भी मिलेगी । ऐसा हो सकता है कि घर पर अचानक बहुत सारे मेहमान आ जाएँ या बॉस आपको अंतिम समय पर कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दें । स्थिति चाहे जो हो,आप बहुत अच्छे से संभल लेंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आप इस वक़्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे । आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं ।आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे । हालंकि,आपको यह सब करते हुए सावधान रहना होगा ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आलस के कारण अपने दिन को बिगड़ने न दें । अपनी प्राक्रतिक रचनात्मक ऊर्जा को बाहर निकालें और फिर आपका दिन आराम से अच्छा जायेगा । आपको अपने स्वास्थ्य और अपने निजी जीवन में भी व्यवस्था को बहल करने की आवश्यकता है । विकर्षित करने वाली चीजों पर ध्यान ना दें और वही कार्य पूरी एकाग्रता से करें जो आपके लिए लाभकारी हों ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप बहुत अच्छे निर्णायक हैं और सब चीजों का आसानी से विश्लेष्ण कर लेते हैं । आज आपको अपनी इस विशेषता के लिए खूब तारीफ मिलेगी । लोग अच्छी तरह काम करने के लिए आपकी और देखेंगे और आपसे सीखेंगे । आपको किसी खतरनाक जगह पर यात्रा करने की जरूरत सम्बन्धी सूचना मिलेगी । घबराएं नही,यह यात्रा छोटी सी होगी ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आपके अनिर्णय की स्थिति से बिना बात की परेशानी पैदा हो सकती है । परिवार से जुड़े और रियल एस्टेट से जुड़े हुए मुद्दों को आपको अब गंभीरता से लेने की जरुरत है । आपको इनसे सम्बंधित कोई पत्र प्राप्त होगा । पुरानी अधूरी -अनसुलझी बातें अब आपको परेशान करेंगी और आप इन्हें सुलझाए बिना आगे नहीं बढ़ सकते ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं । उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें । सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा । ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी । आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं । सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें । हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें जो लम्बे समय से आपके ध्यान और समय की प्रतीक्षा में हैं ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): आपकी कोई ऐसी निजी घटना है जो आपको रोके हुए है और आपकी तरक्की की राह में बाधा बन रही है । अगर आप खुद को गंभीर मुसीबतों से बचाना चाहते हैं तो इन मुद्दों को सुलझा लें । अपने रिश्तों की महत्ता समझने की कोशिश करें , अपने प्रयासों को रिश्तों की अहमियत देखकर ही निर्धारित करें । आज का दिन आपके स्वास्थ्य और फिटनेस कार्यक्रम में बदलाव के लिए बिलकुल उपयुक्त है ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें । किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है । कार्यस्थल पर स्थायित्व बना रहेगा ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते । हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी। यह आपके लिए खासी शर्मिंदगी उठाने वाली स्थिति हो सकती है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# अमेरिकी टैरिफ का असर: खरीद न होने से झींगा की कीमत में 80% की गिरावट, किसानों के मुनाफे पर पड़ी मार

नई दिल्ली,6 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी टैरिफ यानी टैक्स का असर दिखाई देना शुरू हो गया है। अमेरिकी टैरिफ के चलते भारत के झींगा उद्योग में भारी उथल-पुथल मच गई है। कुछ ही दिनों में झींगे की कीमतें 80 फीसदी गिर गई हैं। इससे किसानों के मुनाफे पर बड़ा संकट पैदा हो गया है। अब किसानों को इसकी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक खबर के मुताबिक टैरिफ के चलते झींगा की कीमत 350 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 70 रुपये पर आ गई हैं। झींगा का अमेरिका में काफी निर्यात किया जाता है। सबसे ज्यादा डिमांड 50 काउंट वन्नामेई किस्म की होती है। इसके एक किलो में करीब 50 पीस होती है। इस झींगा की मांग में अचानक गिरावट आई है। व्यापारियों को डर है कि अमेरिकी ग्राहक अब दीर्घकालिक अनुबंधों से पीछे हट सकते हैं, जिससे भारत को करीब एक अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है।




**कंपनियों ने रोकी खरीद**

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रोसेसिंग करने वाली कंपनियों ने झींगा की खरीद रोक दी है। इससे किसानों पर दोहरी मार पड़ी है। झींगा की पैदावार का 70 फीसदी हिस्सा गर्मियों में होता है और प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है।कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएलएफएमए) के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी के अनुसार, किसानों में पहले ही दहशत का माहौल है। अगर अमेरिकी शुल्क का पूरा भार यानी 26 फीसदी किसानों पर पड़ता है तो 50 काउंट झींगे पर उन्हें प्रति किलोग्राम 60 से 70 रुपये का घाटा झेलना पड़ेगा।गुलाटी ने बताया कि अगर प्रोसेसिंग कंपनियां 10 फीसदी शुल्क वहन करें, तब भी किसानों को कम से कम 30-40 रुपये प्रति किलो का नुकसान उठाना पड़ सकता है। झींगा पालन में प्रति हेक्टेयर करीब एक लाख रुपये का निवेश होता है, और जब खरीद रुक जाती है, तो यह निवेश खतरे में पड़ जाता है।

**आंध्र प्रदेश में ज्यादा प्रोडक्शन**

भारत में झींगा प्रोडक्शन का मुख्य केंद्र आंध्र प्रदेश है, जहां हजारों किसान अब कीमतों में अचानक आई गिरावट से चिंतित हैं। विशेषज्ञों ने मांग की है कि सरकार इस संकट में हस्तक्षेप करे और निर्यातकों व किसानों को राहत प्रदान करे। टैरिफ संकट का असर अगर जल्द नहीं थमा तो यह भारत के समुद्री उत्पाद निर्यात क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

# ईरान में ये क्या हुआ? 10 लाख रियाल की कीमत बस 1 डॉलर, क्यों घटती जा रही है करेंसी की कीमत?



तेहरान, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान की करेंसी रियाल शनिवार 5 अप्रैल, 2025 को अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई. अब 10,43,000 ईरानी रियाल अमेरिकी डॉलर के बराबर हो गया है. इससे पहले 20 मार्च को फारसी नववर्ष नोरोज के दौरान 10 लाख ईरानी रियाल की कीमत अमेरिकी डॉलर से भी ज्यादा गिर गई थी. नया साल मनाने के बाद जब लोगों ने फिर से काम पर लौटना शुरू किया, तो इसकी कीमत और गिरकर 1,043,000 रियाल प्रति डॉलर तक पहुंच गई.

**ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का दबाव**

समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान में करेंसी एक्सचेंज का हब माने जाने वाले फेरडोसी स्ट्रीट पर व्यापारियों ने अनिश्चितता के दबाव में करेंसी एक्सचेंज रेट डिस्प्ले बोर्ड को बंद कर दिया. ईरान की अर्थव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते कई सालों से दबाव में है. खासकर 2018 में तेहरान के साथ अमेरिका के परमाणु समझौते से हटने के बाद इस देश की इकोनॉमी पर और ज्यादा असर पड़ा है.

**ट्रंप ने ईरान को किया टारगेट**

2015 में समझौते के समय ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के बदले में तेहरान के यूरेनियम भंडार को 300 किलोग्राम (661 पाउंड) और संवर्धन को 3.67 परसेंट तक सीमित कर दिया.

उस दौरान रियाल 32,000 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था. जनवरी में दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रंप ने ईरान पर फिर से दबाव बढ़ाना शुरू किया.

इसी के तहत उन्होंने ईरानी कच्चे तेल का व्यापार करने वाली 16 संस्थाओं और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया. इसमें चीन में डिस्काउंट पर बेचने वाली कंपनियां भी शामिल थीं. इससे रियाल की कीमत और कम होती गई. मार्केट एनालिस्ट्स का कहना है कि तेल की बिक्री में गिरावट और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण महंगाई के दबाव में ईरानी करेंसी में गिरावट आई है.

# जियो दिखाता रह गया आईपीएल और एयरटेल ने कर दिया खेल

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई. सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही. पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत का नुकसान रहा.सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई.




**टाप पर रही रिलायंस इंडस्ट्रीज**

भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 6,85,232.33 करोड़ रुपये रहा. आईटीसी की बाजार हैसियत 312.85 करोड़ रुपये घटकर 5,12,515.78 करोड़ रुपये पर आ गई. इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,013.59 करोड़ रुपये बढ़कर 9,94,019.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही. उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा.

# अमेरिका में भारतीय मूल के जज हुए गिरफ्तार, मनी लांड्रिंग का है आरोप



ह्यूस्टन, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में भारतीय मूल के एक जज को मनी लांड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को 'वायर धोखाधड़ी' और 'चुनावी वित्तीय रिपोर्ट' के फर्जीवाड़े से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े जॉर्ज वर्ष 2018 से काउंटी के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। अमेरिका पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे काउंटी की एक जेल भेजा गया और 20,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि का भुगतान करने के बाद रिहा कर दिया गया। अदालती रिकॉर्ड और फोर्ट बेंड काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, जॉर्ज पर 30,000 से 1,50,000 अमेरिकी डॉलर तक के धन शोधन का आरोप है।

**जज से इस्तीफे की मांग**

मनी लांड्रिंग का आरोप लगने के बाद जज से इस्तीफे की मांग भी होने लगी है। हालांकि जज ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। शुक्रवार को जारी एक बयान में जॉर्ज ने कहा, "मुझे न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और मैं खुद को निर्दोष साबित करने के लिए लड़ूंगा।" फोर्ट बेंड काउंटी में कार्यरत बिल रिकर्ट ने सार्वजनिक रूप से जॉर्ज से इस्तीफे की मांग की है। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है।

# चीन के 6 जेनरेशन फाइटर जेट जे-50 ने मचाई सनसनी

## आसमान का है अदृश्य शिकारी, हिमालय से हिंद महासागर तक अलर्ट!



बीजिंग, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-50 को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ गये हैं। पता चला है कि चीन के शेनयांग एयरोस्पेस कॉरपोरेशन (एसएसी) इस फाइटर जेट को विकसित कर रहा है। जे-50 शेनगाड एक 6 जनरेशन फाइटर जेट है, जिसकी पहली स्पष्ट झलक दुनिया के सामने आ चुकी है। इसे आसमान का 'अदृश्य शिकारी' कहा जा रहा है। सैटेलाइट की तस्वीरों के विश्लेषण से ये साफ हो चुका है कि चीन अब अमेरिकी एयर सुपीरियोरिटी को खुला चुनौती देने की तैयारी कर चुका है। आईडीआरडब्लू की रिपोर्ट्स के मुताबिक, जे-50 एक ऐसा फाइटर जेट है, जो पूरी तरह स्टील्थ, एआई-इनेबल्ड, हाई-स्पीड नेटवर्केड वारफेयर के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबित ये सिर्फ एक युद्धक विमान नहीं, बल्कि 'हवा में उड़ता युद्ध कमांड सेंटर' की तरह काम करेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि चीन का छठी पीढ़ी फाइटर जेट का यह प्रोजेक्ट साल 2030 तक ऑपरेशनल स्टेज तक पहुंच सकता है, लेकिन मौजूदा डेवलपमेंट को देखकर अनुमान ये भी लगाया जा रहा है कि चीन इस जेट को जल्द से जल्द इंडक्शन के लिए तैयार करना चाहता है। इसका नाम शेनगाड, यानी दिव्य छाया है। इसका नाम इस फाइटर जेट की रणनीतिक सोच को दर्शाता है, यानि एक अदृश्य परछाईं जो दुश्मन की सीमा में घुसकर कहर बरपा सके।

**चीन को 'हवा का सिकंदर' बना देगा जे-50 जेट?**

जे-50 फाइटर जेट की सबसे बड़ी खासियत इसका फुल स्पेक्ट्रम स्टील्थ डिजाइन होने वाला है, जो इसे न सिर्फ रडार बल्कि इंफ्रारेड, इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर और यहां तक कि कुछ एआई-डिटेक्शन सिस्टम्स से भी छुपाने में सक्षम बनाता है। इसका एयरोडायनामिक स्ट्रक्चर एफ-22 रैप्टर और बी-21 रेडर की टेक्नोलॉजी से प्रेरित दिखता है। इसके अलावा इस फाइटर जेट में-

**भारत और अमेरिका के लिए कितना बड़ा खतरा है जे-50?**

चीन का जे-50 स्टील्थ फाइटर जेट सीधे-सीधे अमेरिका के एफ-22 और भविष्य के एनजीएडी 6 जेनरेशन फाइटर जेट प्रोग्राम को चुनौती देने के लिए तैयार किया गया है। अमेरिका ने पिछले महीने ही एनजीएडी फाइटर जेट प्रोग्राम की घोषणा की है और बोइंग को इस फाइटर जेट को बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। खास बात ये है कि चीन इस जेट का इस्तेमाल साउथ चाइना सी, ताइवान स्ट्रेट और हिंद महासागर क्षेत्र में वर्चस्व कायम करने के लिए कर सकता है। इससे भारत और अमेरिका दोनों को गंभीर खतरा पैदा होता है। भारत के लिए इस फाइटर जेट का सबसे बड़ा खतरा अरुणाचल प्रदेश और एलएसी पर देखने को मिल सकता है। भारत के एसयू-30 एमकेआई और फाइटर जेट्स के मुकाबले चीनी J-50 एयरक्राफ्ट टेक्नोलॉजी के स्तर पर काफी ज्यादा एडवांस होगा। लिहाजा भारत को तत्काल एएमसीए फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट प्रोजेक्ट में तेजी लाने की जरूरत होगी। इसके अलावा जे-50 एयरक्राफ्ट की रेंज और स्टील्थ क्षमताएं अमेरिका के इंडो-पैसिफिक बेस और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप्स को टारगेट कर सकती हैं। यह चीन के "एंटी-एक्सेस/एरिया डेनियल' (ए2/एडी) सिद्धांत को और मजबूत बनाता है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन इस वक्त एकीकृत निवारण की रणनीति पर काम कर रहा है, जिसमें आर्थिक, सैन्य और साइबर ताकत को जोड़कर शत्रुओं को युद्ध के मैदान में बुरी तरह से हराया जा सके। J-50 फाइटर जेट उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। यह विमान चीन का संदेश है कि वह अब न सिर्फ डिफेंसिव, बल्कि पावर प्रोजेक्ट करने वाला देश बन चुका है। जे-50 की टेस्टिंग को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है और अब अचानक इसके फुटेज और सैटेलाइट व्यू लीक कर देना, चीन की 'साइकोलॉजिकल वॉरफेयर' का हिस्सा माना जा रहा है।



# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में कार के खड्डे में गिरने से 4 पर्यटकों की मौत

खैबर पख्तूनख्वा, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कार के खड्ड में गिर जाने से कम से कम चार पर्यटकों की मौत हो गई। रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता रसूल खान ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना शांगला जिले में माता अघवान के पास बिशम-स्वात रोड पर हुई। पर्यटक बिशम से स्वात जा रहे थे। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक पंजाब प्रांत के मुल्तान जिले के निवासी थे और ईद की छुट्टियों के लिए इस क्षेत्र में आए थे।

# सऊदी अरब ने भारत-पाकिस्तान समेत 14 देशों पर क्यों लगाया वीजा बैन

## समझें प्रिंस एमबीएस के फैसले की मजबूरी



रियाद, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने 14 देशों के नागरिकों के लिए वीजा पर अस्थायी बैन लगा दिया है। सऊदी सरकार का यह बैन बिजनेस और फैमिली वीजा के अलावा उमराह वीजा पर भी लागू होगा। वीजा पर टेम्परेरी बैन का यह फैसला बिना रजिस्ट्रेशन के लोगों को हज में शामिल होने से रोकने के लिए है। यह प्रतिबंध मध्य जून यानी इस साल का हज पूरा होने तक जारी रहेगा। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उमराह वीजा के लिए विदेशी 13 अप्रैल तक ही आ सकते हैं। इसके बाद उमराह वीजा नहीं दिए जाएंगे। सऊदी में बीते साल हज के दौरान हजारों मौतें हुई थीं। मरने वालों में ज्यादा अनाधिकृत हज यात्री थे। ऐसे में इस वीजा बैन का मकसद बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने वाले लोगों को रोकना है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने हज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीजा पर सख्ती का ये फैसला लिया है। सऊदी अरब ने 14 देशों के लिए अस्थायी वीजा बैन लगाया है। इन देशों में पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया और यमन शामिल हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह अस्थायी वीजा बैन यात्रा नियमों को आसान बनाने में मदद करेगा।

इससे हज के दौरान सुरक्षा बेहतर होगी। अधिकारियों ने लोगों से नए नियमों का पालन करने को कहा है ताकि वे किसी परेशानी से बच सकें। अगर कोई बैन के बावजूद सऊदी अरब में अवैध रूप से रहता है तो उसे पांच साल तक सऊदी अरब में आने से रोका जा सकता है। सऊदी अरब ने पहले ही हज और उमराह के लिए 16 भाषाओं में एक डिजिटल गाइड जारी किया है। सऊदी मीडिया के अनुसार, यह गाइड कई फॉर्मेट में उपलब्ध है। सऊदी अधिकारियों का कहना है कि वे हज के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोग सुरक्षित और आराम के साथ अपना हज पूरा कर सकें।

# टाइम्स स्क्वायर होटल की 16वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

## सुनाई दी धमाके की आवाज; पुलिस ने शुरू की जांच

न्यूयॉर्क, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क के मिडटाउन स्थित टाइम्स स्क्वायर होटल की 16वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। युवक होटल के कमरे की खिड़की से गिरा तो जोरदार धमाका हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो युवक बगल की इमारत की छत पर मृत मिला। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक महिला को हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस का कहना है कि सुबह 6:30 बजे वेस्ट 45वीं स्ट्रीट और सेवेंथ एवेन्यू के पास से युवक के होटल की 16वीं मंजिल से गिरने की सूचना मिली। पुलिस को होटल में रुकी इटली के एक पर्यटक ने बताया कि उसने होटल के कमरे से चिल्लाने की आवाजें सुनीं। सुबह जब मैं सोकर उठा तो कोई चिल्ला रहा था। एक महिला चिल्लाते हुए बोल रही थी कि वापस आओ, वापस आओ। जर्मन पर्यटक अन्ना कट्सरारू ने कहा कि कमरे से अजीब तरह की आवाज आ रही थी। जैसे कोई बड़ी मेज जमीन पर खिसकाई जा रही हो। इसके बाद हमने धमाके जैसी आवाज सुनी। ऐसा लगा कि जैसे कोई अपने बिस्तर से गिर गया हो। यह आवाज काफी तेज थी। इसके बाद कोई रो रहा था। इसके बाद महिला चिल्लाने लगी। फिर एक दूसरी आवाज आई जो किसी पुरुष की थी, जो मदद के लिए चिल्ला रहा था। इसके बाद मैंने पुलिस की आवाज सुनी। पुलिस ने कहा कि युवक की मौत की जांच चल रही है। मौके का जायजा लिया गया। पुलिस जांच कर रही है कि युवक गलती से गिरा या जानबूझकर। पिछले महीने टाइम्स स्क्वायर में 56 वर्षीय एक व्यक्ति की नंबर 2 ट्रेन से टक्कर हो गई थी।

# कनाडा में एक और भारतीय छात्र हुआ नस्लवाद का शिकार, चाकू घोंप कर ली जान



टोरंटो, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा में भारतीयों के खिलाफ होने वाली हिंसा बढ़ती ही जा रही है। एक बार फिर नस्लवाद ने कनाडा में एक भारतीय की जान ले ली है। कनाडा की राजधानी ओटावा के निकट एक कस्बे में एक युवा भारतीय नागरिक की हत्या कर दी गई। हत्या की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन इसके पीछे नस्लवाद की मंशा हो सकती है। हालांकि कनाडा अधिकारियों ने मरवाने वाले शख्स की अभी तक औपचारिक रूप से पहचान नहीं बताई है, लेकिन ओंटारियो के रॉकलैंड शहर में उसकी पत्नी जुड़े लोगों ने बताया कि वह 27 साल धर्मेश कथीरिया था। खबरों के मुताबिक लोगों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर को, जिस इमारत में वह रहता था, वहां के शेयरिंग वॉशरूम से बाहर निकलते समय, उसके एक पड़ोसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

पड़ोसी श्वेत पुरुष की उम्र 60 साल के आसपास बताई जा रही है, जिसने पहले पीड़ित और उसकी पत्नी पर कथित तौर पर नस्लीय और भारत विरोधी टिप्पणियां की थीं। गुजरात के भावनगर जिले के रहने वाले कथीरिया 2019 में एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के रूप में कनाडा आए थे और वर्क परमिट पर रह रहे थे। हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के मुताबिक बात करने वाले लोगों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर पुलिस की ओर से संदिग्ध को गिरफ्तार किए जाने के दौरान लिए गए वीडियो को साझा किया। जिसमें कथीरिया की पत्नी को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है।

पुलिस ने कथित हमलावर को हिरासत में ले लिया, लेकिन उसका नाम अभी तक मीडिया के सामने उजागर नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार के लिए एक ऑनलाइन फंडरेजर ने कहा, "हम अपने प्यारे दोस्त धर्मेश के दुख और अचानक निधन की खबर सुनकर बहुत दुखी और व्यथित हैं। 4 अप्रैल, 2025 को पड़ोसी ने बिना किसी उकसावे के घृणा अपराध और मूर्खतापूर्ण हमले में हमसे छीन लिया।

# इजराइल विरोधी महमूद खलील ने जेल से लिख दिया लेख, कोलंबिया पर लगाए कई आरोप



फिलिस्तीन, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका यूनिवर्सिटीज में प्रो-फिलिस्तीन प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों को करने वालों पर अमेरिकी पुलिस खास नजर रख रही है। ऐसे ही एक हिरासत में लिए गए छात्र महमूद खलील ने स्कूल के अखबार में प्रकाशित एक लेख में कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रशासन की तुलना नाजी सहयोगियों से की है। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक खलील ने ये लेख आईसीई जेल से लिखा है। लेख में, उन्होंने कोलंबिया पर अपहरण की नींव रखने रखने का आरोप लगाया और यह भी आरोप लगाया कि मॉर्निंगसाइड हाइट्स संस्थान ने यहूदी विरोधी भावना से लड़ने के चल रहे छात्र विरोध को दबाया है। कोलंबिया डेली स्पेक्टेटर में पब्लिश हुए इस पत्र में खलील ने कहा, "यह स्थिति अजीब तरह से उस समय की याद दिलाती है जब मैं सीरिया में बशर अल-असद के शासन की क्रूरता से बचकर लेबनान में शरण लेने आया था।" उन्होंने विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिनोचे शफीक, पूर्व अंतरिम विश्वविद्यालय अध्यक्ष कैटरीना आर्मस्ट्रांग और स्कूल के डीन पर संघीय सरकार के साथ सहयोग करने के लिए साफ रूप से आलोचना की है। उन्होंने कहा, "8 मार्च को मेरे अपहरण के बाद से, फिलिस्तीन के लिए आवाज उठाने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को डराने-धमकाने और अपहरण करने की घटनाएं बढ़ गई हैं।" उन्होंने लेका कोर्डिया, डॉ। बदर खान सूरी और रूमेसा ओजतुर्क को अन्य राजनीतिक कैदियों की दलील देते हुए अपनी बात को रखा। खलील ने कोलंबिया में प्रो-फिलिस्तीनी छात्रों के बारे में बोलते हुए कहा कि उनके विरोध प्रदर्शनों ने कोलंबिया के यहूदी छात्रों में जो डर पैदा किया है, वो अभी भी कायम है। उन्होंने यहूदी छात्रों के बारे में कहा कि यहूदी छात्र प्रदर्शनों को खराब करने के लिए उकसाने आते हैं, लेकिन हर बार निराश होकर जाते हैं। खलील ने प्रदर्शन करने वालों छात्रों को उकसाने वाले यहूदी छात्रों के बारे में कहा, "मैं यह सोचने से खुद को रोक नहीं पा रहा हूं कि यदि मैं फिलिस्तीन में होता, तो इनमें से कुछ छात्र मुझे चेक प्वाइंट पर रोकते, मेरे विश्वविद्यालय पर छापा मारते, मेरे समुदाय की निगरानी करने वाले ड्रोन उड़ाते या मेरे पड़ोसियों को उनके घरों में मार देते।"

# संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार में तेज किए राहत प्रयास, भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ा



म्यांमार, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यांमार में पिछले हफ्ते आए बड़े विनाशकारी भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 3,455 हो गई है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एजेंसियों और विदेशी मदद दाताओं ने आपातकालीन राहत प्रयासों को बढ़ा दिया है। 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने देश के कई हिस्सों को प्रभावित किया, जिनमें राजधानी नेपीडॉ भी शामिल है। यूएन ने म्यांमार में राहत प्रयास तेज करने की अपील की। भूकंप के कारण कई क्षेत्रों में बिजली, टेलीफोन और मोबाइल सेवाएं ठप हो गईं और सड़कें व पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरी तबाही का सही आकलन करना मुश्किल हो रहा है। भूकंप ने पहले से ही म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध को और बढ़ा दिया है, जिससे 30 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं और 2 करोड़ से अधिक लोग मदद के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# ट्रंप ने लगाया टैरिफ तो गिड़गिड़ाने लगा पाक, निर्यातक परेशान



इस्लामाबाद, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने ट्रंप के प्रशासन द्वारा लगाए गए 29% टैरिफ को एक चुनौती के बजाय एक अवसर के रूप में देखने की योजना बनाई है। हाल ही में वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने अपने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान अमेरिकी व्यापार नीति में हो रहे बदलाव को एक अवसर के रूप में इस्तेमाल करेगा। अमेरिका ने पाकिस्तान से आयातित सामान पर 29% टैरिफ बढ़ाने का फैसला लिया है, जिससे पाकिस्तान के निर्यातकों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। हालांकि वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कठिन समय में भी पाकिस्तान इस चुनौती को अवसर में बदलने की कोशिश करेगा। उनका कहना था, 'आपको कभी भी अच्छे संकट का फायदा उठाने का मौका नहीं छोड़ना चाहिए। हम इसे एक चुनौती और अवसर दोनों के रूप में देख रहे हैं।

**वाशिंगटन भेजा जाएगा उच्च-स्तरीय डेलिगेशन**

इस चुनौती का समाधान निकालने के लिए पाकिस्तान एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल (डेलीगेशन) को वाशिंगटन भेजने की योजना बना रहा है। वित्त मंत्री औरंगजेब ने बताया कि प्रधानमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद, यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में पाकिस्तान का पक्ष रखने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की कोशिश करेगा।

**आर्थिक सुधारों पर ध्यान**

वित्त मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान सरकार विभिन्न आंतरिक सुधारों पर भी काम कर रही है। उन्होंने कर-राजस्व वृद्धि की सराहना की और बताया कि अगले महीने तक पाकिस्तान का कर-राजस्व 10.6 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, उन्होंने मुद्रास्फीति के गिरने और ब्याज दरों में संभावित कमी की भी बात की, जिससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**ऊर्जा क्षेत्र में सुधार और कर्ज प्रबंधन**

वित्त मंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों की भी बात की, जहां उन्होंने उद्योगों के लिए बिजली दरों में एक-तिहाई की कमी की घोषणा की। इसके अलावा, कर्ज प्रबंधन के मामले में भी सरकार ने कर्ज की अवधि बढ़ा दी है, जिससे सरकार को कर्ज पर ब्याज का बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

**क्या वाकई इस टैरिफ का फायदा मिल पाएगा**

पड़ोसी देश वित्त मंत्री औरंगजेब भले ही ट्रंप के टैरिफ में फायदे ढूंढने की बात कर रहे हैं लेकिन पाकिस्तान सरकार इस ट्रेड वॉर से चिंतित है और ये साफ नजर आ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के ऐलान के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो कमेटियां बनाई हैं। एक कमेटी वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में बनी है। इसमें अर्थशास्त्री और उद्योग जगत के लोग शामिल शामिल किए गए हैं।

# 'अमेरिका को तोड़ने में लगे ट्रंप'

## 50 राज्यों के 1200 शहरों में हजारों लोग सड़कों पर उतरे; एलन मस्क को बताया खतरा

वाशिंगटन, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ अमेरिका में बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों का दौर शुरू हो चुका है। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर के बाद ट्रंप को इतने बड़े विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी नागरिक ट्रंप के देश चलाने के तरीके से खफा हैं। लोगों की बड़ी भीड़ ने शनिवार को अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से अधिक स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

**150 से अधिक समूहों ने लिया हिस्सा**

प्रदर्शन में 150 से ज्यादा समूहों के नागरिक अधिकार संगठन, श्रमिक संघ, एलजीबीटीक्यू प्लस अधिवक्ता और चुनाव कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मिडटाउन मैनहट्टन से एंकोरेज, अलास्का तक अमेरिका के सैकड़ों शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने छंटनी, अर्थव्यवस्था, आव्रजन और मानवाधिकारों पर ट्रंप और एलन मस्क की नीतियों का विरोध किया। आम लोगों की 'हैंड्स आफ' रैली ने ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**क्यों प्रदर्शन करने पर उतरे लोग?**

पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिल्स में सड़कों पर उतरे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने पर्शिंग स्क्वायर से सिटी हॉल तक मार्च किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद से ही अमेरिका में एलन मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग छंटनी करने में जुटा है। लोग छंटनी, सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के क्षेत्रीय कार्यालयों को बंद करने, आप्रवासियों को निर्वासित करने, ट्रांसजेंडरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के फंड में कटौती के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

# दो ब्रिटिश सांसदों को इजरायल में नहीं मिली एंट्री, एयरपोर्ट पर ही डिटेन, भड़क उठा ब्रिटेन



लंदन, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल ने शनिवार को दो ब्रिटिश सांसदों को अपने देश में एंट्री देने से मना कर दिया और एयरपोर्ट पर ही उन्हें हिरासत में ले लिया। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रिटिश संसद के सदस्य के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल लेबर पार्टी के सदस्य और ब्रिटिश सांसद युआन यांग और अब्तिसम मोहम्मद दोनों इजरायल पहुंचे थे। लेकिन इजराइली सरकार ने उन्हें यह कहते हुए अपने देश में घुसने से मना कर दिया कि ये दोनों सुरक्षा बलों की गतिविधियों को 'डॉक्यूमेंट' करने और 'इजरायल के खिलाफ नफरत फैलाने' की योजना बना रहे थे। युआन यांग, जो ईर्ली और वुडली से सांसद हैं और अब्तिसम मोहम्मद, जो शेफील्ड सेंट्रल से सांसद हैं, दोनों ब्रिटेन से इजरायल यात्रा पर गए थे। वे वहां एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में पहुंचे थे, लेकिन इजरायल सरकार ने एयरपोर्ट पर ही उन्हें हिरासत में ले लिया। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि यह ब्रिटिश सांसदों के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने कहा, 'हमने इजराइल सरकार से इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट किया है और दोनों सांसदों से रातभर संपर्क बनाए रखा है, ताकि उनका समर्थन किया जा सके।' ब्रिटेन सरकार का कहना है कि उनका ध्यान अब संघर्ष विराम की वापसी और मध्य-पूर्व में शांति की प्रक्रिया पर है ताकि युद्ध और हिंसा को रोका जा सके।

**क्या है इस विवाद का मुख्य कारण?**

इजरायल ने यांग और मोहम्मद पर यह आरोप लगाया कि वे वहां की सुरक्षा गतिविधियों पर निगरानी रखने और इजरायल विरोधी प्रचार फैलाने का काम कर रहे थे। हालांकि, ब्रिटिश सांसदों का कहना है कि वे केवल एक नियमित संसदीय यात्रा पर थे और उनका उद्देश्य शांति की प्रक्रिया में मदद करना था। ब्रिटेन और इजरायल के बीच यह तनावपूर्ण स्थिति और भी जटिल हो सकती है, क्योंकि ब्रिटेन ने इस कार्रवाई को ब्रिटिश संसद के सदस्यों के खिलाफ अस्वीकार्य और असंवेदनशील बताया है।

**अब आगे क्या होगा?**

ब्रिटिश सरकार इस मामले को लेकर इजरायल सरकार से लगातार संपर्क में है। दोनों देशों के रिश्तों में इस घटना के बाद कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसे सुलझा लिया जाएगा। इस विवाद ने ब्रिटेन में न केवल राजनीतिक हलकों, बल्कि आम लोगों के बीच भी गुस्से की लहर पैदा कर दी है। अब यह देखना होगा कि इजरायल सरकार इस मामले पर क्या प्रतिक्रिया देती है और क्या ब्रिटिश सांसदों को जल्द ही वहां से मुक्त किया जाता है।



# भगवान-राम को दी गयी 101 तोपों की सलामी

## सीताराम जी को लगाया 56 केक का भोग सीएम और डिप्टी सीएम ने किया कन्या पूजन



जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में रामनवमी के मौके पर मंदिरों में भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। प्रदेश भर के मंदिरों में आकर्षक सजावट भी की गई है। टोंक में कड़ी सुरक्षा के बीच शोभायात्रा निकाली गई है।

वहीं, जयपुर में भगवान राम को तोपों की सलामी दी गई है। दौसा के मेहंदीपुर बालाजी में भी रामनवमी महोत्सव की धूम है। यहां अलग-अलग फ्लेवर के केक का भोग लगाया गया। सीताराम मंदिर में महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने महाआरती की।

धार्मिक कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई है।

जयपुर में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सूरजपोल अनाज मंडी से शुरू होकर यह यात्रा चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना श्रीरामचंद्रजी मंदिर तक पहुंची। मंदिर को अलौकिक सजावट से संवारा गया है।

इससे पहले सुबह 11 बजे ठाकुरजी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया गया। दोपहर 3:30 बजे राजभोग आरती की गयी। आरती में हजारों महिला भक्त शामिल हुए। देर शाम को 101 तोप की सलामी के साथ महाआरती की गयी। इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए।

# आईएएस नेहा गिरी ने दी आरएएस अफसर को चेतावनी

## 15 दिन में इन 6 बिन्दुओं पर देना होगा जवाब

जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में ब्यूरोक्रेसी के अफसरों में ठन गई है। एक महिला आईएएस अफसर ने सीनियर आरएएस अधिकारी को चेतावनी देते हुए चार्जशीट थमा दी है। इस चार्जशीट में महिला आईएएस अधिकारी ने सीनियर आरएएस अधिकारी से 6 बिंदुओं पर जवाब मांगा है। 15 दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश भी दिए हैं। आईएएस अधिकारी ने चार्जशीट में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर 15 दिन में 6 बिंदुओं पर मांगे गए सवालों का जवाब नहीं दिया तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

महिला आईएएस और सीनियर आरएएस में ठनने का यह मामला राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन लिमिटेड का है। आईएएस नेहा गिरी इस कॉरपोरेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और जिस सीनियर आरएएस अफसर विभु कौशिक को चार्जशीट थमाई है वे इस कॉरपोरेशन में विशेषाधिकारी (ओएसडी) हैं।

एमडी नेहा गिरी का आरोप है कि ओएसडी ने दवाओं की खरीद समय पर नहीं की। एमडी के मुताबिक उन्होंने 26 दिसंबर 2024 को ओएसडी से जरूरी दवाओं की खरीद की सूचना मांगी थी जो कि उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। दवाओं की खरीद में उदासीनता बरते जाने का आरोप है। ऐसे में 6 बिंदुओं के जवाब मांगे गए हैं। सीनियर आरएएस अधिकारी विभु कौशिक हाल ही में 50 दिन की मेडिकल लीव के बाद वापस काम पर लौटे हैं। एमडी नेहा गिरी ने मेडिकल लीव के जरूरी दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए हैं। आरएएस से उनकी बीमारी की रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही स्वास्थ्य प्रमाण पत्र पेश करने के लिए कहा है।

# जयपुर में 624 कैरेट का अनोखा बॉक्स

## गोल्ड और डायमंड का बारीक काम किया गया, 50 साल पहले बना बेशकीमती पीस



जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर में इंटरनेशनल जेम एंड ज्वेलरी शो (आईजीजेएस) के चौथे संस्करण में एक अनूठा एक्वामरीन बॉक्स आकर्षण का केंद्र रहा। नोवोटेल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस शो में यह विशेष बॉक्स सभी का ध्यान खींचा। उद्घाटन से लेकर समापन तक तीनों दिन विजिटर ने इस बॉक्स की कारीगिरी की प्रशंसा की। ज्वेलर राजेंद्र ने बताया- यह 624 कैरेट का एक्वामरीन बॉक्स है।

इस पर नेचुरल गोल्ड और डायमंड का बारीक काम किया गया है। बॉक्स के ऊपर नीलम (ब्लू सफायर) जड़ा हुआ है। यह करीब 50 साल पहले बनाया गया एक बेशकीमती पीस है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस तरह का बॉक्स बनाना लगभग असंभव है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं - इतना बड़ा और साफ एक्वामरीन स्टोन मिलना मुश्किल है।

इतना बारीक काम करने वाले कुशल कारीगर अब नहीं रहे। एक्वामरीन, बेरिल परिवार का रत्न है, जो हल्के नीले से हल्के हरे रंग में पाया जाता है। इसका नाम समुद्र और जल से जुड़ा है। विशेष बात यह है कि गर्मी के प्रभाव से इस पत्थर का रंग बदला जा सकता है। पारंपरिक मान्यताओं में इस रत्न को वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला माना जाता है। शो में भले ही अधिकतर सेमी प्रेशियस स्टोन्स की वैरायटी देखने को मिली, लेकिन यह एक्वामरीन बॉक्स अपनी विशिष्ट कारीगरी और ऐतिहासिक महत्व के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

आईजीजेएस में 400 कैरट की एमराल्ड (पन्ना) की अंगूठी भी खास रही। जो अपने आकार और साइज के कारण अन्य आभूषणों में अलग नजर आई। ज्वेलर राजेंद्र की ओर से यह यहां शोकेस की गई। उन्होंने बताया- यह रियर पन्ने की अंगूठी है। इसको दोबारा नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने बताया- यह अंगूठी जयपुर में ही बनी है, जो जयपुर की कला का नमूना है। यह अंगूठी सौ प्रतिशत पन्ने की ही बनी है।

# जिसने हनीट्रैप में जेल कराई उसी पुलिसकर्मी पर रेप का केस

## आरोप– दुष्कर्म कर खून से मांग भरी, अब तक 8 मुकदमे किए, 3 में पुलिसवाले आरोपी



जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। थानाधिकारी ने मेरे साथ जबरदस्ती की, फिर कहा मैं तुमसे शादी करूंगा। मुझे बरसाना के राधा रानी मंदिर ले जाकर पत्थर से अपने हाथ से खून निकालकर मेरी मांग भरी। फिर अलवर में मेरे घर पर सगाई की। बाद में वह शादी से मुकर गया और मेरे व मेरे परिवार के खिलाफ झूठा केस करवा दिया। यह कहना है उस महिला का जिसने भरतपुर के उद्योग नगर के पूर्व थानाधिकारी महेंद्र सिंह राठी के खिलाफ रेप केस दर्ज कराया है। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला अब तक पति के खिलाफ सहित 8 मामले दर्ज करा चुकी है। तीन मामलों में आरोपी पुलिसवाले हैं। वहीं खुद महिला के खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं। महिला ने एफआईआर में बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा था। कोर्ट में पेशी के दौरान उसकी मुलाकात उद्योग नगर के तत्कालीन थानाधिकारी महेंद्र सिंह राठी से हुई।

राठी ने उसके मोबाइल नंबर लिए और वॉट्सऐप कॉल करने लगा। फोन पर उसे कहा- तुम बहुत सुंदर हो, मुझे बहुत अच्छी लगती हो। फिर नवंबर 2022 में कोर्ट में मुलाकात हुई। राठी उसे गाड़ी में बैठाकर अपने सरकारी क्वार्टर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद वो उसे शादी का झांसा देकर यूपी के बरसाना में राधा रानी मंदिर ले गया। वहां राठी ने पत्थर मारकर अपने हाथ से खून निकाला और उसकी मांग भरी। वादा किया कि जल्द शादी होगी। जनवरी 2023 में राठी ने अलवर आकर उसके घर पर सगाई की। साड़ी और अंगूठी दी।

वीडियो भी आया सामने : इस पूरे मामले में एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें थानाधिकारी महेंद्र सिंह राठी और महिला के गले में फूलों की माला है। थानाधिकारी के सिर पर रूमाल बंधा है। माथे पर तिलक है। हालांकि, पूर्व थानाधिकारी महेंद्र सिंह राठी का कहना है कि यह वीडियो फर्जी है। इसे गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। राठी का कहना है कि महिला ने उन्हें जाल में फंसाया। उन्होंने कहा- मैंने इस महिला की कभी मांग नहीं भरी। मैं तो पहली बार मिलने भी अपने परिवार के साथ गया था। उस समय एक कॉन्स्टेबल भी मौजूद था।

उस महिला ने उस कॉन्स्टेबल से कहा कि मैं उसका चाचा हूं। मेरा परिवार उसकी छोटी बहन को देखने आया है। इसी कॉन्स्टेबल से महिला ने मिठाई भी मंगवाई थी।

# एसडीएम थप्पड़कांड, एसटी आयोग की रिपोर्ट में पुलिस-प्रशासन दोषी

## मुख्य सचिव-डीजीपी से 30 दिन में कार्रवाई के लिए कहा, जवाब भी मांगा



टोंक, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। टोंक के समरावता थप्पड़कांड में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने एरिया मजिस्ट्रेट और मालपुरा उपखंड अधिकारी पर आरोप लगाए हैं। कमेटी ने पुलिस के एक्शन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

रिपोर्ट 2 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार को सौंपी गई है। कमेटी ने 30 दिन में प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। सरकार से जवाब भी मांगा गया है।

दरअसल, 13 नवंबर 2024 को देवली-उनियारा उपचुनाव में वोटिंग के दौरान निर्दलीय कैंडिडेट नरेश मीणा ने एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी के थप्पड़ मार दिया था।

मजिस्ट्रेट का कहना था कि नरेश मीणा जबरन बूथ में घुस रहा था उसे रोका तो उसने थप्पड़ मार दिया। इसके पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में लिया था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे छुड़ा लिया। घटना की रात व अगले दिन नरेश मीणा की गिरफ्तार को पुलिस व ग्रामीण भिड़ गए थे। इसमें दोनों ओर से कई लोग घायल हुए थे। थप्पड़कांड को लेकर एनसीएसटी आयोग ने 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। निरूपम चमका की अध्यक्षता वाली कमेटी ने तीन महीने जांच की। कमेटी ने 23 पेज की रिपोर्ट में थप्पड़कांड के कारण, एसडीएम और एरिया मजिस्ट्रेट ने उस दिन क्या किया और पुलिस के एक्शन के बारे में भी लिखा है। इसमें एरिया मजिस्ट्रेट और मालपुरा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को थप्पड़ मारने को अनुचित माना है। लेकिन एसडीएम पर जबरन वोटिंग कराने के भी आरोप लगाए हैं।

# जुड़वां बेटों की गवाही से मिली हत्यारे पिता को उम्रकैद

## कोर्ट बोली– पति-पत्नी के रिश्ते को किया शर्मसार

सीकर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जिले में एडीजे कोर्ट क्रम संख्या-1 ने एक दिल दहला देने वाले मामले में आरोपी पति को पत्नी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह फैसला इसलिए भी खास रहा क्योंकि आरोपी को दोषी ठहराने में उसके 8 साल के जुड़वां बेटों की गवाही निर्णायक साबित हुई। दोनों बच्चों ने कोर्ट में अपने पिता की करतूत का आंखों देखा हाल सुनाया, जिसे सुनकर अदालत भी सख्त हुई और आरोपी को किसी भी तरह की राहत देने से मना कर दिया। सरकारी वकील गोपाल सिंह बिजारणियां ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 7 अगस्त 2022 की है। प्राइवेट स्कूल में शिक्षक आरोपी कर्मवीर (28) ने अपनी पत्नी संजू देवी (28) की गला दबाकर हत्या कर दी थी और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया था।

# करोड़पति पेपर लीक माफियाओं के 86 रिश्तेदार सस्पेंड

## पटवारी के भाई-भाभी, दो साले पर गिरी गाज, एक परिवार के 3 थानेदारों की उतरी वर्दी



जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में लीक पेपर से थानेदार-पटवारी-जेईएन भर्ती हुए माफियाओं के रिश्तेदारों पर एसओजी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पोरव कालेर, हर्षवर्धन मीणा, रोशन लाल मीणा जैसे 8 बड़े नाम हैं, जिन्होंने पेपर लीक करवाए। करोड़ों में सौदा किया। साथ ही अपने परिवार-रिश्तेदारों को उसी पेपर से नौकरी लगवाया। कई माफिया तो ऐसे हैं, जिनके परिवार के 5-5 मेंबर बड़े पदों पर सिलेक्ट हो गए थे। एसओजी ने 250 से ज्यादा ऐसे कर्मचारी-अफसरों की लिस्ट तैयार की है, जो माफियाओं के रिश्तेदार हैं और उनका सिलेक्शन संदिग्ध है। एसओजी की एसआईटी जांच के बाद ऐसे 86 कर्मचारी सस्पेंड या टर्मिनेट भी हो चुके हैं। वहीं 174 कर्मचारी ऐसे हैं जिनके खिलाफ जांच जारी है। इनमें 15 की जांच विभाग में पेंडिंग है। चूरू के रामपुर का रहने वाला पौरव कालेर कुख्यात पेपर लीक माफिया है। पौरव कालेर पर कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा, एसआई भर्ती परीक्षा–2021, पटवारी भर्ती परीक्षा, ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा सहित कई भर्ती परीक्षाओं में नकल व पेपर लीक करने के केस दर्ज हैं। करोड़ों में पेपर बेचने वाले पौरव के कई रिश्तेदार भी सरकारी नौकरियों पर लगे हुए थे। पौरव की पत्नी भावना गोस्वामी ईओ-आरओ एग्जाम में लीक पेपर से सिलेक्ट हुई थी। एसओजी ने उसे गिरफ्तार किया। 3 साल पहले भी भावना पटवारी भर्ती परीक्षा में नकल कराने के आरोप में गिरफ्तार हो चुकी है। तब वह बीकानेर में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थी। तब से निलंबित चल रही है।

# मुस्लिम समाज को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश में हैं मोदी

## विपक्ष झूठा भ्रम फैला रहा है- राठौड़

जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज अमर उजाला के साथ विशेष बातचीत करते हुए कहा कि अगर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुसलमान समाज की स्थिति को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं, तो इसमें किसी को परेशानी क्यों होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि पहले जिस समाज को ईदी के लिए लाइन में खड़ा रहना पड़ता था, आज अगर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम हो रहा है, तो यह स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि यह समाज हाथ फैलाने वाला नहीं, बल्कि दूसरों को देने की स्थिति में आए। अगर ऐसा हो रहा है, तो इसमें विरोध क्यों? वक्फ संशोधन बिल को लेकर हो रहे विरोध पर मदन राठौड़ ने कहा कि अधिकतर लोगों ने बिल को पढ़ा ही नहीं है।

# प्राइवेट-टीचर ने पैर से गला दबाकर पत्नी को मारा था

## 10 जगह चोट के निशान मिले थे, शादी के 4 महीने बाद ही करने लगा था मारपीट



सीकर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। सीकर में 8 साल के जुड़वां बेटों की गवाही पर पिता को एडीजे कोर्ट-1 ने उम्रकैद की सजा सुनाई। आरोपी ने अपनी पत्नी की पैर से गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव को फंदे पर लटका दिया था। महिला के प्राइवेट पार्ट पर लातें मारी गई थी, जिससे खून के थक्के जम गए थे। महिला के शरीर पर 10 जगह चोट के गहरे निशान थे। हत्यारा पति एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता था। फैसला सुनाते हुए जज महेंद्र प्रताप बेनीवाल ने कहा- आरोपी ने पति-पत्नी के अटूट (पवित्र) रिश्ते को शर्मसार किया है। इस कारण सजा में नरमी पाने का हकदार नहीं है। मामला ढाई साल तक सीकर की एडीजे कोर्ट संख्या-1 में चला। इसके बाद कोर्ट के जज महेंद्र प्रताप बेनीवाल ने शनिवार को पत्नी की हत्या का दोषी मानते हुए पति को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 2 धाराओं में 1 लाख 10 हजार का जुर्माना भी लगाया।

आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद उसका शव कमरे में फंदे से लटका दिया था। ताकि सभी को लगे की महिला ने फंदा लगाकर सुसाइड किया है। पुलिस ने भी इस मर्डर को सुसाइड ही मान लिया, लेकिन जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो मामले का खुलासा हुआ। आरोपी मृतक महिला(पत्नी) से शराब पीने के लिए पैसे के डिमांड करता था। लेकिन जब महिला उसे पैसे देने से मना करती तो वह उसके साथ मारपीट करता था।

सरकारी वकील गोपाल सिंह बिजारणियां ने बताया- मामला 7 अगस्त 2022 का है। मुकेश कुमार (26) निवासी वार्ड नंबर-6 सीकर ने 21 अगस्त 2022 को धोद थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसकी बहन संजू देवी (28) की शादी 2008 में कर्मवीर (28) निवासी भुवाला (सीकर) के साथ हुई थी। शादी के बाद संजू देवी ने दो जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। महिला की हत्या के समय बच्चों की उम्र 8 साल थी।

सरकारी वकील गोपाल सिंह बिजारणियां ने बताया- आरोपी कर्मवीर शादी के 3-4 महीने बाद ही पत्नी से मारपीट करने लग गया था, वह पीहर से पैसे लाने की डिमांड करता था। विवाद बढ़ने पर संजू 1 साल तक अपने पीहर में ही रही थी। इसके बाद रिश्तेदारों के समझाने के बाद संजू को वापस ससुराल भेज दिया था। 7 अगस्त शाम को 7 बजे पति कर्मवीर ने नशे में संजू देवी के साथ मारपीट की।

# मनचाहे आशिक से नाता विवाह करने के लिए बेटे की बलि

## बेरहम मां ने पीहर में कर दिया कांड



बांसवाड़ा, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। मां और बेटे का रिश्ता समाज में सबसे पवित्र और सुरक्षित रिश्तों में से एक माना जाता है। जब कभी ऐसे रिश्तों को कलंकित करने के मामले सामने आते हैं तो हर कोई हैरान जाता है। सोचिए क्या कोई मां अपने जिगर के टुकड़े की जान ले सकती है। आप कहेंगे हरगिज नहीं लेकिन कभी कभार ऐसे खौफनाक अपराध सामने आते हैं जब मां अपने ही हाथों अपने जिगर के टुकड़े की दुश्मन बन जाती है। बांसवाड़ा में एक ताजा मामला सामने आया जिसमें एक मां ने अपने 21 महीने के बच्चे का नाक और मुंह दबाकर हत्या कर दी। मासूम बेटा तड़पता रहा लेकिन मां का कलेजा पत्थर बन चुका था। जहन में सनसनी लाने वाली यह घटना सुनकर हर कोई स्तब्ध है। यह घटना बांसवाड़ा जिले के आबापुरा थाना क्षेत्र की है। बांसवाड़ा एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि 23 वर्षीय आशा कुमारी उर्फ आशा पारगी ने अपने 21 महीने के बच्चे को मुंह, नाक और गला दबा कर मार डाला। हत्या के वक्त वह अपने पीहर में थी। पिता, माता और परिवार के अन्य सदस्य गुरुवार रात को किसी समारोह में गए हुए थे। घर पर आशा कुमारी और उसका मासूम बेटा आयुष ही थे। देर रात को आशा ने आयुष की हत्या कर दी और फिर घर से भाग गई। देर रात को जब आशा के माता पिता घर लौटे तो आशा गायब थी और नाती आयुष मृत पड़ा हुआ था।

# आर्मी जवान की पत्नी-सास को तांत्रिक ने वश में किया

## गहने-कैश के साथ महिला को लेकर भागा, धमकाया- तेरा घर बर्बाद कर दूंगा

जयपुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर में आर्मी के एक जवान की पत्नी और सास को कथित तांत्रिक के वश में करने का मामला सामने आया है। लाखों रुपए के गहने-कैश के साथ महिला को लेकर कथित तांत्रिक फरार हो गया। आर्मी जवान को धमकाया- मैं तांत्रिक विद्या जानता हूं, तेरा घर बर्बाद कर दूंगा। तुझे मैं छोड़ूंगा नहीं, तू जो चाहे कर लेना। करधनी थाने में पीड़ित आर्मी जवान ने एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया- झोटवाड़ा में रहने वाले आर्मी जवान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पत्नी के नाम पर मकान को बेचने के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी कथित तांत्रिक से हुई थी। अपनी पोस्टिंग ड्यूटी पर जाने के बाद आरोपी कथित तांत्रिक के कॉन्टैक्ट में उसकी पत्नी व सास आ गई। बातचीत के दौरान आरोपी ने बताया- वह खेतों में सोना-चांदी निकालने का काम करता है। आप चाहो तो मैं आपके खेत में भी सोना-चांदी निकाल दूंगा। खेत से सोना-चांदी निकालने का लालच देकर पत्नी और सास को अपनी बातों में फांस लिया। अमीर बनाने का लालच देकर मिलना-जुलना शुरू कर दिया। आरोप है कि तांत्रिक विद्या में माहिर आरोपी ने पत्नी और सास को वश में कर लिया। जिसके कारण दोनों उसकी हर बात मानने लगी। उसका हर बात में सपोर्ट करने लगी। बहुत पैसा वाली बताने का लालच देकर पत्नी के नाम खरीदी कार को भी खुद के नाम करवा ली। बैंक में पत्नी के नाम करवाई 10 लाख की एफडी भी तुड़वाकर रुपए ले लिए। आरोप है कि कथित तांत्रिक ने अपनी विद्या से पत्नी व सास को पूरी तरह अपने काबू में कर लिया। उसकी हर बात मानने के साथ ही घर पर ही रहने लगा। इस बारे में पता चलने पर कथित तांत्रिक को भगाने के लिए रिश्तेदारों को बुलाया। रिश्तेदारों के साथ घर पहुंचने पर आरोपी कथित तांत्रिक ने खुद को हिस्ट्रीशीटर बताया।

# केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने सीएम को रबर स्टाम्प बताया

## एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के सचिवालय में बैठक करने पर उठाए सवाल

हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने आज सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी राज्य में रबर स्टाम्प सीएम बन गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन राज्य सचिवालय में बैठकर मंत्रियों की समिति के साथ समीक्षा कर सकती हैं? उन्होंने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष का यह कहना शर्मनाक है कि राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार पर अंतिम निर्णय एआईसीसी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'राज्य मंत्रिमंडल में किसे होना चाहिए और किसे नहीं? यह मुख्यमंत्री का विवेक है कि वह जिसे चाहें उसे राज्य मंत्रिमंडल में जगह दें। लेकिन यह घोषणा करने के बारे में क्या कि एआईसीसी इस मुद्दे पर निर्णय लेगी? राज्य सचिवालय में समीक्षा करने वाले कांग्रेस नेता के बारे में क्या? इससे ज्यादा और क्या सबूत चाहिए कि तेलंगाना में शासन भ्रष्ट हो गया है।' भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर, बंदी संजय ने पहले अपने आवास पर और बाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ करीमनगर में जिला पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर बंदी संजय ने पार्टी जिला अध्यक्ष गंगादी कृष्ण रेड्डी, पूर्व जिला अध्यक्ष बासा सत्यनारायण, पूर्व मेयर सुनील राव, संसद संयोजक बोइनिपल्ली प्रवीण राव और अन्य के साथ मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के शासन में, भारत आर्थिक प्रगति में आश्चर्यजनक परिणाम दिखा रहा है और कहा कि देश विकास और कल्याण क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं को तेलंगाना में पूरी तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि यह पीएम मोदी का चावल है, जो राज्य सहित देश भर में राशन की दुकानों पर लोगों को दिया जा रहा है। "यह मोदी की सरकार है जो 37 रुपये प्रति किलो खर्च कर रही है। राज्य सरकार चावल के लिए केवल 10 रुपये का भुगतान कर रही है। फिर राशन की दुकानों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर क्यों नहीं लगाई गई?



क्या कहीं भी 10 रुपये प्रति किलो में बढ़िया गुणवत्ता वाला चावल खरीदा जा सकता है? अच्छा होगा यदि मंत्री और कांग्रेस नेता इसके बारे में जानें और बोलें। भाजपा कार्यकर्ताओं को गांवों में वापस जाना चाहिए और लोगों को राशन के चावल के बारे में तथ्य समझाना चाहिए। धान की खरीद से लेकर चावल तक, केंद्र एक-एक पैसा दे रहा है। गांवों में खर्च किए जा रहे सभी विकास निधियों का भुगतान कौन कर रहा है, "उन्होंने पूछा। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में कांग्रेस का शासन भ्रष्ट हो गया है और कहा कि 6 गारंटियां अपना रास्ता खो चुकी हैं। हैदराबाद स्थानीय निकाय एमएलसी चुनावों पर टिप्पणी करते हुए, संजय ने दावा किया कि कांग्रेस और बीआरएस पार्टियां एमएलसी चुनावों में एमआईएम पार्टी के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करना चाहती थीं उन्होंने कहा, ₹देश विरोधी पार्टी मजलिस है और देशभक्त पार्टी भाजपा है। हैदराबाद एमएलसी चुनाव देश विरोधी पार्टी और देशभक्त पार्टी के बीच का चुनाव है। हैदराबाद के पार्षदों और मतदाताओं को सोचना चाहिए कि वे किसके पक्ष में खड़े होंगे और किसके लिए वोट करेंगे? मुझे पूरा भरोसा है कि भाजपा उम्मीदवार गौतम राव, जो पार्टी की विचारधारा के लिए काम करते हैं, चुनाव जीतेंगे।₹ उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और बीआरएस ने हमेशा भाजपा को हराने के लिए सहयोग किया है और कहा कि दोनों दलों ने चेन्नई में परिसीमन बैठक में भाग लिया, जबकि दोनों दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सर्वसम्मति से मतदान किया।

# टीपीसीसी प्रमुख ने बंडी संजय को दिया करारा जवाब



हैदराबाद, 6 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़ ने आज केंद्रीय मंत्री और सांसद बंडी संजय कुमार को सत्तारूढ़ पार्टी और राज्य सरकार के खिलाफ उनकी टिप्पणियों पर करारा जवाब दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बंडी संजय उनके खिलाफ अपनी बेबुनियाद टिप्पणियां जारी रखते हैं तो वे चुप नहीं बैठेंगे।एक बयान में, उन्होंने संजय से पूछा कि क्या उनमें प्रधानमंत्री को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में पिछड़े वर्गों के लिए 42% आरक्षण को वैधानिकता प्रदान करने के लिए मनाने का साहस है? "दिल्ली के बुजुर्गों से डरने वाले तेलंगाना भाजपा नेताओं ने पिछड़े वर्गों के धरने पर अपना चेहरा नहीं दिखाया। क्या आप अपने दिल्ली पार्टी के बुजुर्गों के साथ की गई गुलामी को भूल गए हैं, बंडी संजय का राज्य अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय मंत्री के जूते उठाने का इतिहास रहा है।

चुप रहने का कोई मतलब नहीं है।स्थानीय निकाय एमएलसी चुनावों में भी भाजपा और बीआरएस पार्टियों के बीच घालमेल है। गुप्त मित्र बीआरएस में अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है, "उन्होंने मजाक उड़ाया। उन्होंने यह भी मजाक उड़ाया कि संजय पीएम मोदी और अमित शाह की अनुमति के बिना टिफिन भी नहीं खाते। बंदी संजय के इस रवैये से उनकी अपनी पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हैं। बंडी संजय को यह पता है कि उन्हें अध्यक्ष पद नहीं मिलेगा, इसलिए वे नाराज हो रहे हैं। बंडी संजय यह भूलकर अपनी पहचान की बात कर रहे हैं कि वे केंद्रीय मंत्री हैं। बंदी संजय भाजपा में अपने अस्तित्व की बात कर रहे हैं। यह अजीब है कि बंदी संजय को तेलंगाना में कांग्रेस सरकार का विकास नहीं दिख रहा है। लंबे समय से भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त नहीं कर पाने वाली भाजपा को कांग्रेस आलाकमान के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है।

# आसिफाबाद के छात्रों ने 38वें नेटबॉल राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



कुमरमभीम आसिफाबाद, 6 अप्रैल ( स्वतंत्र वार्ता)। उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में जिले के दो छात्रों ने नेटबॉल के सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय खिताब जीता। कोमुरम जिले की छात्रा दीप्ति एम. कीर्तना ने रजत और कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। नेटबॉल जिला अध्यक्ष अली बिन अहमद ने कहा कि जिले में नेटबॉल पिछले छह वर्षों से विकसित हो रहा है और जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। आने वाले समय में हम विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर खेल कोटे में सर्टिफिकेट प्राप्त करना और नौकरी पाना संभव बनाएंगे। राज्य नेटबॉल अध्यक्ष बी. विक्रम आदित्य रेड्डी, सचिव सिरीशा रानी और जिला सचिव बी. तिरुपति ने उन्हें बधाई दी।

## साले ने की जीजा की हत्या

